# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 9 मार्च 2025 रविवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 286 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1822 :** चार्ल्स एग ग्राहम ने पहली बार नकली दांतो का पेटेंट कराया।

**1860 :** जापान ने पहली बार अमेरिका में अपना राजदूत नियुक्त किया।

**1860 :** जापान ने पहली बार अमेरिका में अपना राजदूत नियुक्त किया।

**1861 :** 50, 100 और 1000 डॉलर की मुद्रा को शामिल किया गया।

**1916 :** जर्मनी ने पुर्तगाल के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

**1994 :** प्रसिद्ध भारतीय अभिनेत्री देविका रानी का निधन।

# समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर कोई करे चिंतन-मनन : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आदिवासी प्रकृति के पूजक हैं और इसी के सान्निध्य में रहकर गुजर-बसर करते हैं। आदिवासी के साथ-साथ दूसरे समाज और समुदाय को भी जल, जंगल व जमीन को सुरक्षित और संरक्षित करने के बारे में चिंतन करना चाहिए। वे शनिवार को कदमा संताल जाहेरथान में आयोजित बाहा बोंगा पर्व पर उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज अपने-अपने गांव में प्रकृति की उपासना का महापर्व बाहा मना रहा है। इसके जरिये समाज के लोग वन-पर्यावरण और देवी-देवताओं के प्रति आभार जता रहे हैं। आभार जताने के लिए ही सामूहिक रूप से जाहेरथान में पूजा-अर्चना कर देवी-देवताओं को नमन करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आदिवासी समाज की स्वशासन व्यवस्था सदियों से चली आ रही है। वे आदिकाल से इस धरती पर निवास कर रहे हैं। इस समाज को अपनी संस्कृति, स्वशासन व्यवस्था और सांस्कृतिक धरोहर पर गर्व करना चाहिए। आदिवासी समाज एक सुरक्षित सामाजिक व्यवस्था में रहता आ रहा है। इसलिए यह समाज काफी समृद्ध और संतुष्ट रहा है। आज भले ही लोग मंगल ग्रह पर जाकर लौट आये हों, लेकिन आदिवासियों के बड़े-बुजुर्गों के पास जितनी जानकारी है, उतना किसी और के पास नहीं है। उन्होंने आदिवासी समाज से आह्वान किया कि वे अपने पर्व-त्योहार को हर्षोल्लास के साथ परंपरागत तरीके से मनायें और अपनी सामाजिक तथा सांस्कृतिक एकता को बनाये रखें। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज के लोग हर क्षेत्र में आगे बढ़ें, इसके लिए समाज के परगना बाबा, पारानिक बाबा, माझी बाबा, नायके बाबा, गोडेत बाबा, शिक्षाविद् और बुद्धिजीवी चिंतन-मनन करें और अच्छी चीजों को सामने लायें। आदिवासी समाज के युवा पढ़-लिखकर बड़े पदों पर पहुंचें, इसके लिए सबको मिलकर सोचना चाहिए। इससे पहले समारोह के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने ओल चिकी के जनक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद जाहेरथान में मरांगबुरू, जाहेरआयो, लिटा-मोणें और तुरुईको के चरणों में नतमस्तक होकर आशीर्वाद लिया। देवी-देवताओं के आशीष के रूप में नायके बाबा के हाथों सखुआ अर्थात सरजोम बाहा ग्रहण किया। मुख्यमंत्री ने सरजोम बाहा को अपने कानों पर लगाया और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने जुड़े में सजाया। मौके पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा माझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# एनटीपीसी के डीजीएम की गोली मारकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हजारीबाग।** हजारीबाग के कटकमदाग थाना क्षेत्र के फतह में एनटीपीसी के डीजीएम रैंक के पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। अधिकारी का नाम कुमार गौरव है जो डीजीएम डिसपैस केरेडारी में अपनी सेवा दे रहा थे। घटना के बाद उन्हें हजारीबाग के निजी अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया है। घटना के बाद एनटीपीसी के सभी वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वहीं अस्पताल में जिले के पदाधिकारी मौजूद हैं। मामले को लेकर जांच तेज कर दी गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि कुमार गौरव हजारीबाग की ओर आ रहे थे तभी दो मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। उस वक्त वह स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार थे। गाड़ी में ड्राइवर और एक और कर्मी साथ में था। कुमार गौरव पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। गोली सीधे कुमार गौरव को लगी और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। उनकी गाड़ी से उन्हें अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। यह घटना आग की तरह पूरे हजारीबाग में फैल गई। एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी अस्पताल पहुंचे और उन्होंने पूरी घटना की जानकारी ली। वहीं जिले के एसपी अरविंद कुमार सिंह अस्पताल में जानकारी प्राप्त कर घटनास्थल की ओर रवाना हो गए। अस्पताल परिसर में जिले भर के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। उनका शव पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैयब ने कहा कि घटना कैसे हुई है यह जांच का विषय है। मूल रूप से कुमार गौरव नालंदा के किंगर सराय के रहने वाले थे। घटना के बाद मृतक की मां और धर्मपत्नी भी अस्पताल पहुंची। जहां उनका रो-रो कर बुरा हाल था। एनटीपीसी के पदाधिकारी उन्हें ढांढस बढ़ाने का काम भी इस दौरान कर रहे थे। बता दें कि एनटीपीसी और उसके सहयोगी कंपनी के ऊपर इसके पहले भी कई बार हमला हो चुका है। अब तक कोल परियोजना से जुड़े हुए तीन पदाधिकारी की हत्या हो चुकी है। जिसमें त्रिवेणी सैनिक के गोपाल सिंह, ऋतिक के शरद बाबू और अब एनटीपीसी के वरीय पदाधिकारी डीजीएम केरेडारी के कुमार गौरव हैं। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अपराधियों की धड़ पकड़ के लिए गश्ती तेज कर दी गई है। अपराधी घटना को अंजाम देखकर फरार हो गए हैं। फतह एक ऐसा क्षेत्र है जहां अपराधियों ने पहले भी घटनाओं का अंजाम दिया है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम नहीं होना और टीओपी नहीं बनना भी एक बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है। इस घटना के बाद एनटीपीसी के पदाधिकारियों में काफी आक्रोश भी देखने को मिल रहा है। परियोजना में लगे पदाधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर अपनी सेवा कैसे दें।

# पीवीयूएनएल में मनाया गया महिला दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** पीवीयूएनएल टाउनशिप में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध वक्ता डॉ. समिधा पांडे ने ''डिस्कवर द रियल यू'' विषय पर एक प्रेरणादायक सत्र लिया, जिसमें महिलाओं को अपनी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद जीएम (ओ एंड एम) देवदीप बोस, जीएम (पी) अनुपम मुखर्जी और जीएम (एफएम) मनीष खेत्रपाल ने महिला दिवस के महत्व और हमारे जीवन में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। इसके बाद केक काटने का समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। इसके पश्चात सी एंड एम विभाग की प्रमुख संगीता दाश और स्वराखा महिला समिति की अध्यक्ष ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने महिलाओं की उपलब्धियों और समाज में उनके योगदान को सराहा। इस कार्यक्रम में पीवीयूएनएल की महिला कर्मचारी, सीआईएसएफ की महिला कार्मिक और लेडीज क्लब की सदस्य उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में स्वराखा महिला समिति की अध्यक्ष रीता सिंह ने प्लांट की महिला श्रमिकों के बीच पानी की बोतलों का वितरण किया और उनके साथ बातचीत की। इस आयोजन ने महिला सशक्तिकरण के प्रति पीवीयूएनएल के प्रतिबद्धता को दर्शाया और सभी महिलाओं को अपने आत्मबल और क्षमताओं को पहचानने के लिए प्रेरित किया।

# महिला रेलकर्मियों ने चलाई विशेष ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। इस मौके पर रांची रेल मंडल के द्वारा महिलाओं के सम्मान में एक विशेष ट्रेन चलाई गई। जिसकी जिम्मेदारी महिला रेल कर्मियों के ऊपर रही। रांची से लोहरदगा के लिए खुली इस ट्रेन के परिचालन का जिम्मा महिला रेलकर्मियों ने संभाल रखी थी। रांची जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक से खुली इस ट्रेन में ड्राइवर से लेकर सुरक्षा तक की जिम्मेदारी महिलाओं ने संभाल रखी थी। महिला दिवस के मौके पर इस विशेष ट्रेन को सीनियर डीईओएम श्रेया सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर महिला रेलकर्मी को महिला दिवस की बधाई देते हुए रेल अधिकारियों ने गुलाब फूल भेंट किया।

# महिलाओं को समान अवसर देने की जरूरत : मंत्री दीपिका पांडे सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का आयोजन कर महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह और वरिष्ठ पत्रकार अनूज सिन्हा उपस्थित थे। रांची प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में महिला पत्रकारों को मंत्री दीपिका पांडे सिंह द्वारा महिला पत्रकारों को मोमेंटो और शॉल पहना कर सम्मानित किया। संचालन प्रेस क्लब के महासचिव अमरकंात ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह पांडे ने कहा कि महिलाओं के विकास के लिए समान अवसर देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पूर्व के समय में पत्रकारिता के क्षेत्र में सिर्फ पुरूष ही रहते थे लेकिन अब समय बदल गया है। अब इस क्षेत्र में महिलाएं भी आगे आ रही है। यह पत्रकारिता के लिए बहुत अच्छी बात है। अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि पत्रकारिता चुनौतीपूर्ण कार्य है और इस कार्य में महिलाओं की बढ़ती संख्या पत्रकारिता के लिए गौरव की बात है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन ने कहा कि क्लब का उद्देश्य है कि पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनका मनोबल को बढ़ाया जा सके।


DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY
Government of India

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

**जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (BET) 2025**

जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT), भारत सरकार द्वारा नोडल एजेंसी, क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद के माध्यम से निम्नलिखित राष्ट्रीय परीक्षा की घोषणा की जाती है:

**जैव प्रौद्योगिकी पात्रता परीक्षा (BET) DBT – जूनियर रिसर्च फेलोशिप (DBT-JRF) प्रदान करने हेतु, ताकि जैव प्रौद्योगिकी और जीवन विज्ञान के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान किया जा सके।.**

क्षेत्रीय जैव प्रौद्योगिकी केंद्र (RCB), फरीदाबाद, भारत सरकार के जैव प्रौद्योगिकी विभाग (DBT) की ओर से BET 2025 का आयोजन राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के माध्यम से कर रहा है। NTA को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा एक स्वायत्त, आत्मनिर्भर और स्व-नियंत्रित प्रमुख परीक्षण संगठन के रूप में स्थापित किया गया है।.

| | |
|---|---|
| **ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की तिथि** | 28 फरवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 (शाम 5:00 बजे तक) |
| **आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि** | 28 मार्च 2025 (रात 11:50 बजे तक) |
| **BET 2025 की तिथि और समय** | 13 मई 2025 (मंगलवार) सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक |
| **परीक्षा का माध्यम** | कंप्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा |
| **प्रश्न पत्र का प्रारूप** | बहुविकल्पीय प्रश्न |
| **परीक्षा शुल्क** | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग (SC/ST/PwD) - ₹ 650/-<br>अन्य सभी उम्मीदवारों के लिए - ₹ 1300/- |

परीक्षा की योजना, अवधि, माध्यम, पाठ्यक्रम, पात्रता मानदंड, परीक्षा शहर, महत्वपूर्ण तिथियाँ आदि से संबंधित विवरण सूचना पुस्तिका में उपलब्ध हैं, जिसे निम्नलिखित वेबसाइटों पर देखा जा सकता है: www.nta.ac.in / http://dbtbet2025.ntaonline.in/ / www.rcb.res.in

परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **BET 2025** के लिए विस्तृत सूचना पुस्तिका ध्यानपूर्वक पढ़ें और केवल ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित वेबसाइटों करें: www.nta.ac.in / http://dbtbet2025.ntaonline.in/
परीक्षा शुल्क का भुगतान भी ऊपर उल्लिखित तिथि तक केवल नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/यूपीआई/वॉलेट के माध्यम से ऑनलाइन किया जा सकता है।
उम्मीदवारों को समय-समय पर अद्यतन जानकारी के लिए उपरोक्त वेबसाइटों पर विजिट करने की सलाह दी जाती है। कृपया किसी भी सहायता के लिए dbt@nta.ac.in पर ईमेल करें या **011-40759000** पर कॉल करें।

**निदेशक (परीक्षा)**

CBC 21354/12/0009/2425





# कानूनी पेंच में फंस सकते हैं मुकेश सहनी और तेजस्वी यादव ! नाव को लेकर विवाद



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के संरक्षक मुकेश सहनी के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज किए जाने के खिलाफ क्रिमिनल रिवीजन वाद की सुनवाई 22 मार्च को होगी. यह मामला भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है.

## क्या है मामला?:

भारतीय सार्थक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर कुमार ओझा ने 18 अप्रैल 2024 को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) कोर्ट में परिवाद दायर किया था. इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि वीआईपी पार्टी के नेता मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने भारतीय सार्थक पार्टी के चुनाव चिह्न नाव का गलत तरीके से उपयोग किया.

**महागठबंधन के प्रचार में इस्तेमाल किया नाव:** परिवाद के अनुसार, मुकेश सहनी और संतोष सहनी ने इस चुनाव चिह्न को वापस देने का दबाव बनाया और इनकार करने पर इसे महागठबंधन (इंडिया) के प्रचार में इस्तेमाल किया. आरोप है कि तेजस्वी यादव ने भी इस कथित फर्जीवाड़े में सहयोग किया और नाव चिह्न को महागठबंधन के प्रचार-प्रसार में उपयोग किया.

## पहले खारिज हुआ था मामला

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट ने इस परिवाद को खारिज कर दिया था. इसके बाद सुधीर कुमार ओझा ने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में क्रिमिनल रिवीजन वाद दायर किया, जिसे सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया गया है.

## 22 मार्च को सुनवाई

अब 22 मार्च को इस मामले में अगली सुनवाई होगी. यह देखना दिलचस्प होगा कि अदालत इस मामले में क्या फैसला देती है और क्या तेजस्वी यादव व मुकेश सहनी को किसी कानूनी पेंच का सामना करना पड़ सकता है.

**बिहार की राजनीति में हलचल:** इस मामले से बिहार की सियासत में हलचल मच गई है. लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी महागठबंधन के प्रमुख चेहरे तेजस्वी यादव पर लगे इस आरोप से राजनीति गरमा सकती है. वहीं, वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी, जो खुद को निषाद समुदाय का बड़ा नेता बताते हैं, उनके लिए भी यह मामला मुश्किलें खड़ी कर सकता है.अगली सुनवाई में क्या होगा, इस पर सबकी नजरें टिकी रहेंगी.



# पटना में सड़क हादस में गर्भवती सिपाही की दर्दनाक मौत

## भाई के साथ स्कूटी से जा रही ड्यूटी

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में सड़क हादसा कम नहीं हो रहा है. शुक्रवार को एक गर्भवती महिला सिपाही की रोड एक्सीडेंट में दर्दनाक मौत हो गई. महिला सिपाही अपने भाई के साथ स्कूटी से जा रही थी. इसी दौरान कार ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी. महिला सिपाही डायल 112 के कंट्रोल रूम में पदस्थापित थी. पुलिस ने टक्कर मारने वाली कार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है.

**पटना में गर्भवती सिपाही की मौत:** दरअसल, सुबह के करीब 11 बजे के करीब सचिवालय थाना अंतर्गत आईपीएस मोड के पास एक स्कूटी और चार पहिया वाहन में जोरदार टक्कर हो गयी. टक्कर लगने के कारण स्कूटी सवार भाई बहन जख्मी हो गए. लोगों ने फौरन घायल भाई-बहन को इलाज के पीएमसीएच भेजा. जहां इलाज के दौरान घायल महिला सिपाही की मौत हो गई.

**भाई से साथ स्कूटी से जा रही थी ड्यूटी:** बताया जाता है कि महिला डायल 112 के कंट्रोल रूम में तैनात सिपाही के पद पर है. जिसकी पहचान अलका अनुपम के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि सिपाही अपने भाई के साथ घर से ड्यूटी जा रही थी. उसी दरमियान आईपीएस मोड के पास एक गलत दिशा से तेज रफ्तार से जा रहे चारपहिया वाहन और स्कूटी में जोरदार टक्कर हुई. जिसके बाद वह गंभीर रूप से घायल हो गई.

**7 महीने की गर्भवती थी महिला सिपाही:** मृतक महिला आठ महीने की गर्भवती थी. टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर ही तड़पने लगी. जिसके बाद मौके पर कुछ महिलाओं ने महिला सिपाही की मदद करने की पूरी कोशिश की. इसके बाद उसे इलाज के लिए तुरंत पीएमसीएच भेजा गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई है.

## इंस्टाग्राम पर कुत्ते की पूंछ काटते बनाया वीडियो :कटिहार में पेटा की शिकायत

**कटिहार, एजेंसी।** कटिहार में सोशल मीडिया पर फेमस होने की चाह में एक युवक ने पशु क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। घटना प्राणपुर थाना क्षेत्र की है। जहां एक युवक ने एक कुत्ते की पूंछ काट दी और इस क्रूर कृत्य का वीडियो बनाकर इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। वीडियो में दिख रहा है कि युवक एक संथाली गाने पर कुत्ते की पूंछ काट रहा है। यह वीडियो वायरल होते ही पशु अधिकार संगठन पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ़ एनिमल (पेटा) ने कटिहार के एसपी को मेल के जरिए शिकायत की। पेटा ने वीडियो की कॉपी भी एसपी को भेजी और कार्रवाई की मांग की। कटिहार के एसपी वैभव शर्मा ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि वीडियो में दिख रहे युवक की पहचान कर ली गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### संपत्ति कर के 66 हजार से अधिक बकाएदारों की सूची जारी, नोटिस के साथ क्यूआर कोड दिया गया



**पटना, एजेंसी।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर जमा करने को लेकर विशेष अभियान शुरू कर दिया है। अंचलवार सभी 66,535 बकायेदारों की सूची जारी कर दी गई है। इन बकाएदारों से 28,6878075 राशि की वसूली होनी है। निगम प्रशासन ने ऐसे बकाएदारों को डिमांड नोटिस बिल दे रहा है। इस डिमांड बिल पर क्यूआर कोड भी दिया गया है, ताकि क्यूआर कोड को स्कैन करके बकाए राशि का भुगतान किया जा सके। इसकी जिम्मेदारी सभी अंचलों में सफाई पर्यवेक्षकों को दी गई है। इसके माध्यम से संपत्ति धारक घर बैठे बिल पर लगे क्यूआर कोड स्कैन कर शुल्क का भुगतान कर सकते हैं। मार्च में सभी रविवार एवं सामान्य अवकाश के दिन भी टैक्स काउंटर खुले रहेंगे। नगर निगम द्वारा वाट्सएप चैटबोट 9264447449 के माध्यम से आमजन संपत्ति कर का भुगतान कर सकते हैं। नगर निगम के वाट्सएप चैटबोट पर संपत्ति करके भुगतान एवं स्वंम निर्धारण (सेल्फ एसेसमेंट) इसकी सुविधा 24×7 दी जा रही है। नगर निगम वासियों को इस वाट्सएप चैटबोट पर भुगतान करने पर किसी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं देना है। पेमेंट करने के तुरंत बाद ही रसीद भी मिलेगी।

### इलाज के लिए आई महिला को गोली मारी, गंभीर

#### परिजन बोले-पहले के विवाद में किया गया हमला, जांच में जुटी पुलिस

**सीवान, एजेंसी।** सिवान में जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के जानकी नगर में एक महिला पर अज्ञात अपराधियों ने गोली चला दी। घटना में घायल महिला की पहचान मुस्तफाबाद, गोरेयाकोठी की रहने वाली नसीमा खातून के रूप में हुई है। बताया गया कि नसीमा अपना इलाज कराने के लिए मुस्तफाबाद से सिवान आई थी। जानकी नगर स्थित जोगी बाबा मोड़ के पास अज्ञात अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल महिला को सिवान सदर अस्पताल में भर्ती कराया। सतवार पंचायत की मुखिया मीना देवी के पति सुरेंद्र प्रसाद ने अपनी निजी गाड़ी से महिला को अस्पताल पहुंचाया। जीबी नगर तरवारा के थानाध्यक्ष रितेश मंडल ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। पीड़िता और उनके परिजनों से पूर्व विवाद के बारे में पूछताछ की जा रही है। परिजनों का कहना है कि पुराने विवाद में यह हमला हुआ है। फिलहाल किसी पर नामजद आरोप नहीं लगाया गया है। पुलिस ने कहा कि आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# पटना में भीषण सड़क हादसा, घायलों के मददगार बने पप्पू यादव, निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**पटना, एजेंसी।** शुक्रवार की रात पटना में सड़क हादसा हुआ है. राजधानी के जगदेव पथ स्थित पिलर नंबर-9 के पास बिहार सरकार लिखी सफारी गाड़ी ने ऑटो और बाइक में जोरदार टक्कर मार दी. इस हादसे में 5 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए. वहीं, एक निजी शादी समारोह लौट रहे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने घायलों को देखा तो गाड़ी रोक दी और मदद के लिए हाथ बढ़ाया.

## पप्पू बने घायलों के मददगार

पप्पू यादव ने खुद आगे बढ़कर ऑटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला. फिर अपने समर्थकों के साथ मिलकर सभी को निजी वाहन में डाला और उन घायलों का आईजीआईएमएस अस्पताल में भर्ती कराया. हालांकि इस घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि दो लोग घायल हुए हैं. दोनों का फिलहाल इलाज चल रहा है.

## घायलों को गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

पप्पू ने खुद अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकों से बातचीत कर घायलों के समुचित इलाज सुनिश्चित कराने की कोशिश की. हालांकि इलाज में देरी और व्यवस्था को लेकर वह नाराज भी दिखे. फिलहला दोनों घायलों का इलाज चल रहा है. डॉक्टरों के मुताबिक दोनों की हालत खतरे से बाहर है.



## शादी समारोह से लौट रहे थे पप्पू

बताया जाता है कि पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एक शादी समारोह से लौट रहे थे, तभी कुछ लोग मोबाइल से एक्सीडेंट का वीडियो बना रहे थे, लोगों की भीड़ को देखकर पप्पू ने अपनी गाड़ी रोकी और घायलों की मदद की. वहीं, पप्पू ने आरोप लगाया कि जिस गाड़ी ने टक्कर मारी है, उसके ड्राइवर ने शराब पी रखी थी.

## हादसे में दंपती समेत 3 की मौत

इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है. मरने वालों में दपती भी शामिल हैं. मृतक की पहचान एम्स नवादा निवासी 50 वर्षीय अशोक कुमार और उनकी 45 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी के रूप में हुई है. ये दोनों अपनी हार्डवेयर दुकान ले लौट रहे थे, तभी सफारी गाड़ी ने ऑटो और उनकी बाइक में टक्कर मार दी.

# बीपीएससी 70वीं परीक्षा मामला: 18 मार्च तक टली सुनवाई




**पटना, एजेंसी।** पटना हाईकोर्ट में 70वीं बीपीएससी सिविल प्रारंभिक परीक्षा पुनः कराये जाने की याचिकायों पर सुनवाई 18 मार्च 2025 तक टल गई है. पप्पू कुमार व अन्य की याचिकाओं पर एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ इस संबंध में दायर जनहित याचिका सहित सभी याचिकायों पर सुनवाई की. इससे पहले जस्टिस एएस चंदेल इन मामलों पर सुनवाई कर रहे थे. लेकिन इससे सभी सम्बन्धित मामलों की सुनवाई एक्टिंग चीफ जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ द्वारा की जाएगी.

**हलफनामा दायर करने का हुआ था आदेश :** इससे पूर्व जस्टिस अरविन्द कुमार चंदेल ने इन मामलों पर सुनवाई करते हुए राज्य व बीपीएससी को 30 जनवरी 2025 तक हलफनामा दायर कर स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया था. कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि आयोग द्वारा लिए गये परीक्षा का परिणाम इस याचिका के अंतिम निर्णय पर निर्भर होगा.

**बीपीएससी पर लगाया गया आरोप :** वरीय अधिवक्ता वाईवी गिरी ने कोर्ट को बताया था कि इस परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई, लेकिन बीपीएससी न तो इन मामलों की जांच करा रही है, न ही पुनः परीक्षा लेने को तैयार है. उन्होंने बताया था कि चार लाख उम्मीदवारों की प्रारंभिक परीक्षा 912 केन्द्रों पर 13 दिसंबर 2024 को हुआ. बहुत सारे परीक्षा केंद्रो पर प्रश्नपत्र परीक्षा जारी रहने के दौरान ही लीक होने का आरोप लगाया गया लेकिन 4 जनवरी 2025 को बापू सभागार केंद्र, पटना में ही आयोग ने पुनः परीक्षा कराया. इस परीक्षा में शामिल होने वाले सभी उम्मीदवारों को 6 अंक दिये जाने का निर्णय हुआ. इसमें तीन प्रश्न गलत थे, जबकि 2 प्रश्न पिछली परीक्षा से ही था, एक और प्रश्न गलत था. अधिवक्ता गिरी ने बताया कि 4 जनवरी 2025 को ली गयी परीक्षा के उम्मीदवारों को 6 अंकों का लाभ मिलेगा, जबकि अन्य उम्मीदवार इससे वंचित रहेंगे. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता पीके शाही ने बताया था कि इसी मामले में एक जनहित याचिका दायर की गयी है. उन्होंने कहा था कि दोनों याचिकायों पर एक साथ सुनवाई हो. उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र में गड़बड़ी पर आपत्तियां मांगी गयी है. आपत्तियों की जांच करने के बाद प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम घोषित हो जायेगा.

**18 मार्च को अगली सुनवाई :** बीपीएससी की ओर से वरीय अधिवक्ता ललित किशोर ने कोर्ट को बताया था कि किसी ने सही ढंग से बीपीएससी के समक्ष शिकायत दर्ज नहीं कराई. इससे कैसे जांच की जाएगी. कोर्ट को वरीय अधिवक्ता यदुवंश गिरी ने बताया कि बीपीएससी ने सिर्फ प्रारंभिक परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया, बल्कि मुख्य परीक्षा की तारीखें भी निकाल दी है. इस मामले पर अगली सुनवाई 18 मार्च 2025 को की जाएगी.

# अब अमेरिका और कनाडा के लोग भी सुधा के प्रोडक्ट का ले सकेंगे आनंद

# बिहार का अपना सुधा ब्रांड हुआ लोकल से ग्लोबल

**पटना, एजेंसी।** आज बिहार के लिए गौरव का क्षण है. बिहार स्टेट मिल्क को ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड का प्रसिद्ध सुधा ब्रांड अब लोकल से ग्लोबल हो गया है. सुधा का घी, गुलाब जामुन एवं मखाना पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा भेजा गया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हरी झंडी दिखाकर पटना से इस खेप को रवाना किया. अमेरिका और कनाडा का पहला खेत गुजरात के मुंद्रा पोर्ट एवं पश्चिम बंगाल के कोलकाता पोर्ट से समुद्र के रास्ते भेजा जा रहा है.

**48 लाख का पहला विदेशी व्यापार :** पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव सह कॉम्फेट के अध्यक्ष डॉ एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि अभी तक बिहार का सुधा मल्टी का वितरण बिहार, झारखंड के अलावे निकटवर्ती राज्यों उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली एवं पूर्वोत्तर राज्यों तक था.

जो भी सुधा का प्रोडक्ट भेजा गया है, वह अंतरराष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप तैयार किया गया है. पशुपालन एवं मत्स्य संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ एन विजयलक्ष्मी ने कहा कि सुधा घी 1 किलो 5 किलो और 10 किलो के पैक साइज में, सुधा मखाना ढाई सौ ग्राम पैक साइज में



और सुधा का गुलाब जामुन 1 किलो के पैक साइज में अमेरिका और कनाडा भेजा गया है. पहली बार 48 लाख रुपए का सुधा उत्पाद, जिसमें 31.45 लाख का 5700 किलोग्राम घी, 8.30 लाख का 500 किग्रा मखाना एवं 8.25 लाख का 5000 किलोग्राम गुलाब जामुन का खेप रवाना किया जा रहा है.

**उच्च क्वालिटी का प्रोडक्ट :** कॉम्फेड की अध्यक्ष डॉ एन विजयलक्ष्मी ने बताया कि सुधा घी का एक्सपायरी डेट डेढ़ साल तक, गुलाब जामुन का एक्सपायरी डेट 1 साल तक का तैयार किया गया है. इन प्रोडक्टों की पैकिंग अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोडक्ट के हिसाब से तैयार की गई है. उन्होंने कहा कि बिहार के लिए इसीलिए यह गौरव की बात है क्योंकि बिहार का यह अपना ब्रांड पहली बार अंतरराष्ट्रीय मार्केट में जा रहा है, जो अमेरिका और कनाडा के विभिन्न शहरों में वहां के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होंगे.

## मुजफ्फरपुर समेत 6 शहरों में बनेंगे रिंग रोड, 2035 तक 3 घंटे में पटना आ-जा सकेंगे लोग

**पटना, एजेंसी।** बिहार में कुल 6 शहरों में रिंग रोड बनाए जाएंगे। राजधानी पटना के बाद अब राज्य के 5 अन्य शहरों में भी रिंग रोड का निर्माण होगा। प्रदेश सरकार ने पटना के अलावा दरभंगा, गया, बेगूसराय, मुजफ्फरपुर और कटिहार में रिंग रोड बनाने का निर्णय लिया है। इस दिशा में इसी साल आवश्यक कार्यवाही शुरू हो जाएगी। शुक्रवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2025-26 का आय-व्यय पेश करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि साल 2035 तक बिहार के किसी भी कोने से अधिकतम 3 घंटे में पटना आना-जाना संभव हो सकेगा।

# बगहा के पतिलार गांव में होली से पहले लगता है महामूर्खों का मेला



**पश्चिम चंपारण (बगहा), एजेंसी।** रंगों का पर्व होली अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग तरीके से मनाने की परम्परा है. बगहा के पतिलार गांव में होली की पूर्व संध्या पर पढ़े लिखे लोगों में से महामूर्ख का चयन किया जाता है. उसे महामूर्ख की उपाधि देने के उपरांत हर्षोल्लास के साथ रंग की खुशियों में लोग सराबोर होते हैं. प्रत्येक वर्ष होली की पूर्व संध्या पर पंचायत के मुखिया द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन होता है. उसके बाद होली मनाई जाती है.

**पतिलार गांव का महामूर्ख सम्मेलन :** प्रेम, आनंद, मस्ती और ठिठोली का त्योहार होली शीत ऋतु की विदाई और ग्रीष्म ऋतु के आगमन का सांकेतिक पर्व है. राग-रंग और अल्हड़पन का झरोखा बिखेरने वाले इस पर्व को अपने अंदाज में मनाने की परम्परा पश्चिम चंपारण के पतिलार गांव में भी मशहूर है. जिसे महामूर्ख होली की संज्ञा दी जाती है. दरअसल यहां होली का शुभारंभ इलाके के महामूर्ख का चयन करने के उपरांत मनाई जाती है.

**45 वर्ष पहले हुई शुरुआत :** पतिलार गांव के देवीदत्त मालवीय बताते हैं कि इस परम्परा की शुरुआत आज से 45 वर्ष पहले हुई. उस समय गांव के कुछ कवि इलाके के विद्वान लोगों के बारे में मजाकिया कविताएं लिख कर चौक चौराहों पर चिपकाते थे. होली की सुबह ग्रामीण इन व्यंग्यात्मक कविताओं को पढ़ कर खूब आनन्द लेते थे. आयोजन समिति के सदस्य देवीदत्त मालवीय ने बताया कि इसमें बदलाव लाते हुए ग्रामीणों ने एक स्थान का चयन किया और वहां कवि और साहित्यकारों का जुटान होने लगा. उस जगह पर बैठकर लोग व्यंग्यात्मक कविताएं एक दूसरे को सुनाने लगे. आगे चलकर इसे एक सार्वजनिक मंच दिया गया और अब प्रत्येक होली की पूर्व संध्या पर महामूर्ख होली सम्मेलन का आयोजन किया जाता है.

**लोगों को रहता था व्यंग्य का इंतजार :** आयोजन के सदस्य मिथिलेश उपाध्याय बताते हैं कि, मूर्ख तो पहले से मूर्ख कहलाता है लेकिन विद्वान को महामूर्ख की उपाधि देना एक अलग बात है. पहले गांव के कवियों द्वारा बाजार के मुख्य गेट पर इलाके के प्रसिद्ध और पढ़े लिखे लोगों पर व्यंग्यात्मक कविताएं चिपकाई जाती थी. जिसे पढ़कर लोग रस लेते थे. लोगों को इसका इंतजार रहता था कि इस बार होली पर किसके बारे में क्या मजाक लिखा हुआ है. बाद में इस पतिलार पंचायत के साहित्यकार और कवि एक दवा की दुकान में जमा होकर कविताएं सुनने सुनाने लगे.

# शराब तस्करी मामले में आरोपी को 6 साल की जेलकोर्ट ने 1 लाख जुर्माना भी लगाय




**अररिया, एजेंसी।** अररिया के एडीजे सह एक्साइज-01 कोर्ट के स्पेशल जज राजीव रंजन सिंह ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। नरपतगंज के पलासी वार्ड 2 निवासी सिकंदर कुमार बहरदार को 6 साल की सजा सुनाई गई है। आरोपी को एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर 6 महीने की अतिरिक्त जेल की सजा होगी। यह सजा उत्पाद केस 3494/2023 और नरपतगंज थाना कांड संख्या 585/2023 में दी गई है। मामला अक्टूबर 2023 का है। नरपतगंज पुलिस फारबिसगंज-सुपौल रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी। एक पिकअप वाहन की तलाशी में अवैध नेपाली दिलवाले शराब मिली। आरोपी इस वाहन को फारबिसगंज से सुपौल की तरफ ले जा रहा था।

जब्त की गई शराब 30 बोरों में रखी हुई थी। इनमें 4 कार्टून के हिसाब से कुल 120 कार्टून थे। प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की थी। कुल 3600 बोतलें यानी 1080 लीटर अवैध नेपाली शराब बरामद हुई। सरकार की तरफ से एक्साइज एक्ट के स्पेशल पीपी संजय मिश्रा और उत्पाद के अधिकृत अधिवक्ता चंदन कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। शराब बरामदगी का मामला प्रमाणित होने पर कोर्ट ने यह सजा सुनाई है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 08-03-2025 21:55 Page 1



# होली के पूर्व शराब की बड़ी खेप बरामद

- 18 लाख रुपये आंकी जा रही कीमत
- मौके से धंधेबाज फरार, कार हुई जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में शराबबंदी कानून के बावजूद शराब तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर अपना धंधा चला रहे हैं। अब ये धंधेबाज बड़ी गाड़ियों के बजाय छोटी वाहनों का इस्तेमाल कर चोरी-छिपे शराब की तस्करी कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर उत्पाद विभाग ने रात के अंधेरे में छापामारी कर शराब तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। इस दौरान करीब 18 लाख रुपये मूल्य की अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप बरामद की गई।

शराब माफियाओं ने होली के मौके पर अधिक मुनाफा कमाने के लिए दूसरे राज्यों से शराब मंगवाई थी, जिसे चोरी-छिपे शहर में सप्लाई किया जा रहा था। उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग स्थानों पर छापामारी की। पहले हाउसिंग बोर्ड के पीछे से जब्त कार से 56 कार्टून विदेशी शराब बरामद की गई। फिर दक्षिणी कर्णपुर से पकड़ी गई दूसरी कार से 28 कार्टून शराब जब्त हुई। छापामारी के दौरान पुलिस की टॉर्च लाइट देखते ही धंधेबाज मौके से फरार हो गए। लेकिन उत्पाद विभाग ने गाड़ियों को कब्जे में लेकर शराब माफियाओं की तलाश शुरू कर दी है।

इस अवैध कारोबार में शामिल सुमंत मिश्र और सोनू कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। दोनों आरोपी फरार हैं और पुलिस की टीम उनकी तलाश में लगातार छापामारी कर रही है।

उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह ने बताया कि शराब माफिया अब दिन में गाड़ियां चलाते हैं और रात में सुनसान जगहों पर रुककर माल अनलोड करते हैं, ताकि पुलिस और उत्पाद विभाग की नजर से बच सकें।

लेकिन हमारी टीम अब दिन-रात हर समय अलर्ट मोड पर काम कर रही है। इस दौरान लाखों रुपये की अवैध शराब जब्त की गई है, हालांकि आरोपी फरार हो गए। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## आग लगने से 10 घर जलकर राख

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के दसौत पंचायत वार्ड सात में सोमवार को आग लगने से 10 घर जलकर पूरी तरह राख हो गया। घटना में सभी घरों में रखे नगद रुपया, लाखों रुपये मूल्य के घरेलू सामान, बिस्तर, अनाज ,बर्तन ,साइकिल, बेस कीमती कपड़े,फ्रिज भूसा सहित अन्य सभी सामान पूरी तरह जलकर बर्बाद हो गया। आग की तेज लपट को देख ग्रामीणों ने निजी पंप सेट चलाकर ,घरों से पानी लाकर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल सहयोग से आग पर काबू पाया गया। सूचना मिलते सीओ बीना भारती, बीडीओ आलोक कुमार सिंह, राजस्व कर्मचारी राकेश रौशन मिश्रा, अंचल नाजीर धूर्ब कुमार के साथ दसौत गांव घटनास्थल पहुंच पीड़ित परिवार से मुलाकात कर जानकारी लेते हुए पीड़ित परिवार को पालस्टिक किट उपलब्ध कराया और पीड़ित परिवारों को बीस-बीस हजार रुपये की सहायता राशि का चेक उपलब्ध कराया। लोगों ने बताया कि अगलगी घटना में गांव के जिबछ राय ,कौशल राय, विजय राय, माधव राय, अजय राय, रणधीर राय, मोनू राय, नुनु राय के घर के अंदर रखे लाखों राशि के सभी समान जलकर बर्बाद हो गए है।

**एनटीपीसी के डीजीएम**

# कुमार गौरव की हत्या की सूचना से हासेपुर में छाया मातमी सन्नाटा

## ईमानदार छवि, नेतागिरी या खदान से जुड़े विवाद के कारण हत्या तो नहीं?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकंगरसराय।** झारखंड के हजारीबाग में बिहार के नालंदा निवासी इंजीनियर कुमार गौरव की हत्या कर दी गई। नालंदा के पूर्व सांसद रामस्वरूप प्रसाद का नौ साल पहले निधन हो गया था।

एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव उनके सगे भतीजे थे। एकंगरसराय प्रखंड के ओप पंचायत के हासेपुर गांव निवासी स्वर्गीय रामेश्वर प्रसाद सिंह के इकलौते पुत्र थे। घर में मां और पत्नी के अलावा 11 साल की एक बेटी है। सभी हजारीबाग में ही रहते थे। बाइक सवार अपराधियों ने जब उन्हें जिस तरह से गोली मारी, उससे साफ पता चलता है कि अपराधी उनकी हत्या के लिए पहले से रेकी कर रहे थे। कुमार गौरव की मौत की सूचना मिलते ही हासेपुर गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है।

एनटीपीसी में वह उप महाप्रबंधक के पद पर तैनात थे। झारखंड में तैनाती पिछले साल हुई थी। शनिवार सुबह हजारीबाग स्थित निजी आवास से कोयला खदान की ओर जाते समय कटकमदाग पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतह चौक के पास चारपहिया सवार कुमार गौरव को अपराधियों ने गोली मार दी।

इस हत्या के तार कहां से जुड़े हैं, यह खोजना झारखंड पुलिस के लिए आसान नहीं होगा। वह बिहार के नालंदा से पूर्व सांसद रामस्वरूप प्रसाद के सगे भतीजे थे। झारखंड की पोस्टिंग के पहले मध्य प्रदेश के सिंगरौली में थे। एनटीपीसी के अधिकारी संवर्ग में वह नेता के रूप में भी जाने जाते थे। पिता की इकलौती संतान थे। पोस्टिंग की जगह पर ही रहते थे। इसलिए, हत्या के तार झारखंड या मध्य प्रदेश से जुड़ें, तो आश्चर्य नहीं। कुमार गौरव के पिता स्वर्गीय रामेशवर प्रसाद इलाके के प्रतिष्ठत समाजसेवी थे।

गौरव ने बीआईटी सिंदरी से इंजीनियरिंग की थी। एनटीपीसी में वह 2006 बैच के एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (इंजीनियर) थे। उनकी पहली पोस्टिंग उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्धनगर स्थित एनटीपीसी दादरी में इंजीनियर के पद पर हुई थी।

झारखंड के हजारीबाग में पिछले साल पोस्टिंग से पहले वह मध्य प्रदेश के सिंगरौली में थे, जहां डीजीएम के रूप में उन्हें प्रोन्नति मिली थी। वह एनटीपीसी की केरेडारी कोयला खदान परियोजना में उप महाप्रबंधक (डिस्पैच) के पद पर तैनात थे।

एनटीपीसी के अंदर उन्हें ईमानदार और अधिकारियों के नेता के रूप में जाना जाता है। मध्य प्रदेश में पोस्टिंग के समय से वह अंदरूनी राजनीति में सक्रिय हुए थे और झारखंड में पदस्थापना के बाद उनकी ईमानदार छवि के कारण कुछ लोगों को परेशान बताया जा रहा है। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अरविंद कुमार सिंह फिलहाल जांच की बात कह रहे हैं, लेकिन एनटीपीसी के अंदर बात चल रही है कि खदान संबंधित कुछ लोगों की मनमानी नहीं चलने देने के कारण उनकी हत्या की गई है।

# शादी के बाद थाने पहुंची दुल्हन, दर्ज करायी शिकायत

## दूल्हे ने पहले इलाज कराने की रखी शर्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के बाद भी एक नवविवाहिता अपनी ससुराल नहीं जा सकी। इस खबर की चारों तरफ चचाएं हो रही हैं।

मामला चंडी थाना क्षेत्र के एक गांव का है। जहां शादी से पहले सजने के लिए दुल्हन ब्यूटी पार्लर गई। शादी के दौरान वह सुंदर दिखे, इसके लिए उसने फेशियल करवाया।

गोल्डन कलर वाले फेशियल कराने के कुछ देर बाद से दुल्हन के चेहरे पर जलन महसूस होने लगी। फेशियल क्रीम की वजह से पूरे चहरे पर रिएक्शन होने लगा और चेहरे पर उसका असर दिखने लगा। दरअसल, शादी से पहले युवती ने जैतीपुर स्थित एक ब्यूटी पार्लर से 500 रुपये में फेशियल कराया था। युवती से बताया गया कि यह फ्रूट फेशियल है, लेकिन पार्लर वालों ने गलती से गोल्डन फेशियल कर दिया। कुछ ही घंटों बाद दुल्हन के चेहरे पर जलन शुरू हो गई और धीरे-धीरे उसकी स्थिति बिगड़ती चली गई।

गुरुवार की रात शादी की सभी रस्में निभाई गईं, लेकिन त्वचा पर जलन के कारण दुल्हन काफी परेशान रही। शुक्रवार सुबह होते-होते उसके चेहरे की लाली और जलन बढ़ गई। परेशान परिवार ने स्थानीय डॉक्टर से इलाज कराया, लेकिन समस्या बनी रही। इसको लेकर पूरी रात हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा। जब विदाई का समय आया, तो दूल्हे सुभाष ने दुल्हन को ससुराल ले जाने से इनकार कर दिया।

दूल्हे ने कहा कि जब तक दुल्हन की हालत पूरी तरह ठीक नहीं हो जाती, तब तक वह उसे अपने घर नहीं ले जा सकते। दूल्हे ने दुल्हन के घर वालों से कहा कि पहले उसका उचित इलाज कराया जाए, फिर दुल्हन को ससुराल लाया जाएगा।

# महिला दिवस पर सम्मानित हुईं चिकित्सक एवं सीडीपीओ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया/शिवाजीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर मोहिनी देवी रुंगटा चैरिटेबल हॉस्पिटल के प्रांगण में निःशुल्क महिला चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी प्रमुख महिला चिकित्सक शामिल हुई । शिविर के प्रारंभ करने से पहले सभी महिला चिकित्सकों के सम्मान में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथियों के रूप में सिविल सर्जन कृष्ण कुमार कश्यप तथा ब्रह्म कुमारी प्रजापिता विश्वविद्यालय की संचालिका राजयोगिनी उर्मिला दीदी भी शामिल हुई । कार्यक्रम की शुरूआत में सिविल सर्जन तथा अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर नारी-शक्ति के रूप को प्रज्वलित किया। तत्पश्चात छात्राओं ने स्वागत गान तथा नृत्य प्रस्तुत किया। मीली यादव ने महिला दिवस पर अपने विचार प्रकट किया तथा सभी से माता बहनों का सम्मान करने का आह्वान किया।

निदेशक डॉक्टर संजय प्रधान ने बताया कि हमारी संस्था किसी भी अवसर पर महिलाओं की सम्मान और कल्याण में कोई मौका नहीं चूकती है, चाहे वह मातृ दिवस हो, महिला दिवस हो ,कन्या दिवस हो या छठ जैसे महान पर्व में साड़ी वितरण का कार्य हो। शिविर में डॉ.अलका कुमारी, डॉ. ममता कुमारी,डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. सबुही नसरीन, डॉ.अंशु श्वेता, डॉ.मानसी जयसवाल, डॉ.अनम सबा, डॉ.स्वाति कुमारी तथा मोहिनी देवी रूंगटा हॉस्पिटल के डॉ. बी.के.सिंह, डॉ.ऋषभ राज और डॉ. बी. के. विश्वास आदि शामिल हुए।

**शिवाजीनगर से संवाददाता के अनुसार** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कला संस्कृति एवं युवा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिवाजी नगर सीडीपीओ को बाल विकास सेवा के छेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने को लेकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । सम्मानित होने के बाद प्रखंड के पदाधिकारी, कर्मियों एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं ने सीडीपीओ प्रियंका को बधाई दिया है।

## सद्भावना मंच ने की बैठक

**अररिया।** पेंशनर समाज भवन में शनिवार को सद्भावना मंच की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।

दूसरे प्रस्ताव में रमजान के पवित्र महीने के उपलक्ष में दावते ए इफ्तार का मार्च के अंतिम सप्ताह में आयोजन करने का निर्णय लिया गया। सद्भावना मंच जिलावासियों से अपील करता है कि अररिया की परम्परा के अनुसार शांति एवं सद्भाव के साथ होली का त्योहार मनाएं एवं रमजानुल मुबारक के रोजे का भी एहतमाम करें। बैठक की अध्यक्षता डॉ श्याम लाल यादव कार्यकारणी अध्यक्ष ने एवं संचालन सद्भावना मंच के सचिव मास्टर मुहम्मद मोहसिन ने किया।

मौके पर हाजी नैयरउज्जमा, बसंत कुमार राय, रजी अहमद, देवेन्द्र मिश्रा ,रजी अनवर, मो सालेह, शम्स आजम, डॉ के पी सिन्हा, सत्येंद्र नाथ शरण, मास्टर रईस, जफरुल हसन, केएन ठाकुर, आनंद मोहन, ठाकुर शंकर प्रसाद, जाकिउल होदा, इसराफील, शमशुल होदा, सुमित कुमार सुमन इत्यादि मौजूद थे।

# बेपटरी हुई मालगाड़ी, मची अफरातफरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमालपुर (मुंगेर)।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर में शनिवार की शाम शंटिंग के दौरान 22 डिब्बे वाले मालगाड़ी का दो डिब्बा बेपटरी होकर सुरक्षा दीवार को ध्वस्त कर दिया।

गनीमत यह रही कि एक डिब्बा दीवार के बाहर लटक गया और दूसरा दीवार में फंस गया। दीवार तोड़कर डिब्बा बाहर गिरता तो जहांगीरा बस्ती में कई लोग चपेट में आ जाते, लेकिन एक बड़ा हादसा बाल-बाल होने से टल गया। घटना के बाद वहां अफरातफरी मच गई।

मुख्य कारखाना प्रबंधक विनय प्रसाद वर्णवाल घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दरअसल, शाम साढ़े छह बजे कारखाना के अंदर बने न्यू लाइन पर बाक्स एनएचएल (मालगाड़ी डिब्बे का मॉडल) 22 डिब्बा शंटिंग के लिए जा रहा था। इसी बीच रेलवे ट्रैक से दो डिब्बा उतर गया और सुरक्षा दीवार को तोड़कर एक डिब्बा जहांगीर बस्ती (चहारदीवारी के बाहर) तरफ सड़क किनारे लटक गया और दूसरा दीवार में फंस गया।

डेढ़ माह के अंदर कारखाना के अंदर मालगाड़ी के डिरेल की दूसरी घटना है। लगातार हो रही घटना से संरक्षा और सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। बीते 23 जनवरी को भी को शंटिंग के दौरान सुरक्षा दीवार तोड़कर एक डिब्बा जमालपुर-किऊल रेल खंड के अप ट्रैक पर गिर गया था। ट्रेनों का परिचालन बाधित रहा था। इधर, तीन मार्च की शाम हुई घटना के बाद आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त हीरा सिंह सहित कारखाना के तमाम अधिकारी पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए हैं।

वहीं, दूसरी ओर रोहतास के डीडीयू-गया रेलखंड पर खुमार्बाद स्टेशन के पास मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।

# शराब तस्करी करते फर्जी दारोगा चढ़ा पुलिस के हत्थे

## पहले भी शराब तस्करी में पकड़ा गया है रवि किशन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** आरा में शराब तस्करी करते एक फर्जी दारोगा को शनिवार को उत्पाद विभाग की टीम ने गिरफ्तार किया। फर्जी दारोगा पूरे टशन में सफारी कार में आरा से छपरा की ओर जा रहा था।

कायमनगर में चेकिंग कर रहे उत्पाद विभाग के इंस्पेक्टर राहुल दुबे ने कार को रोका तो हावभाव से उन्हें शक हुआ। वर्दी में देख उत्पाद इंस्पेक्टर ने फर्जी दारोगा से पहचान पत्र मांगा। इससे वह सकपका गया और गाड़ी लेकर भागने लगा।

थोड़ी दूर जाने पर उसकी कार पिकअप वैन से टकरा गई, जिसके बाद वह पकड़ा गया। इसके बाद कार के अंदर जांच की गई तो अधिकारी चौंक गए। पूरी कार शराब से भरी थी। कार से 283 लीटर शराब बरामद की गई।

इसके बाद दारोगा की वर्दी पहने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया गया। उसकी पहचान छपरा के मिश्रवलिया जलालपुर निवासी पशुपतिनाथ के पुत्र रवि किशन पराशर के रूप में की गई। वह कई बार यूपी से शराब की तस्करी कर चुका है।

पूछताछ में उसने बताया कि एक महीना पहले बिहार पुलिस के दारोगा की वर्दी सिलवाई थी, ताकि किसी को शक नहीं हो। वह बड़े रौब से वर्दी पहनकर शराब तस्करी कर रहा था। गाड़ी के रोके जाने पर उसने उत्पाद विभाग के अधिकारियों पर भी रौब झाड़ने की कोशिश की, लेकिन पूछताछ में हकलाने लगा और पकड़ा गया।

जब्त सफारी कार में एक ट्रॉली बैग भी मिला है, जिसमें भरकर विभिन्न ब्रांड के शराब को बलिया से छपरा ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में अवर निरीक्षक राहुल कुमार दुबे, सहायक अवर निरीक्षक रविंद्र कुमार एवं सहायक अवर निरीक्षक श्री रवि कुमार थे।

पकड़ा गया रवि किशन आठ माह पहले भी शराब की तस्करी में ही उत्तर प्रदेश के बलिया से गिरफ्तार हुआ था। इसके बाद पुलिस को झांसा देने के लिए उसने वर्दी सिलाई थी। जिसमें दो स्टार लगाकर दारोगा बन गया और उसी की आड़ में तस्करी करने लगा।

वर्दी पहने रहने के कारण उसके कार की बक्सर बॉर्डर पर भी जांच नहीं होती थी और वह आराम से शराब लाने में कामयाब हो जाता था। बताते चलें कि उत्पाद सहायक आयुक्त रजनीश कुमार के आदेश पर होली को लेकर विभाग के द्वारा गठित टीम दिन-रात चेकिंग अभियान चला रही है।

## शादी समारोह में मासूम के साथ दुष्कर्म

**पूर्णियां।** पूर्णिया जिले में बीती रात एक शादी समारोह में एक युवक ने साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। मासूम की तबीयत बिगड़ी तो आरोपी वहां से भाग निकला। उसके बाद परिजनों ने मासूम बच्ची को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया है, जहां मासूम की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। आरोपी युवक की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापामारी कर रही है। घटना सदर थाना क्षेत्र के एक गांव की है। जानकारी के मुताबिक, पीड़ित बच्ची अपनी मौसी की शादी में अपनी मां के साथ आई हुई थी। रात में बाराती सुमठी विशनपुर से आए थे। घर पर बारात लगने के बाद सभी लोग खाना खाकर शादी समारोह में व्यस्त थे। इसी दौरान आरोपी युवक ने उक्त बच्ची को फुसलाकर अपने पास बुला लिया। फिर आरोपी युवक, बच्ची को चॉकलेट देकर अपने साथ समारोह स्थल से थोड़ा दूर ले गया और उससे दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया।

# जदयू के नए दावे से बिहार में राजनीति हलचल तेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जदयू प्रदेश कार्यालय में शनिवार को नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को न्याय और गरिमा दिलाने में नीतीश कुमार का कोई मुकाबला नहीं है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को न्याय और गरिमा दिलाने और उनकी उम्मीदों को पंख देने के लिए जिस वैचारिक शुद्धता और प्रतिबद्धता के साथ काम किया है, वैसा पूरे देश में दूसरा उदाहरण नहीं मिलेगा। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि एनडीए जिला सम्मेलनों में महिलाओं की भागीदारी पुरुषों के मुकाबले अधिक थी। आने वाले विधानसभा चुनाव में महिलाएं एक बार फिर से एनडीए गठबंधन की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने कहा कि जिला सम्मेलनों में महिलाओं की भागीदारी यह दशार्ता है कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश का संकल्प निश्चित रूप से साकार होगा।

नीतीश कुमार के शासनकाल में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई ऐतिहासिक काम किए गए। अब महिलाओं को सभी सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया जा रहा है। महिलाओं की मांग पर बिहार में शराबबंदी लागू की गई।

इस मौके पर परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर और जननायक कर्पूरी ठाकुर के सपनों को नीतीश कुमार पूरा कर रहे हैं। महिलाएं सभी क्षेत्र में सशक्त हो रही हैं।

जदयू महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. भारती मेहता ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को ताकत देकर विकास की मुख्यधारा में शामिल किया है। बिहार लैंगिक समानता का अगुआ बना है।

पूर्व मंत्री डॉ. रंजू गीता ने कहा कि बिहार की आम अवाम की सेवा के लिए हमें फिर नीतीश कुमार के हाथों में बिहार की बागडोर सौंपने का संकल्प लेना है। विधायक शालिनी मिश्रा ने कहा कि महिलाओं को असली आजादी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी।

वाल्मीकिनगर पहुंचे सीएम, वाल्मीकि महोत्सव का किया उद्घाटन

वहीं, दूसरी ओर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को शाम 4.07 बजे बगहा के वाल्मीकिनगर पहुंचे। वे नदी घाटी परियोजना प्लस टू स्कूल में वाल्मीकि महोत्सव का उद्घाटन किया। सीएम यहां 40 मिनट तक रूके, फिर पटना के लिए रवाना हो गए।

इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के मंत्री जनक, विजय चौधरी समेत एक दर्जन जनप्रतिनिधि, मंत्री और गणमान्य उपस्थित थे।

# घर में अकेली पाकर लड़की से सामूहिक दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में एक लड़की से पांच युवकों ने बारी-बारी से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। यही नहीं बल्कि पीड़िता इस घटना के बारे में किसी को न बताए, इसे लेकर आरोपियों ने दुष्कर्म का वीडियो बना लिया। फिर इसे इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी दे दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा है। यह घटना जिले के मनियारी थाना क्षेत्र के एक गांव की बताई जा रही है।

घटना को लेकर पीड़िता ने बताया कि चार दिन पहले मेरे परिवार में एक सदस्य बीमार था, जिसको दिखवाने के लिए सभी लोग शहर के पास एक चिकित्सक के पास में गए थे। इस दौरान मैं घर में अकेली थी और इस बात की जानकारी आरोपियों को हो गई थी। उसके बाद सभी आरोपी एक-एक करके घर पर आए और मुझे लेकर पीछे मक्के के खेत में ले गए। फिर उन सभी ने बारी-बारी से मेरे साथ गलत काम किया। इस दौरान उन लोगों ने मेरे साथ मारपीट की और गलत काम का वीडियो तक बना लिया।

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने कहा कि अगर इस बात की जानकारी किसी भी सूरत में लीक की तो दुष्कर्म का वीडियो को हम सोशल मीडिया पर डालकर वायरल कर देंगे और धमकी तक दे दी गई। उसके बाद मैंने अपने परिवार के लोगों को इस बात की जानकारी दे दी। मेरी आपबीती सुनने के बाद परिजनों ने थाने में जाकर मामला को दर्ज कराया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद देर रात पुलिस हरकत में आ गई और आरोपियों में से दो को पकड़ लिया गया है। पुलिस इस मामले में आगे की करवाई में जुटी हुई है। देर रात को ग्रामीण एसपी विद्या सागर और एसडीपीओ पूर्वी मनोज कुमार सिंह ने पूरी घटना की जानकारी ली और थाने में पहुंचकर पूछताछ की। इसके बाद फरार अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।

# मंत्री के नये फरमान से अधिकारियों-कर्मचारियों की बढ़ेगी परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा है कि अगर उनकी कोई गड़बडी सामने आई तो सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने जमुई के खैरा में निगरानी विभाग द्वारा जमीन के परिमार्जन के लिए 60 हजार रुपये घूस लेते पकड़े गए राजस्व कर्मचारी आशीष कुमार पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि विभाग की सभी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। अपने मोबाइल या पास के वसुधा केंद्र से निर्धारित राशि का भुगतान कर ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

आमलोगों को किसी अधिकारी-कर्मचारी से मिलने की जरूरत नहीं है। सभी ऑनलाइन सेवाओं में काम के लिए समय निर्धारित है। मुख्यालय में टीम बनाकर उसकी मॉनीटरिंग हो रही है।

दानापुर व खगौल नगर परिषद से जुड़ेंगे चार-चार पंचायत के नौ-नौ राजस्व ग्राम के क्षेत्र

इसके अलावा, बिहार में नीतीश सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। दानापुर प्रखंड के अंर्तगत आने वाले चांर पंचायत के नौ राजस्व ग्राम दानापुर नगर परिषद में शामिल होंगे।

वहीं, खगौल नगर परिषद में चार पंचायत के नौ राजस्व ग्राम शामिल होंगे। इसको लेकर कार्रवाई शुरू हो गयी। इसकी सूची नगर परिषद को भेजी जा चुकी है।

विश्वस्त सूत्रों की मानें तो कार्रवाई तेज हो गयी है। जिससे दोनों नगर परिषद क्षेत्र का विस्तार हो जाएगा। वार्ड की संख्या भी बढेगी।

पंचायतो के कुछ पंचायत के गांव का नगर परिषद में शामिल किये जाने को लेकर चर्चा होने लगी है। नगर परिषद से लेकर इलाके में भी इसको लेकर चर्चा जोरो पर है। सभी इसे पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। पंचायतों के इन गांवो को नगर परिषद में शामिल होने से उन्हे नगर परिषद वाली सुविधा मिलने लगेगी। जिससे लोगों को बहुत फायदा होगा।




दानापुर नगर परिषद में मोबारकपुर-रघुरामपुर पंचायत के राजस्व ग्राम फरीदनपुर व मैनपुरा, जमसौत पंचायत के जमसौत का आंशिक एवं ढिबरा, कोथवां पंचायत के कोथवां व मुस्तफापुर का आंशिक तथा लखनीबिगहा पंचायत के बबक्करपुर नसरीपुर एवं आशोपुर का आंशिक क्षेत्र शामिल होगा।

जबकि खगौल नगर परिषद में सरारी पंचायत के सरारी राजस्व ग्राम का आंशिक व खेदलपुरा, लखनीबिगहा पंचायत के आशोपुर आंशिक, आदमपुर, लखनीबिगहा व संदलपुर जमालुद्दीनचक पंचायत के बड़ी खगौल व सैदपुरा एवं कोथवां पंचायत के मुस्तफापुर के आंशिक क्षेत्र शामिल होगा। जिससे इन राजस्व ग्राम के लोगो को नगर परिषद वाली सुविधा का लाभ मिलेगा।

# अतिक्रमण हटाने की बात से दुकानदार को आया हार्ट अटैक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** भागलपुर में घंटाघर सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने के दौरान एक दुकानदार की मौत हो गई, जिसके बाद अन्य दुकानदारों ने जमकर हंगामा किया। मृतक के स्वजनों और अन्य दुकानदारों द्वारा सड़क पर आगजनी कर दी गई।

दरअसल शनिवार सुबह यातायात डीएसपी आशीष कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात विभाग की टीम घंटाघर चौक के किनारे अवैध तरीके से दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान फल दुकानदार 55 वर्षीय महेंद्र साह की मौत हो गई। महेंद्र की मौत के बाद घंटाघर चौक पर जमकर बवाल हुआ।

मृतक के स्वजनों और अन्य दुकानदारों द्वारा सड़क पर जाम लगा दिया गया, इस दौरान आगजनी भी की गई। इसके बाद जमकर बवाल हुआ। सड़क के किनारे ठेले पर मृतक के स्वजन लाश लेकर बैठे रहे।

मृतक के पत्नी कमला देवी ने यातायात डीएसपी पर पति को मारने और डांटने का आरोप लगाया है। पत्नी ने यहां तक कहा कि अतिक्रमण हटा रही पुलिस ने दुकानदारों पर लाठी भी चलाई है। वहीं स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के दौरान महेंद्र साह को हार्ट अटैक आया, जिसके कारण वह गिर पड़े। इसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया जाने लगा इस दौरान रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

दुकानदारों ने बताया कि पुलिस द्वारा दुकानदारों को बुरा-भला कहा गया है। वहीं घटना के बाद सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची है। शहर विधायक अजीत शर्मा और सदर एसडीएम धनंजय कुमार मौके पर पहुंचकर मृतक के स्वजनों से बातचीत करने का प्रयास कर रहे हैं।

मृतक के स्वजन और दुकानदार 10 लाख रुपये और सरकारी नौकरी की मांग पर अड़े हुए हैं। घटना के डेढ़ घंटे बाद मौके पर अग्निशमन की टीम ने पहुंचकर सड़क पर लगाई गई आग को बुझाया। वहीं घटना के बाद जाम लगा हुआ है। मांगों को स्टांप में लिखवाने के बाद भीड़ हटाई जा सकी।

# बरसाने में सिर्फ होली की बधाई और विकास की फिक्र

## राजनीति न कोई कूटनीति; सीएम योगी ने जीता ब्रजवासियों की दिल



**मथुरा , एजेंसी।** मथुरा के बरसाने में रंगोत्सव का शुभारंभ करने आए सीएम योगी ने बस ब्रज की रीति निभाई। उन्होंने अपने भाषण में राजनीति का कोई जिक्र किया और न ही कोई कूटनीति अपनाई। सीधे राधा रानी का आशीर्वाद लेने पहुंचे और होली की बधाई देते हुए फूलों की होली भी खेली। उनकी बातों में जहां काशी, अयोध्या और प्रयागराज का जिक्र दिखा तो वहीं ब्रज के विकास की फिक्र भी नजर आई। सीएम योगी अपने राजनीतिक विरोधियों पर सीधे प्रहार के लिए जाने जाते हैं। लेकिन शुक्रवार को जब सीएम योगी बरसाना आए तो अंदाज सधा हुआ था। आमतौर पर सीएम के जो तेवर देखने को मिलते हैं, बरसाना में उनका स्वरूप उलट नजर आया। मर्यादाओं से सदा मुक्त रहने वाले योगीराज श्रीकृष्ण की नगरी में सीएम योगी ने खुद को धर्म की मर्यादा में बांधकर रखा। बरसाने की परंपरा के अनुसार पहले राधा रानी मंदिर में दर्शन और पूजन किया और फिर मंदिर के शिखर से श्रद्धालुओं को होली की बधाई दी। यहां परंपरा के अनुसार श्रद्धालुओं पर फूल बरसाने के बाद वे रंगोत्सव का शुभारंभ करने राधा बिहारी इंटर कॉलेज परिसर पहुंचे। यहां भी बस काशी, प्रयागराज और अयोध्या के विकास का जिक्र किया और ब्रज के विकास की फिक्र दिखाई। पूरे भाषण के दौरान वृंदावन बिहारी लाल, राधा रानी और यमुना मैया के साथ ही ब्रज का गुणगान करते रहे। इसके साथ ही यह भी विश्वास दिलाया कि अब ब्रज के विकास की बारी है। बात सिर्फ विकास तक ही सीमित रही, यहां भी सीएम ने पूर्व सरकारों और राजनीतिक दलों की कोई बात नहीं की। ब्रजवासियों को संबोधित करते हुए सीएम ने कई बार महाकुंभ के दिव्य और भव्य आयोजन का जिक्र किया, लेकिन यहां भी उन्होंने महाकुंभ के आयोजन पर सवाल खड़े करने वाले राजनीतिक विरोधियों पर कोई निशाना नहीं साधा। उनका पूरा भाषण राजनीतिक और कूटनीति से दूर ब्रज की आस्था और विकास पर केंद्रित रहा। इससे सीएम का संदेश साफ है कि इधर-उधर की नहीं अब केवल ब्रज के विकास की ही बात होगी। प्रधानमंत्री ने यमुना मैया के निर्मल और अविरल होने का संकल्प लिया है, इसके बाद से ही ब्रजवासी भी यमुना की पीर हरने को अधीर हैं। सीएम योगी ने भी जल्द यमुना मैया के निर्मल और अविरल होने की बात कही। दिल्ली सरकार का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अब दिल्ली में भी रामभक्तों की सरकार आ गई है, लेकिन पूर्व सरकार पर कोई हमला नहीं बोला। वहीं दूसरी तरफ एएमयू में होली को लेकर छिड़ी रार पर लोगों को सीएम की प्रतिक्रिया का इंतजार था। लेकिन सीएम ने बिना एएमयू का जिक्र किए बस होली को आपसी सद्भाव का त्योहार बताते हुए अपनी बात पूरी की।

## संक्षिप्त समाचार

### भांजी की शादी में डीजे पर डांस कर रहे मामा की मौत

#### परिवार में छाया मातम

**अलीगढ़ , एजेंसी।** गोधा से भांजी की शादी में अरनिया भात लेकर गए मामा की 6 मार्च को डीजे पर डांस करते समय हृदयाघात से मौत हो गई। हालांकि परिजन उसे जेवर के अस्पताल भी लेकर गए। मगर, मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद शादी की खुशियां काफूर हो गईं। आनन फानन शादी की प्रक्रिया पूरी की गई। जानकारी के अनुसार गोधा के गांव खेड़ा बुजुर्ग का 32 वर्षीय विक्रम सिंह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। खुद वह निजी कंपनी में जॉब करता था। 6 मार्च को उसकी भांजी की अरनिया बुलंदशहर के गांव खुरियावली में शादी थी। जिसमें वह परिजनों संग हंसी खुशी भात लेकर गया। शाम को भात पहनाने की प्रक्रिया के बाद करीब साढ़े आठ बजे वह डीजे पर डांस कर रहा था। तभी सीने में दर्द के साथ तबीयत बिगड़ गई। परिजन उसे जेवर के अस्पताल लेकर पहुंचे, मृत घोषित कर दिया।

#### छह दिन पहले हुआ एक बेटा

विक्रम सिंह के एक भाई की दो वर्ष पहले मृत्यु हो गई थी। वह तीन बच्चों का पिता था। जिसमें एक बेटे का जन्म छह दिन पहले ही हुआ। तीनों बच्चों को लिए पत्नी का हाल बेहाल था।

### मुठभेड़ में घायल बदमाश शेरा का इलाज के दौरान काटना पड़ा पैर

#### गोली से लगने से फैला संक्रमण

**बरेली, एजेंसी।** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल 25 हजार के इनामी बदमाश का इलाज के दौरान एक पैर काटना पड़ा। उसे चार मार्च को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। पैर में गोली लगने के कारण संक्रमण फैल गया। कैंट थाने के गांव वारी नगला निवासी शेर सिंह उर्फ शेरा के खिलाफ अलग-अलग थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसएसपी अनुराग आर्य ने 25 फरवरी को उस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। चार मार्च को तड़के फतेहगंज पश्चिमी पुलिस से उसकी मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसका साथी छोटी बाजार खलीलपुर थाना सीबीगंज निवासी राहुल शर्मा उर्फ टीनू मौके से भाग निकला। शेरा का एक निजी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा था। संक्रमण फैलने के कारण डॉक्टर ने उसका दाहिना पैर काट दिया है। शेर सिंह उर्फ शेरा के खिलाफ गैंगस्टर समेत 18 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह लूटपाट करने वाले पंजीकृत गिरोह का गैंग लीडर भी है।

## होली पर दिल्ली के लिए 20 बसें, लखनऊ व कानपुर रूटों पर बढ़ेंगे फेरे

**रायबरेली , एजेंसी।** होली के मौके पर यात्रियों को घर पहुंचाने के लिए परिवहन निगम ने कार्ययोजना तैयार कर ली है। दिल्ली रूट पर 20 बसों का संचालन किया जाएगा। इसके अलावा लखनऊ, कानपुर और सुल्तानपुर मार्गों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के रूटों पर बसों का संचालन पहले की तरह ही होगा। वहीं, होली के मद्देनजर सहायक क्षेत्रीय



प्रबंधक दिनेश चंद्र श्रीवास्तव ने सभी चालकों-परिचालकों की छुट्टियों को निरस्त कर दिया है।

इस बार होली पर अपने घर आने वाले लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। परिवहन निगम ने दिल्ली, कानपुर और लखनऊ रूटों पर बसों की पर्याप्त व्यवस्था कर दी है। ज्यादातर यात्री इन्हीं मार्गों से अपने घरों को पहुंचते हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली रूट पर आठ बसें संचालित हो रही हैं। होली को देखते हुए इस रूट पर 20 बसें चलाई जाएंगी। प्रयागराज, सुल्तानपुर, गोरखपुर, अयोध्या, काठगोदाम, हरिद्वार, बलिया, वाराणसी आदि मार्गों पर बसों के संचालन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जरूरत के हिसाब से इन रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए जाएंगे।

# बिना कोचिंग आईपीएस बनीं अंशिका, प्रतिभा ने चुनी चुनौती

**बरेली, एजेंसी।** तेरे माथे पे ये आंचल बहुत ही खूब है, लेकिन तू इस आंचल से इक परचम बना लेती तो अच्छा था...मशहूर शायर मजाज लखनवी का ये शेर महिलाओं को हौसला और ताकत देता है। हौसला, ये केवल शब्द नहीं, आधी आबादी को बराबरी का दर्जा और उनका हक दिलाने की कुंजी है। इस शब्द को अपनी जिंदगी में कई महिलाओं ने जीया है। इसीलिए वह आज शिखर पर शोहरत की दास्तां लिख रही हैं। हर क्षेत्र में उन्होंने कामयाबी हासिल की है। वे नित नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। किसी ने सरकारी सेवाओं में चयनित होकर अपनी मेधा का लोहा मनवाया है तो कोई फिल्मी दुनिया में कॅरिअर संवार रहा है। पुरुषों के एकाधिकार को तोड़कर आधुनिक ढंग से किसानी भी महिलाएं कर रही हैं। खेल, कारोबार, शिक्षा व तकनीकी के क्षेत्र में भी उनकी बुलंदी दूसरों के लिए अनुकरणीय है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आइए जानते हैं उन महिलाओं की सफलता की कहानी जिन्होंने अपने जोश, जज्बे और कुछ कर गुजरने की चाह के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है।

**मजबूत इरादों संग बिना कोचिंग बनीं आईपीएस–** इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता। बिना किसी कोचिंग के खुद तैयारी कर यूपीएससी






की परीक्षा पास की। आईपीएस बनीं। यह चुनौती अपनी अडिग इच्छाशक्ति और बुलंद इरादों से वर्तमान में बरेली की एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने पूरी की। आईपीएस अधिकारी के रूप में अंशिका न केवल कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रही हैं, साथ ही वह समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तीकरण के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। अंशिका का जन्म तीन जनवरी 1996 को प्रयागराज में हुआ। अंशिका ने इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक किया। यूपीएससी में 2021 में 136वीं रैंक हासिल की। उनका कहना है कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा से बेहतर करने की कोशिश है। ऐसे अभियान भी शुरू किए, जिससे महिलाओं को आत्मनिर्भर और सुरक्षित बनाया जा सके। अंशिका का मानना है कि अगर महिलाओं को बराबरी का दर्जा देना है, तो उन्हें शिक्षा, आत्मनिर्भरता और सुरक्षा से सशक्त बनाना होगा। अपने बेहतर कामों के लिए उन्हें हाल ही में वीमेन आइकन अवार्ड से दिल्ली में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सम्मानित किया।

विस्फोटक को तलाशने में अहम भूमिका डॉग और उसके हैंडलर की रहती है। बरेली की बेटी प्रतिभा लाल फाटक क्षेत्र निवासी इस भूमिका को रोमांच और गर्व के साथ निभा रहीं हैं। तीन साल पहले आईटीबीपी में भर्ती हुई प्रतिभा ने बताया कि उनके पास बेल्जियम शैफर्ड मैलिनोइस डॉग है। इसे उन्होंने ही ट्रेनिंग दी है। एएक्सएल नाम का यह डॉग विस्फोटक के साथ मादक पदार्थ आदि को उसकी गंध से तलाशने की महारत रखता है। इस तरह की विशेषता वाले डॉग की मांग नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में होती है। इन इलाकों में पूर्ण रूप से ट्रेनिंग लिए हुए डॉग व उसके हैंडलर को ही भेजा जाता है।

वह अभी चंडीगढ़, बेलगाम, देहरादून और भुवनेश्वर में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि महिला होने की वजह से कई बार खतरे वाली जगहों पर उन्हें भेजने में वरिष्ठ हिचकते हैं। उन्हें उम्मीद हैं कि यह इजाजत भी सरकार की ओर जल्द मिलेगी और वह भी देश सेवा के लिए चुनौतीपूर्ण इलाकों में ड्यूटी के लिए जाएंगी।

## सोने के बिस्कुट व आईफोन का दिया लालच, 50 हजार ठगे

**अलीगढ़ , एजेंसी।** सोने के बिस्कुट और आईफोन मिलने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक महिला से 50 हजार रुपये ऐंठ लिए। गांव बेर नगरिया निवासी अजीत सिंह की पत्नी आरती के अनुसार उनके बैंक खाते में पति का मोबाइल नंबर दर्ज है। 6 मार्च की दोपहर उन्हें व्हाट्स एप कॉल आई। इसमें उनके नाम से एक पार्सल बुक होने की जानकारी दी गई।

बताया गया कि पार्सल में सोने के बिस्कुट और आईफोन है। पार्सल को मंगाने के लिए कस्टम ड्यूटी के 50 हजार रुपये भेजने और रुपये न भेजने पर पार्सल वापस होने की बात कही गई। लालच में आकर वह बैंक पहुंचीं और खाते से 50 हजार रुपये निकालकर बाजार में एक अन्य व्यक्ति के जरिये साइबर ठग के मोबाइल नंबर पर रुपये भिजवा दिए। रुपये निकलने का मेसेज पढ़कर पति ने फोन किया तब ठगी का शिकार होने का पता चला।

# स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क पर पलटी एसयूवी, एक बराती की मौत, पांच घायल

**रायबरेली , एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर बरातियों से भरी एसयूवी एक निजी स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क पर जाकर पलट गई। इससे एसयूवी सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि चालक समेत पांच लोग जख्मी हो गए। इसमें सवार दो बैंडकर्मियों को मामूली चोटें आईं। पुलिस के मुताबिक चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के डींगुर सिंह का पुरवा मजरे उसरैना निवासी रोहित की बृहस्पतिवार को शादी थी। बरात सलोन कोतवाली क्षेत्र के सेमरी झकरासी मजरे सूची गांव गई थी। शुक्रवार को दुल्हन की विदाई के बाद बराती घर आ रहे थे। एक एसयूवी से आठ बराती घर जा रहे थे। सूची चौकी के समीप अचानक चालक को झपकी आ गई। इससे गाड़ी अनियंत्रित होकर बीएमएस पब्लिक स्कूल के गेट को तोड़ते हुए सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद लोगों में चीख-पुकार मच गई। सहायता के लिए चिल्लाने लगे। हादसे में एसयूवी सवार फकीर का पुरवा मजरे उसरैना




निवासी सत्यम कुमार (18) पुत्र राकेश की मौत हो गई। वहीं, गांव के रहने वाले अशोक (17), सोनू (40), अरुण (13), शिवा (14), सतीश (11) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। हादसा देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कार सवार लोगों को बाहर निकाला और घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, यहां से चिकित्सकों ने सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे में एसयूवी सवार बैंडकर्मी गदागंज थाना क्षेत्र के धमधमा निवासी आशू, गोकुल को मामूली चोटें आई हैं। दोनों को ग्रामीणों ने गाड़ी का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एसयूवी की रफ्तार अधिक थी। इससे चालक वाहन को संभाल नहीं पाया और हादसा हो गया। कोतवाली प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि वाहन घायल सोनू चला रहा था। आशंका जताई जा रही है कि रात में सोनू सो नहीं पाया था। वाहन चलाते समय उसे झपकी आ गई, जिससे यह हादसा हुआ। वाहन को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# सात दिनों तक नहीं चलेगी जौनपुर इंटरसिटी



**रायबरेली , एजेंसी।** प्रतापगढ़ जिले में रेल लाइन दोहरीकरण के लिए होने वाले नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से एक हफ्ते तक ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहेगा। इनमें कई ट्रेनें ऐसी हैं, जो जिले से होकर गुजरती हैं। जौनपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी, वहीं अर्चना एक्सप्रेस, पंजाब मेल समेत कई ट्रेनों को दूसरे रास्तों से दौड़ाया जाएगा। इससे ये ट्रेनें भी रायबरेली से होकर नहीं गुजरेंगी। यात्री अपनी यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेनों के बारे में पता कर लें, ताकि स्टेशन पर पहुंचने के बाद परेशान न होना पड़े।

रायबरेली और जौनपुर के बीच रोजाना दौड़ने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 20 से 26 मार्च तक सात दिनों तक निरस्त रहेगी। वाराणसी और लखनऊ के बीच दौड़ने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस 20 से 26 मार्च तक सात दिनों तक सुल्तानपुर के रास्ते चलाई जाएगी। यह ट्रेन रायबरेली जिले से होकर नहीं गुजरेगी। हावड़ा और अमृतसर के बीच चलने वाली पंजाब मेल 19 से 25 मार्च तक सात दिन सुल्तानपुर के रास्ते दौड़ाई जाएगी, जबकि पटना-जम्मूतवी अर्चना एक्सप्रेस 22 व 25 मार्च को, जम्मूतवी-पटना अर्चना एक्सप्रेस 19 व 23 मार्च को और पुरी-आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस 21, 23 व 25 मार्च को सुल्तानपुर के रास्ते जाएगी। इससे इन ट्रेनों का संचालन भी रायबरेली जिले से नहीं होगा।

### बदले रास्ते से आएंगी जनता मेल व पैसेंजर

जनता मेल और पैसेंजर ट्रेनें रायबरेली जरूर आएंगी, लेकिन इन्हें दूसरे रास्तों से लाया जाएगा। पहले से तय रूटों पर न चलने से यात्रियों को दिक्कत होगी। वाराणसी और देहरादून के बीच दौड़ने वाली जनता मेल 20 से 26 मार्च तक जंघऊ-फाफामऊ-ऊंचाहार के रास्ते चलाएंगे। इसके अलावा लखनऊ-प्रयागराज पैसेंजर 24 से 26 मार्च तक और यशवंतपुर-लखनऊ एक्सप्रेस 24 मार्च को फाफामऊ-ऊंचाहार के रास्ते चलाया जाएगा। ये ट्रेनें प्रतापगढ़ की ओर नहीं जाएंगी। बनारस-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस और लखनऊ-बनारस एक्सप्रेस 26 मार्च को 45 मिनट देरी से चलाई जाएंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कुलदीप तिवारी ने बताया कि प्रतापगढ़-पृथ्वीगंज-गौरा रेलखंड में रेल लाइन का दोहरीकरण हो रहा है। इसके लिए नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जाना है।

## हाईवे किनारे आलीशान कोठी में चल रहा था गैरकानूनी धंधा, एनसीबी ने मारा छापा तो बरामद हुआ ये सामान

**बरेली, एजेंसी।** बरेली में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने शुक्रवार को मीरगंज में नेशनल हाईवे स्थित गुलड़िया गांव में एक तीन मंजिला आलीशान कोठी पर छापा मारा। यहां से स्मैक तस्कर भाग निकले, लेकिन एनसीबी को मौके से 508 ग्राम स्मैक, कई कैमिकल और स्मैक बनाने के उपकरण मिले हैं। दिल्ली में पकड़े गए एक स्मैक तस्कर गिरोह से पूछताछ के आधार पर कार्रवाई की गई। बरामद सामान को एनसीबी अपने साथ ले गई है। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को भनक तक नहीं लगी। दिल्ली में गिरफ्तार स्मैक तस्कर नदीम की निशानदेही पर शुक्रवार दोपहर एनसीबी की टीम मीरगंज पहुंची। इस संबंध में स्थानीय पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई।

#### मोहम्मद रफीक की है कोठी

टीम ने मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव गुलड़िया में हाईवे किनारे बनी मोहम्मद रफीक उर्फ गुड्डू की तीन मंजिला कोठी पर छापा मारा। इस दौरान रफीक और उसके साथी भाग निकले। मौके से 508 ग्राम स्मैक, 4.980 किलोग्राम सोडियम, 5.292 किलोग्राम एसिटिक एनहाईड्राइड बरामद किया गया। कुछ दिन पहले भी एनसीबी ने यहां छापा मारा था, लेकिन कामयाबी नहीं मिली थी। रफीक के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी के सात मामले दर्ज हैं। एनसीबी में शामिल एक अधिकारी ने बताया कि रफीक के घर में काफी समय से स्मैक बनाने और तस्करी करने का धंधा चल रहा था। थानाध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया एनसीबी ने छापा मारा था।

# अब राज्य में ही कम खर्च पर कैंसर का इलाज संभव : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के सभी 38 जिलों के लगभग 45 हजारों गांवों के 8387 पंचायतों के लिए निःशुल्क ग्रामीण कैंसर जांच कार्यक्रम का लोकार्पण स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के प्रांगण में किया। इस दौरान ग्रामीण कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम के लिए समर्पित नए ऐप व बिहार का पहला स्लीप इंस्टीट्यूट के लोकार्पण के साथ ही ऑन को-मीट 2025 का भी उद्घाटन किया।



अपने संबोधन में श्री पांडेय ने कहा कि बिहार में कैंसर के खिलाफ अभियान की सख्त जरूरत है। खासकर ग्रामीण व सुदूर इलाकों में बसने वाली आबादी पर फोकस जरुरी है। डॉ. प्रभात रंजन डायग्नोस्टिक एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ प्रभात रंजन ने इस अभियान को निःशुल्क चलाने का निर्णय लिया है। इससे निश्चित तौर पर बिहार के सुदूर इलाकों में रह रहे लोगों को लाभ मिलेगा। यदि पहले ही कैंसर की जांच करके उनके बारे में जानकारी प्राप्त कर ली जाए तो इलाज करना संभव है। श्री मंगल पांडे ने कहा कि बिहार देश का पहला राज्य है जहां सर्वाइवल कैंसर के बचाव के लिए महिलाओं को टीके लगाए जाते हैं। प्रदेश में इस बीमारी से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान निरंतर जारी है। हमारा लक्ष्य है कि महिलाओं में होने वाली इस गंभीर बीमारी की रोकथाम के लिए जन-जागरुकता में तेजी आए। राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में लगातार स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हुआ है जिससे राज्य की जनता लाभान्वित हुई है। एक दौर था जब कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज के लिए राज्य से बाहर जाना पाड़ता था। मगर हमारे मुख्यमंत्री की सोच व निरंतर प्रयासों का नतीजा है कि आज राज्य में कैंसर की बीमारी का समुचित इलाज हो रहा है। मुजफ्फरपुर में भी 425 करोड़ की लागत से कैंसर का बड़ा अस्पताल खुलने जा रहा है। वहीं पटना में चल रहे महावीर कैंसर अस्पताल को राज्य सरकार ने खुलकर सहयोग प्रदान की। राज्य के विभिन्न अस्पतालों में कैंसर समेत अन्य गंभीर बीमारियों की रोकथाम की समुचित व्यवस्था कर दी गयी है। 2005 के बाद स्वास्थ्य सेवा में काफी काफी सुधार हुआ है।

# सांसद रविशंकर प्रसाद के होली मिलन समारोह में पहुंचे सीएम नीतीश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना साहिब के भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय, नितिन नवीन सहित स्थानीय विधायक, वकील और डाक्टर भी शामिल हुए। इनके अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय जनता भी पहुंची थी। समारोह में होली के पारंपरिक गीतों के साथ ही नृत्य की भी झलक दिखी। इस अनुशासित होली मिलन में उपस्थित जनसमूह केवल चंदन और फूलों की होली खेलते नजर आए। गीतों और नृत्यों में भी गांव खुशबू, फगुआ का



बयार और होली के सांस्कृतिक और पारंपरिक झलक देखने को मिली रविशंकर प्रसाद ने सभी मीडिया कर्मियों को भी चंदन लगाया और कहा होली सद्भावना का, प्रेम का मिलन का कार्यक्रम है। समारोह में उस समय बड़ी अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई थी जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सांसद रविशंकर प्रसाद का पैर छूने को झुके। रविशंकर प्रसाद ने उनको रोका। फिर पास खड़े सांसद संजय झा ने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़ा। इसके बाद नीतीश कुमार ने रविशंकर प्रसाद को गले लगा लिया। मुख्यमंत्री रविशंकर प्रसाद से चार साल बड़े हैं। नीतीश कुमार मंत्री विजय कुमार चौधरी और संजय झा के साथ वहां पहुंचे थे। रविशंकर प्रसाद ने गेट पर उनका स्वागत किया। फिर गुलाल का टीका लगाया। मुख्यमंत्री ने गुलाल का टीका लगाने की जगह फूलों से उनका अभिनंदन किया।

# महिला दिवस पर पारस एचएमआरआई ने लांच किया विशेष पैकेज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पारस एचएमआरआई हॉस्पिटल, पटना ने महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए विशेष जागरूकता अभियान शुरू किया। इस पहल के तहत महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने और समय पर जांच के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस मौके पर जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने एक महीने तक मुफ्त ओपीडी परामर्श और किफायती कैंसर स्क्रीनिंग पैकेज की घोषणा की, जो मार्च 2025 तक वैध रहेगा। इस अभियान के तहत अस्पताल द्वारा निःशुल्क हेल्थ पास भी वितरित किए जाएंगे जिससे महिलाएं मुफ्त परामर्श प्राप्त कर सकेंगी। कार्यक्रम में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. मोशर्रत शाहीन, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. रश्मि प्रसाद, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मिता सिंह, डॉ. प्रगति अग्रवाल और डॉ. नेहा राय ने महिलाओं को समय पर जांच और सही उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया।

# बिहार विद्यापीठ में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के देशरत्न राजेंद्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में संपन्न हुआ जिसमें समाज में महिलाओं की भूमिका, उनके अधिकारों और सशक्तीकरण पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष एवं एआईसी बिहार विद्यापीठ के सीईओ विजय प्रकाश ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने



ऐतिहासिक दृष्टांतों के माध्यम से महिला और पुरुष के बीच जैविक विविधताओं की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में स्त्री और पुरुष के बीच किसी प्रकार के भेदभाव की अवधारणा नहीं है। उन्होंने कहा कि समाज और परिवार के निर्माण में दोनों की भूमिका समान है। महिलाओं को त्याग की प्रतिमूर्ति बताते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समानता के सिद्धांत को बनाए रखना और अपनी संस्कृति के प्रति जागरूक रहना अत्यंत आवश्यक है। बिहार विद्यापीठ के सचिव डॉ. राणा अवधेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में निरंतर बदलाव आ रहा है। महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है, उनका आत्मविश्वास बढ़ा है। उन्होंने बिहार सरकार की 'पोशाक योजना' और 'साइकिल योजना' की प्रशंसा करते हुए कहा कि इन योजनाओं ने बालिकाओं की शिक्षा और आत्मनिर्भरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में बिहार विद्यापीठ की निदेशक डॉ. मृदुला प्रकाश ने एक व्यावहारिक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा जब हम किसी की ओर एक उंगली उठाते हैं तो तीन उंगलियां हमारी ओर मुड़ती हैं।

# मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 148 मामलों का निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और राज्य सेवा विधि प्राधिकरण के निर्देश पर मसौढ़ी सिविल कोर्ट में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जहां पर चार बेंच गठित किए गए जिसमें एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी, मुंसिफ नवीन कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी नवीन कुमार गौतम, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सत्यप्रकाश रहे जहां कुल 148 मामले का निष्पादन किया गया। एसडीजेएम शुभम त्रिपाठी ने कहा अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है। यहां पक्षकारों की त्वरित और कम खर्च पर न्याय दिया जाता है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबे समय तक चलने वाले कानूनी लड़ाई को समाप्त कर या रोकर वादियों को राहत देने का काम किया जाता है। ऐसे में राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है। वादों के निपटारों में पक्षकारों के हार जीत नहीं होती है इसका फैसला अंतिम चुनौती रहित होती है।

# बी डी कॉलेज में मना होली मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बी डी कॉलेज में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक दूसरे को अबीर एवं गुलाल और गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। वहीं मालपुआ एवं विभिन्न पकवान खिलाकर बधाई दी गई। मौके पर प्राचार्य प्रो. विवेकानंद सिंह ने कहा कि होली जिसे रंगों का त्योहार भी कहा जाता है, सामाजिक मतभेदों से ऊपर उठकर लोगों को एक साथ लाता है। होली का त्योहार हमें यूनिटी और एकजुटता की भावना रखना सिखाता है। होली एक खूबसूरत त्योहार है जो हमें अपने प्रियजनों के प्रति अपना प्यार,



कृतज्ञता और स्नेह का इजहार करने का मौका देता है। एक-दूसरे को खूबसूरत रंगों से सराबोर करने से रिश्तों में खुशहाली आती है और एक दूसरे से लगाव बढ़ता है। श्री सिंह ने कहा कि होली एक-दूसरे को क्षमा करने के लिए प्रोत्साहित करती है। होली खेलना नई शुरुआत का प्रतीक है। इस त्योहार की सुंदरता एकजुटता और आपस में शेयर किये गए खुशी के मौकों को दर्शाता है। सभी ने उत्साह के साथ होली मिलन के कार्यक्रम का आनंद लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का होली मिलन, फगुआ की बही बयार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी में महिला दिवस के मौके पर महिलाओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया जहां नारी उत्थान समिति की ओर से होली मिलन कार्यक्रम हुआ जहां पर ढोलक के थाप पर झाल मंजीर के धुन पर देसी तड़के के साथ कमरतोड़ डांस करते हुए सभी महिलाओं ने होली मिलन में फगुआ गीत गाये। कार्यक्रम में मसौढ़ी के भूतपूर्व विधायक पूनम देवी भी पहुंची। उन्होंने कहा कि जब एक नारी आगे बढ़ती है तो पूरा परिवार, समाज और देश प्रगति करता है। वहीं कार्यक्रम संयोजक विद्या देवी ने कहा कि नारी सिर्फ सृजन का आधार ही नहीं, बल्कि समाज की धुरी भी है। इस अवसर पर आयोजित होली मिलन समारोह में महिलाओं ने देसी तड़का के साथ खूब डांस मस्ती की और एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली खेली गई। वहीं दूसरी ओर भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जहां फाग गीत गाये। मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की नेत्री आशा किरण सिंह समेत अन्य शामिल रहे। इसके अलावा नारी उत्थान कार्यक्रम में मसौढ़ी के पूर्व विधायक पूनम देवी, डॉ राखी रानी, विद्या देवी, रौली देवी, उषा देवी, कुंती देवी, वीणा देवी, नीलम देवी, बेबी देवी आदि शामिल रही।

# गंदगी के खिलाफ जारी है जंग, स्वच्छता के हैं चार रंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** महिला दिवस के अवसर पर पटना नगर स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा जेडी विमेंस कॉलेज में महिला दिवस सह स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसकी शुरुआत केक काटकर की गई। पटना नगर निगम की जनसंपर्क अधिकारी श्वेता भास्कर ने सभी उपस्थित लोगों को क्यूआर कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के संबंध में जरूरी जानकारी दी। पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान की ब्रांड एंबेसडर और लोक गायिका डॉक्टर नीतू कुमारी नवगीत ने गीत गाकर लोगों को स्वच्छ सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं यदि ठान लें तो असंभव को भी



संभव कर सकती हैं। गंदगी के खिलाफ जंग में महिलाओं की विशेष भूमिका है। सूखा कचरा और गीला कचरा यदि घर पर ही अलग कर दिया जाए तो उनका डिस्पोजल बहुत आसान हो जाता है। पटना नगर निगम की ओर से अलग-अलग तरह के कचरा के लिए अलग-अलग रंग के डिस्पोजल बिन की व्यवस्था की गई है। उनका प्रयोग करना है और शहर को स्वच्छ बनाए रखने में अपनी ओर से योगदान देना है। इस अवसर पर डॉ श्री सुमन, डॉ हिना रानी, डॉ अमर कुमार पंत, अमित कुमार गिरी, डॉ. संगीता कुमारी, डॉ. वीणा अमृत, डॉ मंजरी नाथ, श्वेत प्रीति, डॉ अमित सिंह, पूनम, इबराना नाम, सुधा अम्बष्ठ, प्रीति, शिवानी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब ऑफ पटना अनंता के होली मिलन में रंग और संगीत के साथ हुई मस्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** होली के पावन अवसर पर लायंस क्लब पटना अनंता द्वारा आयोजित 'रंगोत्सव' होली मिलन समारोह पटना के क्रेसेंट टॉवर, अनीसाबाद में धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मेजबानी बबिता सिन्हा ने की जिसमें 500 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया और जमकर होली का आनंद उठाया। इस कार्यक्रम में पीडीजी लायन संजय अवस्थी, पीडीजी मधुसूदन कुमार, पीडीजी आरआर सहाय सहित पूरे बिहार से लायंस क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन की मेजबानी अनंता टीम ने की जिन्होंने



पूरे कार्यक्रम को शानदार तरीके से संचालित किया। इस भव्य आयोजन में सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और फिर शुरू हुई डांस और मस्ती की महफिल। ढोल-नगाड़ों की थाप पर लोग थिरकते नजर आए, वहीं बच्चों और युवाओं ने धमाकेदार डांस परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया। हंसी-ठिठोली, डीजे की धुनों पर गरबा और बॉलीवुड बीट्स पर ठुमकों ने पूरे माहौल को और भी रंगीन बना दिया। इस बार होली के साथ एक नया ट्विस्ट भी देखने को मिला। नाचते-गाते रंगों से सराबोर मेहमानों ने अचानक रैंप वॉक करना शुरू कर दिया। पारंपरिक और मॉडर्न अंदाज में सजी-धजी महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने रंग-बिरंगे कपड़ों में जबरदस्त अंदाज में वॉक किया जिसे देखकर सभी झूम उठे। रंगों और मस्ती के बीच स्वादिष्ट पकवानों की खुशबू ने हर किसी को अपनी ओर खींच लिया। ठंडाई, गुजिया, दही वाड़ा, पापड़ी चाट और अन्य लजीज व्यंजनों का सबने भरपूर आनंद लिया। होली के रंग, मस्ती और अनोखे अंदाज के साथ 'रंगोत्सव' पटना की यादगार होली बन गया। अंत में बबिता सिन्हा ने इस सफल आयोजन के लिए सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# 5वें लाइनमैन दिवस पर बिजली क्षेत्र के फ्रंटलाइन वर्कर्स हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिजली मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सांविधिक निकाय, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) ने टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा पावर-डीडीएल) के सहयोग से नई दिल्ली में 'लाइनमैन दिवस' के 5वें संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह खास दिवस भारत के बिजली क्षेत्र की रीढ़ माने जाने वाले लाइनमैन और ग्राउंड मेंटेनेंस कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की सराहना करने के लिए मनाया जाता है। इस मौके पर देश भर के 45 से अधिक सरकारी और



प्राइवेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन, जेनेरेशन और ट्रांसमिशन कंपनियों के 180 से अधिक लाइनमैन निर्बाध बिजली की आपूर्ति बनाए रखने के अपने अनुभव, चुनौतियों और महत्वपूर्ण क्षणों को साझा करने के लिए एक साथ आए। इसके अलावा यह कार्यक्रम विचारों के आदान-प्रदान, सर्वोत्तम सुरक्षा कार्य प्रणालियों पर चर्चा करने तथा प्रतिभागियों के बीच सामूहिक सीख को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण मंच भी बना। इस अवसर पर बिजली मंत्री एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने अपने संदेश में इस बात पर जोर दिया कि बिजली की विश्वसनीय पहुंच उद्योगों की संपन्नता, समृद्ध व्यवसायों और जीवंत समुदाय की जीवन रेखा है। लाइनमैन हमारे मूक नायक हैं जो मौसम, आपदा या प्रतिकूल स्थिति जैसी किसी भी चुनौती का सामना करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करते हैं। लाइनमैन दिवस उनके अटूट समर्पण का जश्न मनाता है और ऊर्जा क्षेत्र में सुरक्षा, सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देता है। उनकी महत्वपूर्ण भूमिका का सम्मान करने के लिए समर्पित एक दिन, विशेष रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के दौरान, उनकी सुरक्षा और कल्याण के महत्व को रेखांकित करता है।

# स्कॉलर्स एबोड स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शनिवार को पटना के स्कॉलर्स एबोड स्कूल प्रांगण में होली मिलन व महिला दिवस के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय प्रबंध निदेशक राणा राहुल सिंह, प्रधानाचार्या स्मृति रावत व समस्त शिक्षक परिवार अत्यंत हर्षोल्लास के साथ अपनी भागीदारी दर्ज की। साथ ही समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का आनंद उठाया। विभिन्न कार्यक्रमों जैसे रैम्प वॉक, टैलेंट राउंड, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आदि में शिक्षक परिवार ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया एवं कार्यक्रम का आनंद उठाया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक



राणा राहुल सिंह ने सर्वप्रथम समस्त विद्यालय परिवार को होली की शुभकामना दी और साथ ही महिलाओं के विकास हेतु महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में शामिल करने को अनिवार्यता दी। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई देता हूं और उनकी शक्ति और सशक्तिकरण हेतु प्रतिबद्ध हूं। अंत में शिक्षकों के मध्य अबीर गुलाल का वितरण हुआ। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के मध्य अबीर व मिठाइयों को वितरित किया गया। साथ ही समस्त विद्यालय परिवार ने हल्के भोज्य व्यवस्था का लुफ्त उठाया।

# बासा वाइफ एसोसिएशन ने किया महिला दिवस सह होली मिलन का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इनकम टैक्स चौराहा स्थित बिहार प्रशासनिक सेवा संघ भवन (बासा भवन) में बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रसिद्ध रेडियोलाजिस्ट डॉ. शिखा आनंद ने किया। होली के गीतों पर जमकर मस्ती की और रंग - गुलाल उड़ाए। डॉ. शिखा आनंद ने कार्यक्रम में महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी दी। वहीं बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाईफ्स एसोसिएशन की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने सभी महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामना देते हुए उनके हौसले और जज्बे को सलाम किया। कार्यक्रम में एसोसिएशन की सचिव राखी, कोषाध्यक्ष छाया, सदस्य सुनीता, कविता, मोनिका भारती, विशाखा, निहारिका वर्मा, पुष्पा, नूतन वर्मा, प्रीति वर्मा, स्वाति झा समेत एसोसिएशन से जुड़ी सभी महिलाएं मौजूद रही।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** कृषि विज्ञान केन्द्र बाढ़ के प्रागण में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एकदिवसीय जागरूकता एवं ई किसान चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, संगीता कुमारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बख्तियारपुर, डा. अर्चना, दंत चिकित्सा पदाधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र, राणा बिगहा, बिपीन कुमार सिंह, परियोजना समन्वयक, बी.डब्लू.डी.एस, पटना, नागेश्वर दास, परियोजना समन्वयक, बी.डब्लू.डी.एस,



पटना, पूनम कुमारी, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बाढ़ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंच का संचालन डा. पुष्पम पटेल, वैज्ञानिक (उद्यान) एवं धन्यवाद ज्ञापन संगीता कुमारी, वैज्ञानिक पीबीजी के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं लोकगीत के माध्यम से शिक्षा का महत्व, मानव तस्करी एवं बाल विवाह पर जागरूक किया गया। डा. रीता सिंह, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने अपने संबोधन में बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 2015 से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का प्रारंभ किया गया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** रिखियासन जीवनशाला मंथन सामाजिक संस्थान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका थीम 'नारी देश की शान है, हर घर की अभिमान है' रहा। इस आयोजन में दूर-दराज के 800 से अधिक महिलाएं शामिल हुईं। संस्थान के निदेशक फादर डॉ. टी. निशांत के निर्देशन में हुए इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि आकांक्षा श्री, विशिष्ट अतिथि बैकुंठ मांझी, कान्ती खाखा, फादर अल्बर्ट तिर्की, राजकुमारी देवी आदि के करकमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। फादर निशांत ने अपने संबोधन में महिलाओं की मेहनत और संघर्ष को सराहा और शिक्षा को सशक्तिकरण का प्रमुख माध्यम बताया। मुख्य अतिथि आकांक्षा श्री व विशिष्ट अतिथि बैकुंठ मांझी ने भी शिक्षा के बल पर हक-अधिकार प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने नाटक, भाषण, विचार-विमर्श और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांधा।

# शक्तिधाम राणीसती मंदिर में दादीजी होली मिलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शक्तिधाम राणीसती मंदिर में दादीजी होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया। शक्तिधाम मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन दादीजी होली मिलन महोत्सव आयोजित किया जाता है। आज दादीजी का श्रृंगार देशी एवं विदेशी फूलों से बड़े हीं मनमोहक ढंग से किया गया था। दादीजी का श्रृंगार अति मोहक एवं दर्शनीय लग रहा था। भक्तगण दादीजी का दर्शन कर भाव विभोर हो रहे थे। दादीजी मंदिर की शकुन्तला अग्रवाल, रेखा मोदी, सरिता बंका, सरोज बंका,



प्रेमलता गोयल, अनुसुईया खेतान, रिमझिम सर्राफ, रेणु बजाज, रेणु अग्रवाल, इंदिरा खंडेलवाल, ममता अग्रवाल, कुसुम अग्रवाल, संगीता गोयल सहित सैकड़ों महिलायें भक्ति भाव से भजन कीर्तन कर रही थी। महिलायें 'दादी फागुन की आयो बहार, बुला रहा है सांवरा अपने अपने द्वार' 'उत्सव में उड़े गुलाल मईया म्हारो अंगनियां में आज' 'मैयाजी थ्हारी बेटी हूं मै रखियो मेरी लाज' आदि भजन गा रही थीं। महिलायें इन गीतों पर खूब झूमी और अबीर गुलाल उड़ाए। दादीजी होली मिलन समारोह में उत्साह, उमंग के बीच आस्था का रंग भी दिखा। रंग बिरंगे चकाचक परिधानों में सजी महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। होली मिलन के दौरान होली खेलने से पहले श्रद्धालु महिलायें दादी जी की चरणों में अबीर गुलाल अर्पित कर रहे थे। अमर अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय श्याम फाल्गुन महोत्सव के दूसरे दिन 9 मार्च रविवार को दिन में दस बजे से निशान शोभा यात्रा पुष्प विहार अपार्टमेंट, एक्जीविशन रोड से निकलकर भट्टाचार्या रोड, पीरमुहानी, कदमकुआं, जहाजी कोठी, हथुआ मार्केट, बाकरगंज, गांधी मैदान, होटल मौर्या, विस्कोमान भवन होते हुए महाराजा अग्रसेन मार्ग शक्तिधाम मंदिर पहुंचेगी।

# शराब के साथ बाइक जब्त, मुसहरी में जावा महुआ को किया नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ऑपरेशन देसी शराब के तहत चल रहे अभियान के तहत एक्साईज पुलिस ने नदौल चेक पोस्ट के पाह एक पल्सर बाइक के साथ 80 लीटर देसी शराब को जब्त किया है। हालांकि बाइक सवारी दूर से ही पुलिस को देख बाइक छोड़कर फरार हो गया, वही संघत पर मुसहरी में छापेमारी के दौरान 17 हजार जावा महुआ को नष्ट किया गया है। वही 4 हजार देसी शराब को नष्ट किया गया। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट संजय कुमार चौधरी ने बताया कि होली पर्व को लेकर लगातार छापेमारी चल रही है वही लहसुना थाने की पुलिस ने बांसडीह मुसहरी कमलेश मांझी के साथ 17 लीटर देसी शराब को जब्त किया है जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इसके अलावा कई भट्ठियों को ध्वस्त की जा रही है। बहरहाल होली पर्व को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

CMYK

## संपादकीय

# अनिवार्य है यह आजादी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में जो कहा, वह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है। इनमें से एक मामला कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से जुड़ा था। उनकी एक कविता पर गुजरात पुलिस ने स्वतः एफआईआर दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि एफआईआर दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है। इलाहाबादिया से जुड़े अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें। सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लाने चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें। सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में दोनों तरह का विचलन काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है। जहां सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ी है, वहीं शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक मिलती है। इससे नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है। शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि इस अधिकार का ख्याल रखा जाए।

# पंजाब के किसानों का उबाल दमन नहीं, संवाद से थमेगा

**नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी- यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है? पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं।**

(ललित गर्ग)



संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से।

पंजाब में आम आदमी पार्टी की नाकामयाबियां, अप्रभावी प्रशासन कौशल, असंवाद, हठधर्मिता एवं दमनात्मक कदमों से अराजकता एवं अशांति का वातावरण उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है आप सरकार के पाप का घड़ा भर चुका है, जनता, किसान एवं अधिकारी सभी कोई त्रस्त एवं परेशान है। इसकी निष्पत्ति के रूप में सामने आ रहा है किसानों का आन्दोलन एवं आम जनता का अंतोष। ये वे ही किसान है जिनको भड़काकर, गुमराह करके एवं गलत दिशाओं में धकेल कर 'आप' पार्टी के संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने केन्द्र सरकार के सामने जटिल स्थितियां पैदा की, दिल्ली की जनता का सुख-चैन छीना था एवं खुद किसानों का मसीहा बनने का प्रयास किया था। अब उन्हीं किसानों की समस्याओं को सुनने की बजाय उन पर सख्त दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। नौ सौ चूहे खाय बिल्ली हज को चली कहावत को चरितार्थ करने वाली 'आप' सरकार के लिये पंजाब एक जटिल समस्या एवं चुनौती बनकर खड़ी है। जैसी करनी वैसी भरनी-यही हश्र हो रहा है आप सरकार की कथनी और करनी में फर्क की राजनीति का। पंजाब की आप सरकार पहले किए गए कई चुनावी वादों को पूरा करने नाकाम रही है, हालांकि, नाटकीयता के प्रति उसकी प्रवृत्ति के अलावा, सभी चुनावी वादे एवं घोषणाएं काफी हद तक असफल रही है। पंजाब में मान सरकार के खिलाफ नाराज किसानों ने मोर्चा खोल दिया है, 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के लिए कूच करने वाले किसानों को भले ही पुलिस ने रोक दिया, चंडीगढ़ की सभी सीमाओं पर पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी हो और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया हो। लेकिन बातचीत की बजाय ऐसे दमनात्मक तरीकों से किसान अधिक भडकेंगे। सवाल यह है कि कृषि प्रधान राज्य क्या किसानों के हितों की अनदेखी कर सकता है?

पंजाब में हालात अनियंत्रित, जटिल, अराजक एवं अशांत होते जा रहे हैं। भारतीय किसान यूनियन के एक घटक द्वारा चंडीगढ़ में नये सिरे से आंदोलन शुरू करने की चेतावनी के बाद पुलिस-प्रशासन की सख्ती से बुधवार को सामान्य जीवन व यातायात बुरी तरह से प्रभावित हुआ। चंडीगढ़ से लगते इलाकों में पुलिस के अवरोधों के चलते वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। जिन हालातों को दिल्ली की जनता ने लम्बे समय तक झेला, वे ही हालात अब पंजाब के हो रहे हैं। पुलिस आंदोलनकारियों से निबटने के लिये सख्त एवं आक्रामक बनी रही और कई किसान नेताओं को गिरफ्तार किया गया। चंडीगढ़ के अनेक प्रवेश मार्गों को सील किया गया था और भारी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था। सवाल उठाया जा रहा है कि 'आप' सरकार की यह सख्ती क्या हताशा का पर्याय है या समस्याओं से निपटने में उसकी नाकामी को दर्शाता है? बड़ी-बड़ी आदर्श की बातें करने वाली आप पार्टी का दोगला चरित्र ही उजागर हो रहा है। भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप पार्टी की सरकार, जिसे कभी बदलाव का अग्रदूत एवं जन-जन का सच्चा हितैषी माना जाता रहा है, अब खुद को प्रमुख हितधारकों- किसानों, राजस्व अधिकारियों और नौकरशाही के साथ उलझी हुई पा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि किसानों का सबसे बड़ी हितैषी मानने वाली सरकार आज किसानों की दुश्मन कैसे हो गयी? कृषिभूमि पंजाब को कैसे अशांत होने दिया जा रहा है?

आप सरकार द्वारा जिस तरह से लंबे समय से आंदोलनरत किसानों की मांगों के प्रति उदासीनता एवं उपेक्षा दर्शायी जा रही है, उससे किसानों की लोकतांत्रिक भागीदारी को लेकर चिंताएं पैदा होती हैं। निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन के दमन से सामाजिक विभाजन और संघर्ष की स्थितियां ही गहराती है, आन्दोलन एवं विद्रोह भावना भड़कती है। दरअसल, पंजाब का संकट सिर्फ हड़ताली अधिकारियों या फिर विरोध करने वाले किसानों को लेकर ही नहीं है। यह असंतोष शासन के दोगलेपन, रीति-नीतियों, झूठे आश्वासनों एवं छलपूर्ण कार्यप्रणाली से जुड़ा है। ये स्थितियां न केवल किसान आंदोलनकारियों से सहज संवाद की कला को खोती हुई प्रतीत हो रही है, बल्कि जिसने पंजाब को नशे का जंगल बना दिया है, आतंकवाद को पनपने दिया एवं महिलाओं को नाराज किया है। निश्चित रूप से अपने राज्य के लोगों के साथ सख्ती का व्यवहार एवं झूठे वायदों ने तंत्र की नाकामी को ही उजागर करता है। निर्विवाद रूप से निराशाजनक वातावरण को यथाशीघ्र दूर करने के प्रयास किए जाने चाहिए, अन्यथा पंजाब की अशांति एवं अराजकता प्रांत को न केवल आर्थिक मोर्चे पर बल्कि सुशासन के मोर्चे पर धराशाही कर देगी।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शुरू हुआ किसान आंदोलन अब उग्र से उग्रतर होता जा रहा है। इस आन्दोलन से उपजे हालात से जनजीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। जाम की बड़ी समस्या पर आम लोग कह रहे कि जाम किसानों की तरफ से है या सरकार की तरफ से। दरअसल, पंजाब जो लंबे समय से कृषि क्षेत्र में उदार दृष्टिकोण एवं हरित क्रांति वाला राज्य रहा है, तंत्र की संवेदनहीनता और शासन की आक्रामकता के चलते अब अशांत नजर आ रहा है। समय रहते किसानों की मांगों को पूरा न किए जाने और कारगर समाधान के लिये परामर्श न मिल पाने से निराश किसान यूनियनों ने नये सिरे से विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जिसकी परिणति 'चंडीगढ़ चलो मार्च' के रूप में सामने आई है। किसान नेता आरोप लगा रहे हैं कि किसानों की समस्याओं के समाधान पर संवेदनशील रवैया अपनाने के बजाय दमनात्मक कदम उठाये जा रहे हैं। जिसे वे देर रात छापेमारी करके किसान नेताओं की गिरफ्तारी और चंडीगढ़ की सीमाएं सील करने के रूप में देख रहे हैं। अपनी हार एवं नाकामयाबियों से बौखलायी आप सरकार अधिकारियों को निलंबित एवं तबादलें कर रही है, जिससे किसानों के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों में भी गहरा असंतोष सामने आ रहा है, वे भी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। राजस्व अधिकारियों ने सामूहिक अवकाश लेने के विकल्प चुनकर सरकार की समस्याओं को बढ़ा दिया है।

पंजाब में आप सरकार की चुनौतियां बढ़ती जा रही है। आम लोग अब बार-बार होने वाले प्रदर्शनों, धरनों और नाकेबंदियों से ऊब चुके हैं। आप शासन की खामियां ही उजागर हो रही हैं, अधूरे वादों, कानून-व्यवस्था या आर्थिक चुनौतियों जैसे मुद्दों पंजाब की शांति को लील रहे हैं। भगवत मान छल और झूठ की राजनीति करते हुए अपने हर वादे से मुकर रहे हैं। दरअसल, केजरीवाल भ्रष्टाचार के विरोध में आन्दोलन के योद्धा के रूप में भारतीय राजनीति में चमके और दिल्ली के साथ पंजाब में उनकी सरकार बनी। दिल्ली में उनकी सत्ता जा चुकी है। पंजाब की स्थितियां उसके लिये खासी चुनौतीपूर्ण व जोखिमभरी बनती जा रही हैं। भले ही मान सरकार अपने को, समय को पहचानने वाला साबित कर रहे हो, लेकिन वह अपने प्रदेश को, अपने पैरों की जमीन को एवं राजनीतिक मूल्यों को नहीं पहचान रहे हैं। यह नियति का व्यंग्य है या सबक? आप के शीर्ष नेताओं के लिये पहले श्रद्धा से सिर झुकता था अब शर्म से सिर झुकता है। कैसे आप की राजनीति एवं शासन-व्यवस्था इस शर्म के साथ जनता से मुखातिब होगी? कैसे पंजाब को समस्याओं से मुक्ति देगी? पंजाब के किसानों का उबाल दमन से नहीं, सार्थक संवाद से ही थमेगा। लेखक, पत्रकार, स्तंभकार।

# पर्वतों से ग्लेशियर के टूटने का सिलसिला कब टूटेगा

(वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली, पर्यावरण वैज्ञानिक)

उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम से तीन किलोमीटर दूर माणा गांव के समीप हिमस्खलन हादसे की चपेट में आई आठ जिंदगियों को बचाया न जा सका। इसके पहले 7 फरवरी, 2021 को चमोली जिले में ही रैणी व तपोवन क्षेत्र में ग्लेशियर टूटने से जल प्रलय आया था। तब 'ग्लेशियर बर्स्ट' जैसे शब्द का उपयोग किया गया था। मीडिया सनसनी के लिए शायद ग्लेशियर बर्स्ट शब्द ठीक है, परंतु वैज्ञानिक शब्दावली में इसका खास उल्लेख नहीं है। ग्लेशियर को समझना जरूरी है।

**_साल 2018 में बेंगलुरु के जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले एक संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 सेंटीग्रेट बढ़ गया है। वहां सर्दियां भी लगातार गर्म हो रही हैं। यथार्थ यह है कि हिमालय के ग्लेशियर विश्व के जलवायु के संकेतक हैं। क्या इन संकेतकों पर ठीक से गौर किया जा रहा है?_**

दशकों से यह खबर हम सभी सुनते आ रहे हैं कि हिमालयी ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। अमेरिका की एक एजेंसी तो पूरे हिंदुकुश हिमालय पर ही जलवायु-परिवर्तन के खतरों से आगाह कर चुकी है। सब जानते हैं कि इन्हीं ग्लेशियरों के कारण हिमालय को जल मीनार भी कहा जाता है। यह वैज्ञानिक राय स्पष्ट है कि सर्दियों में पर्वतों पर बर्फ को जमने देना चाहिए, पर शीतकाल में भी उन पहाड़ों पर भारी मशीनी कार्य हो रहे हैं, जिन पर ग्लेशियर टिके हैं। यह बहुत चिंताजनक है। अतः इसे मानव उत्प्रेरित त्रासदी भी कहा जा सकता है। यही नहीं, दशकों से यह पूरी तरह संज्ञान में है कि ग्लेशियरों के भीतर झीलें बढ़ रही हैं, जिनकी परिधियां जब टूट जाती हैं, तो भारी तबाही लाती हैं, तब भी विशेषकर उत्तराखंड में ग्लेशियर के प्रति संवेदना न जागना चिंताजनक है।

ग्लेशियर तो खुद पर्यावरण की मार खाए हुए हैं। सदैव गतिमान रहना उनका स्वभाव है। ग्लेशियर जब प्राकृतिक रूप से किसी पहाड़ के किनारे पहुंचते हैं, तो वहां लटके या झूलते रहते हैं व कभी टूट कर गुरुत्वाकर्षण शक्ति के वशीभूत हो जाते हैं। उनके नीचे नदियां हों, तो उन पर गिरेंगे। बस्तियां होंगी, तो उन पर गिरेंगे। इसमें ग्लेशियरों का क्या दोष? पहली क्षति उनको ही होती है, एक हादसे में उनका बहुत कुछ सदा के लिए समाप्त हो जाता है। जब हादसा हो जाता है, तब बयानबाजी होती है, अन्यथा कमाई करने के नाम पर चाहे पर्यटकों से हों या तीर्थयात्रियों से हिमस्खलन संभावित क्षेत्रों में कंपन पैदा करने वाले निर्माण कार्य जारी रहते हैं।

पवित्र चार धाम- बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री ग्लेशियर के अंचल में ही स्थित हैं। इन सभी धाम में लाखों लोग पहुंचते हैं। हजारों वाहन आते हैं। हवाई परिवहन भी बढ़ रहा है। यहां सीमेंट-सरिया से भी शहरीकरण हो रहा है। नतीजा यह कि ग्लेशियर साल-दर-साल घटते जा रहे हैं। वैश्विक प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन से खतरे बढ़ते जा रहे हैं। सहज ही यह सवाल पैदा होता है कि क्या राज्य सरकार ग्लेशियर के बचाव के लिए कुछ कर सकती है? ग्लेशियर को बचाने की पहल किसे करनी चाहिए और क्या वाकई ग्लेशियर की चिंता कोई कर रहा है? हर हादसे के बाद ऐसे सवाल खड़े होते हैं और समय के साथ शांत हो जाते हैं।

उपाय क्या है? जिन चट्टानों पर ग्लेशियर टिके हों, वहां किसी भी तरह की छेड़छाड़ नहीं होनी चाहिए। तापक्रम बढ़ने से ग्लेशियर का पिघलना सामान्य बात है, लेकिन उन पर गिरने वाली बर्फ से भरपाई होती रहे, तो उनका संतुलन बना रहता है।

साल 2018 में बेंगलुरु के जलवायु परिवर्तन पर काम करने वाले एक संस्थान के वैज्ञानिकों ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि पश्चिमोत्तर हिमालय में 1991 के बाद औसत तापमान 0.66 सेंटीग्रेट बढ़ गया है। वहां सर्दियां भी लगातार गर्म हो रही हैं। यथार्थ यह है कि हिमालय के ग्लेशियर विश्व के जलवायु के संकेतक हैं। क्या इन संकेतकों पर ठीक से गौर किया जा रहा है? बिजली उत्पादन, औद्योगिकीकरण, परिवहन, पर्यटन, तीर्थाटन के नाम पर ग्लेशियर क्षेत्रों तक भीड़ व गतिविधियां बढ़ रही हैं। ये दुर्लभ पर्वतीय क्षेत्र महज आमोद-प्रमोद के लिए नहीं हैं। इन पर्वतों और ग्लेशियर को स्वस्थ रहने देना चाहिए। गंगा, यमुना जैसी नदियों और हिमालय को जीवित इंसान की तरह मानना हम कब शुरू करेंगे?

मैं 1970 के दशक में बदरीनाथ से माणा तक हुए भू-भौतिकीय सर्वेक्षण में शामिल रहा था और तब भी यह संवेदनशील क्षेत्र था। आज व्यावसायिक हित इतना हावी हो गया है कि माणा को टूरिस्ट हब बना दिया गया है। स्थानीय सजग लोग भी मानते हैं कि वास्तविक चिंताओं और खतरों की अनदेखी हो रही है। क्या ताजा हादसे के बाद अनदेखी का सिलसिला टूटने वाला है? (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# बदले-बदले से 'सरदार' नजर आते हैं

**नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं, दिन में हड़ताली राजस्व अधिकारियों को सीधा-सीधा धमकाते हैं कि 'आपको छुट्टी मुबारक' और शाम होते-होते उन्हें निलम्बित कर देते हैं। और तो और किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि 'बहुत हो चुका अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है।' पंजाब में इन दिनों मुख्यमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश कर रहा है। चूंकि राज्य में 'आप' की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है।**

(राकेश सैन)

आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी।

हिन्दी का एक बहुत मशहूर शेयर है ...
बदले-बदले से सरकार नजर आते हैं,
अपने ही संगी के साथी नहीं अब,
अपनों से अब बेजार नजर आते हैं।

इस शेयर में अगर 'सरकार' की जगह 'सरदार' लिख दिया जाए तो यह पंक्तियां पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान पर बिल्कुल स्टीक बैठती हैं। कुछ दिन पहले तक अपने चुटकलों से लोगों को हंसा हंसा कर लोटपोट कर देने वाले भगवंत मान अब उत्तर प्रदेश के योगी के अंदाज में दिखने लगे हैं। नशा तस्करों के घरों पर बुलडोजर चलाए जा रहे हैं, दिन में हड़ताली राजस्व अधिकारियों को सीधा-सीधा धमकाते हैं कि 'आपको छुट्टी मुबारक' और शाम होते-होते उन्हें निलम्बित कर देते हैं। और तो और किसान नेताओं को यहां तक कहने लगे हैं कि 'बहुत हो चुका अब आपकी ब्लैकमेलिंग और नहीं चलेगी। आप लोगों ने पंजाब को धरना प्रदेश बना कर रख दिया है।' पंजाब में इन दिनों मुख्यमंत्री के व्यवहार में आए बदलाव के कारण खोजे जा रहे हैं।

वरिष्ठ पत्रकारों का मानना है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की हुई पराजय के बाद पंजाब का नेतृत्व दबाव में है और कुछ कर दिखाने की कोशिश कर रहा है। चूंकि राज्य में 'आप' की क्रान्तिकारी सरकार अपना आधे से अधिक कार्यकाल पूरा कर चुकी है परन्तु उपलब्धि के नाम पर सरकार के हाथ खाली-खाली से लगते हैं। क्रान्ति अब भ्रान्ति लगने लगी है। पंजाब सरकार की कार्यप्रणाली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सरकार की छायाप्रति ही रही है। पंजाब में भी दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर आम आदमी क्लीनिक खोले गए, मनीष सिसोदिया के आदर्श स्कूलों की कॉपी करते हुए स्कूल आफ एमिनेंस खोले गए। पंजाब के मंत्री दिल्ली वालों की तरह शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते नहीं अघाते परन्तु दिल्ली के विकास मॉडल के धड़ाम होने के बाद पंजाब का नेतृत्व भी सन्न है। आम आदमी पार्टी की दृष्टि से पंजाब में तो स्थितियां और भी विकराल हैं क्योंकि यहां उसकी सरकार के कार्यकाल में नशा अपनी तमाम सीमाएं तोड़ता दिख रहा है, जबकि पार्टी नशामुक्ति के हिमालयी वायदे करके सत्ता में आई थी। पर आज राज्य में आए दिन कहीं न कहीं नशे की ओवरडोज मौत होने की खबरें मिलती रहती हैं। कुछ जगह पर तो आठ-दस साल के बच्चों के भी नशे करने की खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं। राज्य में आटे की तरह चिट्टा (हेरोइन) बिक रहा है। नशा महिषासुर राक्षस बन चुका है जिसको जितना मारो उसके रक्त की हर बून्द से नए-नए महिषासुर पैदा हो रहे हैं। पुलिस आए दिन भारी मात्रा में नशा पकडने् का दावा करती है परन्तु इसके बावजूद पंचनद की धरती पर नशे का छठा दरिया बहता दिखाई देता है। राज्य का सरकारी कर्ज निरंतर बढ़ रहा है तो महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये देने का चुनावी वायदा विपक्षी दल भूलने नहीं दे रहे।



कहते हैं कि एक बार मुल्ला जी ने नदी में बहते हुए रीछ को कम्बल समझ कर पकड़ लिया, पर कुछ ही देर बाद हालत यह हो गई कि मीयां जी तो कम्बल को छोडना् चाहें पर अब कम्बल मीयां जी को ना छोड़े। यही हालत किसान संगठनों को लेकर भगवंत मान सरकार की होती दिख रही है। दिल्ली में चले किसान आन्दोलन के दौरान आम आदमी पार्टी ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए आंदोलनकारी किसानों को केवल समर्थन ही नहीं दिया बल्कि लंगर-पानी तक पहुंचाने का काम भी किया। समय बदला, अब वही किसान संगठन आम आदमी पार्टी की सरकार के लिए सिरदर्द बनते दिख रहे हैं। साल पहले किसानों के नए आंदोलन के तहत दिल्ली कूच करते हुए हरियाणा पुलिस ने आंदोलनकारियों को पंजाब-हरियाणा की सीमा शम्भू बार्डर पर ही रोक दिया था। आन्दोलनकारी किसान तब से वहां पक्का मोर्चा लगाए बैठे हैं। यह आंदोलन अब राज्य के विकास के मार्ग में सबसे बड़ी बाधा बन रहा है। पंजाब की औद्योगिक नगरियां अमृतसर, जालन्धर, लुधियाना इसी मार्ग से दिल्ली के साथ जुड़ी हैं परन्तु रास्ता बंद होन के कारण न तो कारखानों को कच्चा माल आसानी से सप्लाई हो रहा है और न ही तैयार माल ठिकानों पर पहुंचाया जा सकता है। वैकल्पि मार्ग अपनाने से माल की लागत बढ़ रही है जिससे पंजाब के उद्योगपति पिछड़ रहे हैं। दिल्ली जाने के लिए आम लोगों को भी गांवों के कच्चे मार्गों से हो कर गुजरना पड़ता है। इससे पंजाब का उद्योग चरमराता जा रहा है, मुख्यमंत्री कई बार देश के बड़े धनपतियों से मिल कर राज्य में नये निवेश का आमंत्रण दे चुके हैं परन्तु जब पहले से स्थापित उद्योग किसान आंदोलनकारियों के कारण त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहे हों तो भला नया उद्योग कैसे राज्य में आए। पंजाब के उद्योगपति व व्यवसाई कई बार मुख्यमंत्री से भेंट कर इसका स्थाई हल निकालने की मांग कर चुके हैं पर कोई रास्ता निकलता नजर नहीं आ रहा, तो ऐसे में सरदार जी का बदलना समझ आता है।

कुछ विश्लेषक सरदार जी के बदलाव के पीछे पार्टी की आंतरिक राजनीतिक को भी कारण मान रहे हैं। सत्ता के गलियारों में चर्चा है कि दिल्ली में कमरतोड़ पराजय के बाद राजनीतिक रूप से बेरोजगार हो चुके अरविंद केजरीवाल अब पंजाब में अपनी सम्भावनाएं खोज रहे हैं। लुधियाना में आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी के देहांत के बाद वहां रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव होने हैं। आम आदमी पार्टी ने वहां के राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार घोषित किया है। इससे राज्य में इस चर्चा को बल मिला है कि खुद अरविंद केजरीवाल यहां से राज्यसभा जाने की इच्छा रखते हैं। भगवंत मान शायद अधिक अच्छे से जानते हैं कि राज्यसभा व लोकसभा की टिकटें बांटने वाले केजरीवाल पंजाब में केवल सांसद बनने के लिए नहीं आरहे, वे कुछ और चाहते हैं। अगर सरदार जी की सरकार यूं ही ढचक-ढचक शैली में चलती रही तो उनकी कुर्सी को खतरा हो सकता है। शायद यही कारण है कि भगवंत मान आज 'कमेडियन' से 'कर्मयोगी' बनने की कोशिश में सख्ती दिखा रहे हैं। अंत में यही कहा जा सकता है कि ...

देख उनकी सादगी पर मिट गए थे कभी,
अब पैंतरे बदलते सरकार नजर आते हैं।
बदले-बदले से 'सरदार' नजर आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया गया वृद्धाओं को सम्मानित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कर्ण समागम, बोकारो के सदस्यों द्वारा बाबा बैजनाथ जन सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्ध सेवा आश्रम में आश्रित वृद्धाओं (वृद्ध महिलाओं) को सम्मानित किया गया। सभी वृद्ध महिलाओं एवं वहां कार्यरत सेविकाओं को फल एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्ण समागम द्वारा आश्रम की आवश्यकता के अनुसार एक मिक्सी ग्राइंडर भी भेंट किया गया।



कर्ण समागम के अध्यक्ष अनिल कुमार कर्ण, उपाध्यक्ष एस एन दास, महासचिव मिहिर कुमार कंठ ने सभी सम्मानित महिलाओं से बातचीत कर उनके इस आश्रम में आने एवं रहने के औचित्य पर जानकारी प्राप्त की। यह सभी महिलाएं किसी न किसी रूप में अपने परिवारजनों का सहारा छिन जाने/नहीं मिलने के कारण इस आश्रम में रह रही हैं। महिलाओं ने बताया कि इस आश्रम उन्हें किसी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है और वे सभी बहुत ही आनंद के साथ अपना जीवन बिता रही हैं। आज इस महिला दिवस के कार्यक्रम में वृद्ध माताओं के साथ समय बिताने एवं सम्मानित करने से उन सभी माताओं की खुशी को देखकर उपस्थित कर्ण समागम के सभी सदस्यगण भाव विह्वल एवं आत्मिक प्रसन्नता को प्राप्त किया। इस आश्रम में कुल 13 वृद्ध जन है जिसमें 11 महिलाएं एवं दो पुरुष वृद्ध हैं। इस कार्यक्रम में बाबा बैजनाथ जन सेवा समिति के सचिव अंजनी कुमार रूपक, आश्रम के मैनेजर रंजीत कुमार दास, सेविका दीपाली देवी एवं रेखा देवी के साथ कर्ण समागम संस्था के अनिल कुमार कर्ण, एस एन दास, मिहिर कुमार कर्ण, अरविंद कुमार,परिणव कुमार, बी एल डी रमन, दयाकांत दास मिथिलेश, निहार चंद्र कंठ एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### एनडीआरएफ ने राहत व बचाव को दिया प्रशिक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में शनिवार को एनडीआरएफ टीम ने आपदा से निपटने को लेकर लोगों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी ने किया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ की टीम के द्वारा विभिन्न प्रकार के आपदा से निपटने के लिए जिले के विभिन्न विभागों के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार, एनडीआरएफ के सहित अन्य उपस्थित थे। एनडीआरएफ ने कर्मियों को विभिन्न प्रकार के राहत कार्य की जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया।



**प्रायोगिक तौर पर डेमो देकर भी युवाओं को किया प्रशिक्षित**

एनडीआरएफ के प्रशिक्षकों ने प्राकृतिक आपदा से बचाव की जानकारी दी। बाढ़ के अलावा भूकंप, सर्पदंश, हृदय रोग, सड़क सुरक्षा के दौरान शारीरिक क्षति से संबंधित बचाव की भी जानकारी दी गई। प्रायोगिक तौर पर डेमो देकर भी युवाओं को प्रशिक्षित किया। बाढ़ व आगजनी से बचाव, घायलों का प्राथमिक उपचार करना, घायल व्यक्ति की ब्लीडिंग को रोकना, चोटों को स्टेबलाइज करना और पीड़ित की जान बचाने के लिये सीपीआर देने आदि के बारे में डेमो देकर बताया गया। पानी में डूबे व्यक्ति को बचाने और शव को पानी से बाहर निकालने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारियां दी।

### फाल्गुन महोत्सव 12 मार्च को

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मारवाड़ी यूथ ब्रिगेड एवं धनबाद जिला मारवाड़ी सम्मेलन के द्वारा आगामी 12 मार्च दिन बुधवार को संध्या 5 बजे से भव्य फागुन महोत्सव का आयोजन राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोक नगर धनसार में किया जाएगा। सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में धनबाद जिले में निवास करने वाले सभी समाज बंधुओ को आमंत्रित किया गया है।साथ ही समाज की जितनी भी संस्थाएं हैं चाहे वह मारवाड़ी युवा मंच हो या महिला समिति हो सभी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। मारवाड़ी युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश पोद्दार ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णता नि;शुल्क है एवं आने वाले अतिथि के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था के साथ-साथ अल्पाहार एवं भोजन की भी व्यवस्था की गई है। मारवाड़ी सम्मेलन के प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि होली का त्यौहार हमें बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देता है हम सभी समाज बंधु से आग्रह करते हैं इस होली मिलन के त्यौहार में सभी भेदभाव एवं समाज में उत्पन्न कुरीतियों को मिटाकर धूमधाम से राधे कृष्ण के संग फूलों की होली खेलकर आपसी भाईचारे का संदेश अग्रसर करें। कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए रोहित राज म्यूजिकल ग्रुप की टीम राजस्थान से आकर अपनी ढप चंग की धाप की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लेगी। इनके साथ कोलकाता एवं रांची से भी कलाकार उपस्थित रहेंगे।प्रेस वार्ता में मारवाड़ी युथ ब्रिगेड के अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, महासचिव अरविंद सतनालीका,मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल, महासचिव सीए ललित झुनझुनवाला,प्रमंडलीय मंत्री जितेंद्र अग्रवाल,कार्यक्रम संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सीए विनय अग्रवाल एवं अमित अग्रवाल उपस्थित थे।

### महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे : शशि नाथ चौबे

**बिश्रामपुर ( पलामू )/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के बी मोड़ रेहला स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय डी ग्री कॉलेज के सभागार कक्ष में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया है जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे ने की तथा संचालन प्रो अस्मिता पांडे ने की सर्वप्रथम महाविद्यालय के सचिवशशि नाथ चौबे एवं प्राचार्य संतोष मिश्रा के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के कई महिला कर्मचारियों ने अपनी अपनी बात रखी जिसमें महाविद्यालय के कई छात्राएं भी आज महिला दिवस के अवसर पर अपनी विचार व्यक्त की महाविद्यालय के सचिव डॉ शशि नाथ चौबे ने कहा कि इस महिला दिवस पर लोगों को महिलाओं के प्रति आदर सामान उनके अधिकारों उनकी उपलब्धियां को बताने के साथ-साथ समानता और महिला शक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है सामाजिक राजनीतिक क्षेत्र में भी महिलाएं अपनी अलग पहचान बना रही है प्राचार्य के द्वारा महिलाओं के सम्मान की बात कही गई महिलाओं को हर क्षेत्र में अपना अधिकार लेने के लिए घर से निकालना पड़ेगा महिलाएं आज किसी भी क्षेत्र असुरक्षित महसूस ना करें महिला आज देश की आन बान शान है कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्रोअस्मिता पांडे ने एक से बढ़कर एक कविता के द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए मनोबल को बढ़ाएं हजारो फूल चाहिए एक माला बनाने के लिए हजारों दीपक चाहिए एक आरती सजाने के लिए पर एक स्त्री अकेले ही काफी है घर को स्वर्ग बनाने के लिए आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी महिला कर्मचारियों ने महिला दिवस अपनी बात रखी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**लोक अदालत में 2,24,77,423/-रुपए राशि का हुआ समायोजन**




**खूंटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार खूंटी के तत्वावधान में स्थानीय सिविल कोर्ट परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष श्री रसिकेश कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। साथ ही डालसा के सभागार भवन में अंतर्राष्ट्रीये महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिला न्यायिक पदाधिकारियों, जिला जजे तृतीय श्रीमती प्राची मिश्रा, डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती विद्यावती कुमारी आदि के द्वारा POSH एक्ट से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया एवं शिविर में उपस्थित महिला अधिवक्ता एवं महिला पीएलबी को, पौधा वितरण भी किया गया।

व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा चिकित्सा शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित हुए लोग भी अपना अपना इलाज करा कर दवाइयां एवं चिकित्सा सेवा प्राप्त किए। आयोजित लोक अदालत में गठित कुल पांच बैंचों में मामलों की सुनवाई करते हुए कुल -5546- मामलों का निष्पादन करते हुए -22477423/(2 करोड़ 24 लाख 77 हजार 4 सौ तेइस) रुपये राशि का समायोजन किया गया। उक्त निष्पादित मामलों में 447 वाद न्यायालय में लंबित मामले शामिल हैं। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्षे श्री रसिकेश कुमार ने अपने मुख्य भाषण में कहा कि यह वर्ष का प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत है एवं इसमें लंबित वादों के दोनों पक्षों के बीच जीत होती है। डालसा सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत विभिन्न प्रकार के वादों को सुलझाने का एक सक्षम और सुलभ माध्यम है जिसमें लोग अपना सुलहनीय मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए लोक अदालत के माध्यम से मामलों का त्वरित निष्पादन किया जा सकता है। लोक अदालत में मामलों के निष्पादन के लिए पांच बैंचो का गठन किया गया था। प्रथम बैंच में अपर जिला जजे द्वितीय श्री राकेश कुमार मिश्रा, अधिवक्ता श्री मुकुल कुमार पाठक एवं शशि कला कुमारी उपस्थित रहे। द्वितीय बैंच में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्री मनोरंजन कुमार, अधिवक्ता श्री मदन मोहन राम एवं श्रीमती कविता कुमारी उपस्थित रहे। तृतीय बैंच में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती विद्यावती कुमारी, अधिवक्ता श्री आशीष कुमार उपस्थित रहे।

चतुर्थ बैंच में अस्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष श्री के के सिंह सदस्य सुश्री मधु चंदा कुमारी रजक, एवं श्रीमती रूबी कुमारी उपस्थित रहे। पंचम बैंच में उपभोक्ता फोरम की अध्यक्षा श्रीमती रीता मिश्रा सदस्य श्री सुरेश कुमार राय एवं सदस्य सुश्री राधा रानी उपस्थित रहे। उक्त लोक अदालत में दीवानी एवं फौजदारी न्यायालय के सभी सुलहनीय प्रकृति के मामले, बैंक ऋण, मोटरयान दुर्घटना, नगर पंचायत, परिवहन विभाग, वन विभाग एवं उत्पाद विभागों के मामले, बिजली संबंधित मामले, प्रस्तुत किए गए। जिसमें बड़ी संख्या में वादकारियों, अधिवक्तागण, पीएलवी आदि उपस्थित रहे। उपरोक्त जानकारी प्राधिकार के सचिव श्रीमती राजश्री अपर्णा कुजूर जी द्वारा दी गई।

### ट्रक ने बाइक सवार युवक को रौंदा, स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर (पलामू)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र के पांकी - मेदिनीनगर मुख्य पथ के पीरी मोड़ के निकट तेज रफ्तार ट्रक जेएच 02ए टी 6281 ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया। घटना में विश्रामपुर थाना क्षेत्र के लालगढ़ बिहार स्थित पंजरी गांव निवासी हंसराज शर्मा का पुत्र शशिभूषण शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया है। सगालीम पंचायत के मुखिया सुनील कुमार प्रजापति के प्रयास से उनके कार्यकताओं ने घायल युवक को इलाज के लिए टेंपो से अस्पताल भेजा। ट्रक की चपेट में आने से बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। युवक शशिभूषण शर्मा का पैर टूट गया है। शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक शशिभूषण शर्मा को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। स्थिति चिंताजनक है। जानकारी के अनुसार शशिभूषण शर्मा का ससुराल लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के झरहा निवासी जनेश्वर शर्मा के घर हैं। शशिभूषण शर्मा को ससुराल के नजदीकी व्यक्ति के घर शादी समारोह में भाग लेने आया था। सगालीम में समान खरीदने के बाद शशिभूषण शर्मा अपने ससुराल बाइक से लौट रहा था। इस दौरान पीरी मोड़ के निकट तेज रफ्तार ट्रक ने उसे अपने चपेट में ले लिया। पांकी थाना पुलिस ने बताया कि घायल युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है।

## जिला पदाधिकारीकी अध्यक्षता में विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में विकास समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विकास की योजनाएं यथा पंचायत राज विभाग, ग्रामीण विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायत राज विभाग के समीक्षा के क्रम में पाया गया कि 15 वीं वित एवं छठे राज्य वित अनुदान मद में उपलब्धि कम रही है। सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी को कैंप मोड में भुगतान कर उपलब्धि सुनिश्चित कराने हेतु निदेशित किया गया। वही गोरेयाकोठी प्रखंड अंतर्गत विकास की विभिन्न योजनाओं में निम्न प्रगति के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोरेयाकोठी का वेतन लंबित रखने एवं जिला पंचायत राज पदाधिकारी को पंचायत समिति की बैठकों/महत्वूपर्ण निर्णयों आदि का प्रखंड का निरीक्षण कर अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। तत्पश्चात प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण आवास योजना के अंतर्गत छुटे हुए योग्य परिवारों के सर्वे में महादलित विकास रजिस्टर के अनुसार सभी योग्य लाभुकों के सर्वे कराने/ नाम जोड़ने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही, सर्वेयर एवं विकास-मित्र से संयुक्त हस्ताक्षर से सर्वेक्षित परिवारों का प्रमाण-पत्र प्राप्त करने तथा दस प्रतिशत परिवारों का स्वयं संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं कल्याण पदाधिकारी द्वारा सत्यापन किये जाने का निदेश दिया गया। सत्यापित सूची जिला ग्रामीण विकास अभिकरण को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। जिला स्तर पर सत्यापन दल का गठन कर दो प्रतिशत परिवारों का सत्यापन कराये जाने हेतु निदेशित किया गया। इसके अलावा मनरेगा अंतर्गत 40 ऐसे खेल मैदान जहां कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, 15 मार्च तक कार्य प्रारंभ कराने हेतु तथा सभी खेल मैदानों को 31 मार्च तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन**

## उपायुक्त ने दी अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

**विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित**



**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा समाहरणालय स्थित सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-सह- 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा द्वारा किया गया। उन्होंने सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

उपायुक्त ने संबोधित करते हुए कहा कि महिला हर क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है, उनका हर क्षेत्र में अहम योगदान है। लोकसभा या विधानसभा चुनाव के दौरान भी महिला कर्मियों द्वारा काफी उत्कृष्ट कार्य किया गया है। आगे उन्होंने कहा कि खूँटी जिला की पहचान खेल से है, यहाँ की महिला खिलाड़ी देश विदेश में अपनी पहचान बना रही है। हमे साथ मिलकर महिलाओं को सहयोग करने की आवश्यकता है, उनपर काफी जिम्मेदारी रहती है, इसके बावजूद वह हर क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है। पुरुष वर्ग को हमेशा महिलाओं को सहयोग करना चाहिए, सामुहिक प्रयास से हीं हम एक अच्छे समाज का निर्माण कर पाएंगे। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के नाम शुभकामना संदेश भरा पत्र भी सेविका सहायिका समेत उपस्थित लोगों को सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं को महिला सशक्तिकरण एवं समानता की शपथ उपायुक्त द्वारा दिलाई गई। इसके अलावा, जिले में शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाली छात्राओं, खेल जगत में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाली महिला खिलाड़ियों, तथा जेईई मेन्स जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल महिला अभ्यर्थियों को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा अंतराष्ट्रीय महिला दिवस क्यों मनाया जाता और इसकी शुरूआत कब और कहां से हुई इसकी विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक आईटीडीए ने संबोधित करते हुए अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दिया। उक्त पदाधिकारियों ने खूँटी जिला में शिक्षा, खेल समेत अन्य क्षेत्रों में महिलाओं द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की गई। साथ हीं कहा गया कि हम यह संकल्प ले कि महिलाओं को हम सशक्तिकरण की ओर ले जाने में हर संभव सहयोग करेंगे। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील किया कि वह अपनी बच्चियों को बिना किसी भेद भाव के अच्छी शिक्षा प्रदान करे, जिससे वह आगे बढ़ सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, एनडीसी समेत अन्य पदाधिकारी, सेविका, सहायिका, छात्रा, महिला खिलाड़ी समेत अन्य उपस्थित थे।

## मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को दिया जाएगा व्यापक रूप : डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज निर्माण की मांग को ले ललन प्रसाद पांडेय ने की एक दिवसीय भूख हड़ताल**

मेदिनीनगर (पलामू)/**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** : गढ़वा रोड जंक्शन पर फूट ओवर ब्रिज की मांग को लेकर खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने शनिवार को एक दिवसीय भूख हड़ताल किया। पांडेय के समर्थन में स्थानीय लोगों ने स्टेशन के समक्ष धरना - प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन वरीय भाजपा नेता डॉ वीपी शुक्ला ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने कहा कि गढ़वा रोड जंक्शन रेलवे को पलामू प्रमंडल में सबसे ज्यादा राजस्व देता है। राजस्व के हिसाब से इस स्टेशन को सुविधा भी ज्यादा मिलनी चाहिए। रेहला वासियों के लिए फुट ओवर ब्रिज की मांग तो वर्षों पुरानी है। अगर यह मांग जल्द पूरी नहीं की गयी तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। आज का आंदोलन तो सांकेतिक मात्र है। खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय ने कहा कि गढ़वा रोड जंक्शन रेहला शहर में स्थित है। रेल पटरियां रेहला शहर के बीचों बीच से गुजरी है। इसके कारण रेहला शहर दो भागों में विभक्त हो गया है। इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन आज तक निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी। बाध्य होकर आंदोलन का रुख अख्तियार करना पड़ा। कार्यक्रम के समापन से पहले आंदोलनकारियों ने स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार को मांगपत्र सौंपा। सतीश कुमार ने आंदोलनकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को रेल विभाग के आलाधिकारियों तक पहुंचा दिया जाएगा। शाम पांच बजे मुख्य अतिथि डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त कराया। मौके पर समाजसेवी रंजित सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, अधिवक्ता सुधीर चौबे, पंकज कुमार लाल, मंगल गुप्ता, गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय, विकाश चौबे मिंटू, प्रमोद दीक्षित, अनिल सिंह, कश्यप चौबे गुड्डू, सुशील पांडेय,अख्तर अंसारी, मो. सत्तार खलीफा उर्फ पेंटर जिलानी, संजू सिंह, उदेश्वर यादव, रासबिहारी तिवारी, धीरन तिवारी, श्याम चंद्रवंशी, सुरेश पांडेय, असलम बहादुर, विजय दीक्षित, बबन पाठक, रामनाथ कश्यप सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## सुलहनीय वादों के निपटारा के लिए प्रभावशाली उपकरण है राष्ट्रीय लोक अदालत : जिला एवं सत्र न्यायाधीश

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के सौजन्य से और राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने व्यवहार न्यायालय परिसर सिवान में स्थित न्याय सदन के प्रशाल में विभिन्न अदालतों में सुलहनीय मुकदमों के निपटान के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह अदालत सुलहनीय वादों के निपटान के लिए सबसे प्रभावशाली उपकरण है। यहां पक्षकारों को त्वरित और कम खर्च पर अंतिम न्याय दिया जाता है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने खास अदालत के जरिए लंबे समय तक चलने वाली कानूनी लड़ाई को समाप्त या रोककर वादियों को राहत देने का काम किया है। इस अदालत मे त्वरित न्याय मिलता है। इससे वे बार-बार कोर्ट की यात्रा करने और मामले के लिए पूरा दिन आरक्षित करने की परेशानी से बच जाते हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुगम , सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध है। वादों के निपटान में पक्षकारों की हार-जीत नहीं होती है। इसका फैसला अंतिम और चुनौती रहित है। जिला जज ने मुकदमेबाजों से उदारता के साथ मामलों का निपटान कराए जाने की अपील की।



पक्षकारों से राष्ट्रीय लोक अदालत के सचिव ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलभ न्याय, कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय और धन की बचत जैसे लाभ मिलते हैं। यहां बीमा, बिजली, वन, बैंक, श्रम, खनन, दूरभाष, मापतौल, उत्पाद, वैवाहिक वाद, मोटर दुर्घटना, एनआई एक्ट, राजस्व आदि से संबंधित सुलहनीय प्रकरणों की सुनवाई होती है और उदारता के साथ उसका निस्तारण किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की उतनी ही अहमियत होती है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसलों की होती है। उन्होंने वादियों से इस अदालत का लाभ उठाने की अपील की।

## माटी कला बोर्ड में विधवा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**मेदिनीनगर (पलामू) /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर के को-ऑपरेटिव चौक स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय में पहल ट्रस्ट ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर विधवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, विशिष्ट अतिथि जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष बिमला कुमारी, इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र कुमार, सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद मौजूद थे। सभी अतिथियों ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीता चौहान ने सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी। कहा कि सरकार पुनर्विवाह करने के लिए इक्ष्छुक महिलाओं को 2 लाख रूपए का सहयोग प्रदान करती है। इसका लाभ उठाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि बिमला कुमारी ने कहा कि विधवा महिलाएं समाज के अभिन्न अंग हैं। अपनी महत्व को सदैव समझे व मुसीबतों का डटकर सामना करें। बिना महिलाओं के किसी भी व्यक्ति का घर संपूर्ण नहीं हो सकता है।उच्च शिक्षा प्राप्त कर पुरुषों से आगे निकलकर उन्हें अपने बेहतरी से जवाब दीजिए। शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि घर की महिलाओं का शुक्रगुजार होना चाहिए। इनके कारण पुरुषों को अच्छा खाना, धुले हुए कपड़े आदि मिलते हैं। आज का यह विधवा सम्मान समारोह समाज को प्रेरित करेगा। किसी का विधवा होना कोई अभिशाप नहीं है। समाज के तंज, लोगों की सोच के परे आप अपने अच्छे कार्यो से खूद के लिए बुलंदी का निर्माण कीजिए तभी आप समाज के नकारात्मक सोच को बदल सकते है ।

कार्यक्रम के आयोजक पहल ट्रस्ट के अध्यक्ष अविनाश देव ने कहा कि आज के कार्यक्रम से सीखकर आप इसे अपने जीवन में आत्मसात करें। आप यह जान लिजिए कि आप किसी की पत्नी, बहन, मां, दादी बनकर बेहतर समाज का निर्माण कर रही हैं। आपको जमाने में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाने में अनेकों मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। आप सड़क पर चलेगी तो कोई तंज कसेगा। घर पर शुभ कार्यो से आपको दूर रखा जाएगा। परंतु आपको इन रूढ़िवादी सोच का डटकर सामना करना है । कार्यक्रम को सुबह की धूप पत्रिका के संस्थापक शिवशंकर प्रसाद, प्रखर वक्ता ललन प्रजापति ने भी संबोधित किया । कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद आनंद कुमार ने किया।


## गुठनी के सिद्धान्त ने यूपीएससी-सीडीएस परीक्षा में पायी सफलता, बना लेफ्टिनेंट

**गुठनी (सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गुठनी बाजार निवासी रामसागर गुप्ता के पुत्र सिद्धांत सागर ने यूपीएससी द्वारा आयोजित सीडीएस की परीक्षा में 333 वां रैक प्राप्त कर आर्मी में लेफ्टिनेंट के पद को हासिल कर लिया है उसकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों ने उसे शुभकामनाएं दी है।



सिद्धांत अपने माता पिता और भाई के साथ राजस्थान के बाड़मेर में रहता है। सिद्धांत जेईआरटी विश्वविद्यालय राजस्थान से अभियांत्रिकी में स्नातक किया है और इस विश्वविद्यालय के फुटबॉल टीम का कप्तान रहते हुये राष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिता में शामिल रहा है। सिद्धांत की स्कूली शिक्षा बाड़मेर केंद्रीय विद्यालय से हुई है। यूपीएससी सीडीएस की सफलता के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में लगे छात्र छात्राओं को संदेश देते हुये कहा आप अपने लक्ष्य के प्रति निष्ठा और आत्मविश्वास रखे कभी नकारात्मक ऊर्जा को अपने आसपास न फटकने दे। सिद्धांत को बधाई देने वालों में नगर पंचायत चेयरमैन राजेश गुप्ता,डॉ,मुकुल वर्मा,डॉ राजीव कुमार वर्मा,मुकेश वर्णवाल,पूर्व मुखिया धुप चौधरी,दिलीप गुप्ता,भाजपा मंडल अध्यक्ष सह पूर्व जिला पार्षद समरजीत सिंह,अमर जी शर्मा,मनोज गुप्ता,मुंशी मियां,दिलीप जायसवाल सहित दर्जनों शामिल है।

## आम बजट को भाकपा माले ने जनविरोधी बताया, निकाले जुलूस




**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के प्रांगण में माले नेता प्रदीप कुशवाहा के अध्यक्षता मे भाकपा माले के कार्यकर्ता और महिलाओं ने जुलूस निकाल कर बिहार सरकार द्वारा पेश किया गया बजट के जनविरोधी बताते हुए पुतला दहन तथा सभा किया गया. सभा को संबोधित करते हुए माले के प्रखंड सचिव जयनाथ यादव ने कहा भाजपा जदयू सरकार के बजट आम लोगों के हित में नहीं है.

महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, कृषि संकट, महिलाओं तथा अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा पर बजट में कोई चर्चा नही है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा नरेंद्र मोदी की सरकार किसानों की आय एवं कृषि बाजार, फसलों के समर्थन मूल्य एवं बटाईदार को पंजीकृत कर सरकारी अनुदान के लाभ देने के लिए कोई योजना नहीं है. श्री यादव ने आगे कहा कि आशा, रसोइया, आंगनबाड़ी, जीविका, सफाई मजदूरों सहित ठीकदारी पर काम करने वाले मजदूरों की सेवा स्थाई करने और प्रतिमाह 26,000 हजार रुपए मानदेय देने तथा सभी गरीब परिवार को स्वरोजगार योजना अनुसार 2-2 लाख रुपए, आवास, रोजगार उपलब्ध कराने ,माइक्रोफाइनेंस कम्पनियों से महिलाओं के कर्ज माफी की मांग की गई. वहीं बिहार में 200 युनिट बिजली फ्री करने और शोषणकारी स्मार्ट मीटर की बाध्यता खत्म करने की मांग की. उन्होंने कहा कि मोदी नीतीश की डबल इंजन की सरकार के फासिस्ट शासन के खिलाफ हर स्तर पर जन आंदोलन तेज किया जाएगा. इस अवसर पर कार्यक्रम को भाकपा माले नेता महफूज आलम, अजमत अंसारी, खालिद हुसैन सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थीं.

# मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 2.92 बिलियन डॉलर की बढ़ोतरी

**● एलन मस्क को 24 घंटे में 558 मिलियन डॉलर का नुकसान हुआ ● लैरी एलिसन ने 3.29 बिलियन डॉलर की कमाई कर अंबानी को पीछे छोड़ा**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की किस्मत 24 घंटे में बदल गई है। 24 घंटे में मुकेश अंबानी ने कमाई में दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क समेत कई दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। 24 घंटे में मुकेश अंबानी से ज्यादा कमाई सिर्फ एक ही कारोबारी कर पाया है। वहीं दुनिया के टॉप 10 अमीरों में से 7 नुकसान में रहे हैं।

शुक्रवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर में 3 फीसदी से ज्यादा की तेजी आई। इससे अंबानी की भी नेटवर्थ बढ़ गई। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक 24 घंटे में मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में 2.92 बिलियन डॉलर (करीब 25 हजार करोड़ रुपये) का इजाफा हुआ है। वहीं दूसरी ओर एलन मस्क को इन 24 घंटे में 558 मिलियन डॉलर (करीब 5 हजार करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ है।

कभी धड़ाधड़ पैसा बरसा रहा था मुकेश अंबानी का यह शेयर, अब आधी रह गई कीमत, एक साल में कितना नुकसान?



### कौन निकला अंबानी से आगे?

24 घंटे की कमाई में अंबानी से आगे अमेरिकी निवेशक लैरी एलिसन हैं। एलिसन सॉफ्टवेयर कंपनी ओरेकल के चेयरमैन और सीटीओ भी हैं। एलिसन ने 24 घंटे में 3.29 बिलियन डॉलर की कमाई की है। कमाई में एलिसन के बाद मुकेश अंबानी का नंबर आता है। अंबानी के बाद तीसरे स्थान पर डेल टेक्नोलॉजीज के फाउंडर और चेयरमैन माइकल डेल है।


### कई दिग्गजों को बड़ा नुकसान

24 घंटे में कई दिग्गजों को बड़ा नुकसान हुआ है। इसमें न सिर्फ एलन मस्क बल्कि मार्क जकरबर्ग, जेफ बेजोस, बर्नार्ड अर्नाल्ट, बिल गेट्स, वारेन बफे आदि शामिल हैं। ये वे लोग हैं जिनका नाम दुनिया के टॉप 10 अमीरों में शामिल दुनिया के टॉप 10 अमीरों में से सिर्फ लैरी एलिसन, लैरी पेज और सर्गी ब्रिन की संपत्ति में ही 24 घंटे में इजाफा हुआ है।

## 2030 तक 40 अरब डॉलर होगा सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इलेक्ट्रॉनिक चिप निर्माण में शामिल केमिकल और गैसों सहित आपूर्ति श्रृंखला के आसपास के तंत्र को बढ़ावा देने से भारतीय सेमीकंडक्टर उद्योग का आकार 2030 तक बढ़कर 40 अरब डॉलर का हो जाएगा।

**भारत को सेमीकंडक्टर के वैश्विक केंद्रों से सीखने की जरूरत–** इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर एसोसिएशन (आईईएसए) के अनुसार, भारत को सेमीकंडक्टर के वैश्विक केंद्रों से सीखने की जरूरत है, क्योंकि यह बहुत जटिल तकनीक है। आईईएसए के अध्यक्ष अशोक चांडक ने कहा, किसी भी चिप



निर्माण से कम से कम 10 से ज्यादा देश जुड़े होते हैं। अगर हमें भारत में चिप निर्माण को सफल बनाना है, तो आपूर्ति श्रृंखला का ध्यान रखना होगा। उन्होंने कहा, दुनियाभर में आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ा बाजार 2030 तक 420 अरब डॉलर का हो जाएगा। अगर हम 10 फीसदी हिस्सेदारी भी अपनी समझें तो 40 अरब डॉलर तक पहुंच जाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत को 2026–27 तक मूल्य श्रृंखला में करीब 15 लाख कुशल और 50 लाख अर्ध–कुशल श्रमिकों की जरूरत होगी। प्रसंस्करण, उपकरण इंजीनियर, आईसी परीक्षण इंजीनियर और क्षमता नियोजन प्रबंधक जैसी भूमिकाओं की उच्च मांग की उम्मीद है। दो से पांच वर्षों में डिजाइन, विनिर्माण, प्रशिक्षण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, पैकेजिंग और लॉजिस्टिक्स में रोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होंगे।

## इस साल हो सकती है 8.8 फीसदी वेतन वृद्धि, प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने पर ध्यान दे रहीं कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय कंपनियां वैश्विक व घरेलू चुनौतियों से निपटते हुए कर्मचारियों की पारिश्रमिक लागत से जुड़े बजट को अनुकूलतम बनाने पर ध्यान दे रही हैं। इससे इस साल औसत वेतन वृद्धि 8.8 फीसदी रह सकती है, जो 2024 में 9 फीसदी रही थी।

डेलॉय इंडिया ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट में कहा, अधिकांश क्षेत्र वेतन वृद्धि को पिछले वर्ष



की तुलना में स्थिर या मामूली रूप से कम रखेंगे। वहीं, उपभोक्ता उत्पाद क्षेत्र में वेतन वृद्धि के बजट में उल्लेखनीय कमी का अनुमान है। 75 फीसदी कंपनियां वेतन वृद्धि कम कर देंगी या पिछले वर्ष के समान ही रखेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनियां प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले कर्मचारी औसत प्रदर्शन करने वालों की तुलना में 1.7 गुना अधिक वेतन वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में कुछ कम है। डेलॉय इंडिया में साझेदार प्रखर त्रिपाठी ने कहा, कंपनियों की आय वृद्धि सुस्त पड़ने से उनका वेतन बजट दबाव में आ रहा है।

# छोटे शहर रियल एस्टेट के लिए बने विकास के चालक

### 60 प्रमुख शहरों में इतने रुपये में बिके 6.81 लाख मकान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश भर में रियल एस्टेट में जबरदस्त तेजी है। 2024 में 60 प्रमुख शहरों में 7.5 लाख करोड़ रुपये के कुल 6.81 लाख मकान बिके हैं। क्रेडाई और लियासेस फोरास की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे और तीसरे स्तर के शहर अब रियल एस्टेट के लिए विकास के चालक बन रहे हैं। ऐसे में आने वाले समय में इनकी भूमिका और बढ़ेगी।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में डेवलपरों ने 3,294 एकड़ भूमि अधिग्रहित की। इनमें से 44 प्रतिशत जमीन छोटे शहरों में थी। इससे पता चलता है कि निवेश की पद्धति में अब बदलाव आ रहा है। यह आंकड़ा इन शहरों की दीर्घकालिक आर्थिक और बुनियादी ढांचे की वृद्धि क्षमता को दर्शाता है।

रिपोर्ट से पता चलता है कि लग्जरी और अल्ट्रा-लग्जरी यानी महंगे और बहुत महंगे मकानों की बिक्री जमकर हो रही है। कुल बिक्री में इनका योगदान 71 फीसदी हो गया है। एक से दो करोड़ रुपये वाली प्रॉपर्टी में 52 फीसदी की तेजी आई है। इस तरह के कुल 1.33 लाख मकान बिके हैं। दो करोड़ रुपये से अधिक की कीमत वाले मकानों की बिक्री 73 फीसदी बढ़ी है।

रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में भारतीय रियल एस्टेट क्षेत्र का कुल मूल्य 22.5 लाख करोड़ हो गया है। यह भारत की जीडीपी में 7.2 फीसदी का योगदान करता है। दूसरे और तीसरे स्तर के शहर इसमें प्रमुख योगदान दे रहे हैं। लखनऊ, जयपुर और भुवनेश्वर जैसे शहरों में स्थिर मूल्य वृद्धि देखी जा रही है। 30-50 लाख रुपये कीमत वाले पहली बार घर खरीदने वालों और निवेशकों को आकर्षित करने वाले प्रमुख शहर अहमदाबाद, पुणे, इंदौर और कोयंबटूर रहे हैं।

## एफवाय 25 में कोलेस्ट्रॉल इंडिया ने किया शानदार प्रदर्शन, 18 मार्च एक्स-डिविडेंड डेट

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में एक तरफ जहां ज्यादातर कंपनियां संघर्ष कर रही हैं। वहीं, इस साल कोलेस्ट्रॉल इंडिया के शेयरों की कीमतों में 2025 में तेजी देखने को मिली है। बीते एक महीने में यह स्टॉक 14 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, इस साल कोलेस्ट्रॉल इंडिया के शेयरों का भाव 18 प्रतिशत चढ़ा है। पिछले एक महीने में कोलेस्ट्रॉल इंडिया के शेयरों का भाव 210.46 रुपये से 239.19 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। बता दें, इस वित्त वर्ष में कोलेस्ट्रॉल इंडिया के शेयरों की कीमतों में लगातार तेजी देखने को मिली है। इस वित्त वर्ष में कंपनी शेयर 30 प्रतिशत की बढ़त हासिल करने में सफल रहा है।

**इस वित्त वर्ष दूसरी बार डिविडेंड देने की तैयारी में कंपनी–** चालू वित्त वर्ष में कंपनी पहली बार 7 अगस्त को एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी। तब कंपनी ने एक शेयर पर 3.50 रुपये का अंतरिम डिविडेंड दिया था। दूसरी बार कंपनी 18 मार्च 2025 को एक्स-डिविडेंड ट्रेड करेगी। कंपनी एक शेयर पर 9.50 रुपये का फाइनल डिविडेंड देगी।

### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स?

लक्ष्मीश्री इंवेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज से जुड़े अंशुल जैन का मानना है कि 220 रुपये पर ब्रेकआउट है। कंपनी के शेयर 240 रुपये के आस–पास बना हुआ है। अगर स्टॉक 242 रुपये के लेवल के पार जाता है। तो कंपनी के शेयर 295 रुपये के स्तर पर जल्दी जा सकता है। पिछली 3 तिमाही तक कंपनी के शेयरहोल्डिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिसंबर क्वार्टर में कंपनी के प्रमोटर्स की कुल हिस्सेदारी 51 प्रतिशत है।

# कमजोर मांग के चलते सोना 89 हजार रुपये के नीचे आया

**चांदी ने 500 रुपये की लगाई छलांग**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में शुक्रवार को सोने की कीमत 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से नीचे गिर गई। यह गिरावट घरेलू मांग में कमी के कारण आई है, जैसा कि ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन ने बताया। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 200 रुपये घटकर 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई, जो कि लगातार दूसरे दिन की गिरावट है। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये घटकर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई।

**चांदी में 500 रुपये की तेजी देखने को मिली–** व्यापारियों का कहना है कि स्थानीय ज्वैलर्स और खुदरा खरीदारों की मांग कम होने के कारण सोने के भाव में गिरावट आई है। लांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, और यह लगातार चौथे दिन की वृद्धि है। पिछले चार सत्रों में चांदी की कीमत में 3,100 रुपये की बढ़ोतरी हुई है।

**वैश्विक स्तर पर स्थिर रही सोने की कीमत–** एमसीएक्स पर अप्रैल महीने की डिलीवरी के लिए सोना 50 रुपये गिरकर 85,983 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। वैश्विक स्तर पर, सोने की कीमत स्थिर रही और यह 2,929.30 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड हो रही थी, जबकि स्पॉट गोल्ड 10.14 डॉलर (0.35 प्रतिशत) बढ़कर 2,921.94 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया। वहीं, चांदी की कीमत एशियाई बाजार में 0.17 प्रतिशत गिरकर 33.28 डॉलर प्रति औंस पर रही।

# 600 करोड़ का फ्रेश इश्यू

**मुनाफे में सोलर कंपनी, अब आ रहा आईपीओ**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरंभिक सार्वजनिक पेशकश मार्केट में उत्तर प्रदेश की रूफ-टॉप सोलर सॉल्यूशन प्रोवाइडर कंपनी-फुजियामा पावर सिस्टम्स की एंट्री होने वाली है। दरअसल, इस कंपनी ने आईपीओ के जरिए फंड जुटाने के लिए सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दोबारा दाखिल किए हैं। आईपीओ में 600 करोड़ रुपये के फ्रेश इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे। वहीं, प्रमोटर्स द्वारा 2 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश की जाएगी। कंपनी के प्रमोटर पवन कुमार गर्ग, योगेश दुआ ऑफर-फॉर-सेल के जरिए 1 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेंगे।





**पहले भी दिया था ड्राफ्ट पेपर–** बता दें कि फुजियामा पावर सिस्टम्स ने 28 दिसंबर 2024 को आईपीओ के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया था। हालांकि, बाद में इसने 12 फरवरी 2025 को अपना ड्राफ्ट दस्तावेज वापस ले लिया। ऑन-ग्रिड, ऑफ-ग्रिड और हाइब्रिड सोलर सिस्टम बनाने वाली यह कंपनी प्री-आईपीओ राउंड में 120 करोड़ रुपये तक जुटाने पर विचार कर सकती है। अगर कंपनी ने अपना प्री-आईपीओ प्लेसमेंट सफलतापूर्वक पूरा कर लिया तो नए इश्यू से रकम कम हो जाएगी। बता दें कि मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स पब्लिक इश्यू को संभालने वाले बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।


### कंपनी के प्लांट

तीन मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज के साथ फुजियामा पावर सिस्टम्स सोलर पीसीयू, सोलर ऑफ–ग्रिड, ऑन–ग्रिड और हाइब्रिड इनवर्टर, सोलर पैनल, पल्स चौड़ाई मॉड्यूलेशन चार्जर और लिथियम–आयन और ट्यूबलर बैटरी सहित कई प्रोडक्ट प्रोवाइड करता है। यह दादरी, उत्तर प्रदेश में सोलर पैनल के निर्माण के लिए एक नई फैसलिटीज विकसित करने, ग्रेटर नोएडा सुविधा में एक और सोलर इन्वर्टर के अलावा लिथियम–आयन बैटरी लाइन की स्थापना की प्रक्रिया में है।

**कमाई का कहां होगा इस्तेमाल–** मध्य प्रदेश के रतलाम में सोलर इन्वर्टर, सोलर पैनल और लिथियम–आयन बैटरी के लिए मैन्युफैक्चरिंग फैसलिटीज स्थापित करने को 180 करोड़ रुपये तक खर्च होंगे। इसके अलावा नए इश्यू फंड्स में से 275 करोड़ रुपये का उपयोग लोन चुकाने के लिए किया जाएगा। शेष रकम सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए उपयोग की जाएगी।

**हर स्तर पर बढ़ा दबदबा**

# सेल के प्लांट को मजबूत कर रही हैं महिलाएं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वर्तमान दौर में महिलाओं का दबदबा हर सेक्टर में बढ़ रहा है। महिलाएं ना सिर्फ बाधाओं को तोड़ रही हैं बल्कि उन भूमिकाओं को भी निभा रही हैं जिन्हें कभी उनकी पहुंच से बाहर माना जाता था। ये महिलाएं हर मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते हुए अपनी योग्यता साबित कर रही हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण सेल कंपनी का राउरकेला स्टील प्लांट है। इस स्टील प्लांट के चूल्हे में पार्वती, दुर्गा और अन्नपूर्णा नामक तीन ब्लास्ट फर्नेस हैं। ये महिलाएं ऑपरेट करती हैं। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर हम आपको बताएंगे कि सेल कंपनी के राउरकेला स्टील प्लांट में किस तरीके से महिलाओं का वर्चस्व बढ़ रहा है।

### बढ़ा है महिलाओं का दबदबा

पिछले कुछ वर्षों में राउरकेला स्टील प्लांट के कुल वर्कफोर्स में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है और वर्तमान में यह लगभग 6 प्रतिशत है। इस प्लांट में 124 महिला अधिकारी हैं, जो कुल अधिकारियों की संख्या का 6.9 प्रतिशत हैं। वहीं, 557 महिला गैर-कार्यकारी हैं, जो इस पद के कुल अधिकारियों का 5.34 प्रतिशत है। प्लांट में कार्यरत 282 तकनीकी रूप से योग्य महिलाओं में 46 महिला इंजीनियर हैं। महिलाओं को कंपनी का सैलरी पैकेज अट्रैक्ट कर रहा है। इसके अलावा सुरक्षित माहौल की वजह से भी महिलाएं प्लांट में काम करने को आकर्षित हो रही हैं। शानदार मौके की वजह से कई महिला कर्मचारी उच्च पदों पर आसानी से पहुंच चुकी हैं। प्रसव जैसे स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों के कारण महिला कर्मचारियों का पलायन राउरकेला स्टील प्लांट में एक दुर्लभ घटना है। राउरकेला स्टील प्लांट या तो अनुकंपा के आधार पर रोजगार देता है या मृतक कर्मचारियों की पत्नियों को निरंतर वित्तीय सहायता देता है।

### सुरक्षा पर फोकस

प्लांट में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और हर पहलू पर इसका ध्यान रखा जाता है। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक प्लांट और स्टील टाउनशिप दोनों में सड़कों पर अच्छी रोशनी की व्यवस्था है। यहां पुलिस गश्त के साथ-साथ सीआईएसएफ कर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था है। इसके अलावा, टाउनशिप में अलग-अलग स्थानों पर कई पुलिस स्टेशन हैं। आरएसपी ने टाउनशिप में स्थित महिला पुलिस स्टेशन के लिए उपयुक्त इंफ्रा फैसलिटीज प्रोवाइड की हैं। महिलाओं को टाउनशिप में कंपनी का आवास दिया जाता है। इसके अलावा स्टील जनरल अस्पताल में काम करने वाले नर्सिंग स्टाफ को उनकी सुविधा के लिए अस्पताल से सटे एक सेक्टर में क्वार्टर आवंटित किए गए हैं। महिला कर्मचारियों को विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है और आरएसपी की महिला ब्रिगेड हमेशा उम्मीदों पर खरी उतरी है।

इस प्लांट में काम कर रही महिला कर्मचारियों का शानदार अनुभव रहा है। प्लांट की कर्मचारी- ममता पात्रा, रोजनी किंडो और प्रीतिलता साबित कर रही हैं कि स्टील सिर्फ भट्टियों में नहीं बनता बल्कि यह स्पिरिट में भी बनता है।

### रोजनी किंडो कहती हैं-

कोरोना के टाइम मैं अकेली थी। मैं सब कुछ संभाल रही थी, कभी–कभी एक दिन में 60 प्लेट तक। यह थका देने वाला था लेकिन हमने काम बंद नहीं होने दिया। प्रीतिलता कहती हैं कि जब मैं अपने हाथों से स्टील प्लेटों को साइज लेते हुए देखती हूं तो मुझे गर्व महसूस होता है। लोग यह सुनकर आश्चर्यचकित हो जाते हैं कि महिलाएं मिल के इतने महत्वपूर्ण हिस्से को चला रही हैं। हमने साबित कर दिया है कि हम भी इसे पुरुषों की तरह अच्छे से कर सकते हैं।

महिलाओं की मजबूती का एक और शानदार उदाहरण हॉट स्ट्रिप मिल–2 में देखा जा सकता है। यहां महिलाएं इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैवलिंग क्रेन चला रही हैं। एचएसएम–2 की तिकड़ी प्रेमा कांति बिलुंग, नीलिमा तांती और रीना मुंडारी ने पारंपरिक रूप से पुरुष–प्रधान स्टील प्रोडक्ट के क्षेत्र में अनुकरणीय उदाहरण पेश किए हैं।

## भारतीय विदेशों में खूब खरीद रहे हैं प्रॉपर्टी, आईटी डिपार्टमेंट से मिली है यह जानकारी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशों में संपत्ति रखने वाले या खरीदने वालों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 30,000 से ज़्यादा टैक्सपेयर्स ने 29,000 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति घोषित की है। सीबीडीटी के एक अभियान के बाद यह खुलासा हुआ है।

**हजारों भारतीय एनआरआई बने–** इस अभियान में करदाताओं को अपनी विदेशी संपत्ति की जानकारी देने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। साथ ही, 6,734 करदाताओं ने अपनी स्थिति निवासी से अनिवासी में बदल दी है।



इन लोगों ने 1,090 करोड़ रुपये की अतिरिक्त विदेशी आय की घोषणा की है। इस दौरान औसतन हर करदाता ने लगभग 1 करोड़ रुपये की विदेशी संपत्ति घोषित की है। गौरतलब है कि आयकर विभाग ने 19,000 से ज़्यादा करदाताओं को नोटिस भेजा था।

**125 देशों के बीच इंफोर्मेशन शेयरिंग एग्रगीमेंट–** लगभग 125 देशों के बीच सूचना साझा करने की व्यवस्था है। भारत 2018 से ही इस व्यवस्था का हिस्सा है। इसके तहत भारत को विदेशी बैंक खातों, उनमें जमा राशि, लाभांश, ब्याज और कुल भुगतान की जानकारी मिलती रहती है। लेकिन, कर अधिकारियों ने पाया कि सभी लोग ज़रूरी जानकारी नहीं दे रहे थे। इसलिए सीबीडीटी ने पिछले नवंबर में एक अभियान शुरू किया। इस अभियान में करदाताओं से अपनी विदेशी संपत्ति और आय की घोषणा करने का आग्रह किया गया।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 08-03-2025 21:58 Page 1



# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

- बैद्यनाथधाम स्टेशन को दिया जाएगा नया रूप
- रेल पटरी और प्लेटफार्म पर भी चल रहा काम



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर।** रेलवे द्वारा बैद्यनाथधाम स्टेशन को नया स्वरूप देने के लिए काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। इसके तहत शनिवार को बैद्यनाथधाम स्टेशन से लेकर पुरनदाहा पांच नंबर रेलवे फाटक के बीच रेलवे की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को रेल कर्मियों व रेल पुलिस की मौजूदगी में हटाया गया। इस दौरान जेसीबी लगाकर अनाधिकृत निर्माण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाने के दौरान रेलवे के आइओडब्ल्यू रामायण सिंह, जसीडीह आरपीएफ इंस्पेक्टर देवेन्द्र कुमार, बैद्यनाथधाम जीआरपी प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मी व रेल कर्मी मौजूद थे।

जानकारी हो कि बैद्यनाथधाम स्टेशन में रेल द्वारा टर्मिनल बनाया जाना है। यहां से कई लंबी दूरी की ट्रेनों को रवाना किया जाएगा। इसके तहत रेलवे स्टेशन को नया रुप दिया जा रहा है।

इसके लिए स्टेशन पर दोनों ओर प्लेटफार्म व रेल पटरी बनाने की योजना है। इस कारण रेलवे फाटक की जगह यातायात को सुगम बनाने के लिए रेल अंडर पास और सड़क बनाने का काम चल रहा है।

इसके साथ ही नए सिरे से रेल पटरी को बनाने और प्लेटफार्म बनाने का भी काम चल रहा है। जानकारी हो की यहां पहले एक ही प्लेटफार्म व एक ही पटरी हुआ करती थी। वहीं प्लेटफार्म भी काफी छोटा था। अब इसका विस्तार किया जाना है।

वैद्यनाथधाम स्टेशन में प्लेटफार्म और रेल पटरी का विस्तार किया जाना है, इसके लिए जिन लोगों ने रेलवे की जमीन पर अतिक्रमण कर रखा था उन्हें पहले ही नोटिस दिया जा चुका था। लोगों ने सामान भी हटा लिया था। कुछ जगह पर कुछ ढांचा बच गया था। उसे आज विशेष अभियान के तहत हटा दिया गया। ये कार्य बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।


दूर-दराज से लोग बैद्यनाथधाम आते हैं। ऐसे में स्टेशन में चल रहा निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी। साथ ही लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन शुरू होने से बैद्यनाथधाम तक कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी।

इससे पहले शुक्रवार को हजारीबाग में जीटी रोड के सघन दनुआ घाटी, सियरकोनी घाटी के बियावन में बने दर्जनों होटलों पर वन विभाग ने सख्ती दिखाते हुए बुलडोजर चलाया। अवैध होटल एवं झोपड़ियों को जेसीबी की मदद से तोड़ दिया गया।

## स्कूल बसों का बीमा एवं रजिस्ट्रेशन आवश्यक

**बोकारो।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में सभी गैर सरकारी स्कूल प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जिला परिवहन पदाधिकारी ने बैठक की। बैठक में डीटीओ वंदना सेजवलकर ने सभी स्कूल प्रबंधक को स्कूल बस की सेफ्टी एवं यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित वाहन चलाने, ओवरलोड और वाहनों के कागजात सही तरीके से रखने का सख्त निर्देश दिया। बैठक के दौरान जो अनुपस्थित स्कूल प्रबन्धक नहीं आ पाए उन्हें स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया। जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर ने बताया कि वाहन चलाने के लिए लाइसेंस होना आवश्यक है। जब तक लाइसेंस नहीं बन जाता है तब तक वाहन नहीं चलना चाहिए। साथ ही वाहन का बीमा एवं रजिस्ट्रेशन होना भी आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया कि वाहन चालक को रोड साइन एवं रोड मार्किंग का ज्ञान होना भी आवश्यक है। जैसे दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने से दुर्घटना में मृत्यु की संभावना कम रहती है। इसी प्रकार चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाना भी आवश्यक है। बैठक के दौरान जिला परिवहन कार्यालय के सभी कर्मी, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

# शादी के रस्मों के बीच दुल्हन की मां की मौत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोविंदपुर।** विवाह के ठीक पहले दुल्हन की मां की मौत ने विवाह समारोह की उमंग को गम में बदल दिया। घटना ने सभी को स्तब्ध कर दिया। उसी गमगीन माहौल में विवाह की रस्में पूरी की गई। शहनाई की गूंज देखते ही देखते मातम में बदल गई।

मामला गुरुवार की रात का है, गोविंदपुर थाना अंतर्गत कालाडीह गांव में शादी का माहौल था। कालाडीह गांव निवासी एवं गिरिडीह जिले के गांडेय प्रखंड के प्राथमिक शिक्षक प्रदीप कुमार गिरि की पुत्री निकिता का विवाह, सीसीएल गोविंदपुर कॉलोनी, बोकारो थर्मल निवासी नकुल गिरि के पुत्र अभिषेक गिरि के साथ होना था।

शादी बोकारो थर्मल के रिसोर्ट में छह मार्च को निर्धारित थी। यहां से लड़की वाले अपने स्वजनों के साथ गुरुवार शाम बोकारो थर्मल रवाना हुए थे।

शादी की सारी रस्में अदा की जा रहीं थीं, लेकिन बीमार होने के कारण दुल्हन की मां 48 वर्षीया रेणु देवी समारोह में नहीं भाग ले सकी। इसी बीच रात करीब 11 बजे रेणु देवी की मौत कालाडीह गांव में हो गई। यह खबर सुनते ही शादी समारोह में मातम पसर गया और विवाह का उत्सव फीका पड़ गया।

विवाह की रस्में जल्दी-जल्दी पूरी की गईं और शुक्रवार सुबह बोकारो थर्मल के रिसोर्ट से निकिता की विदाई भी हुई। ससुराल में द्वार लगने एवं परंपराओं का निर्वाह करने के बाद वह अपने पति के साथ शुक्रवार दोपहर अपने मायके कालाडीह आई। माता का अंतिम दर्शन किए, इसके बाद रेणु देवी की अंतिम क्रिया संपन्न की गई।

इस दौरान स्वजनों व नवविवाहित निकिता के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। राह चलते लोगों की भी आंखें भींग गई। मृतका रेणु देवी बोकारो जिला के चंद्रपुरा थाना अंतर्गत चिरूडीह गांव की बेटी थी। उनके अंतिम संस्कार में मायके से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे।

# होली और रमजान को ले प्रशासन अलर्ट मोड में

## शांति समिति की बैठक, होली के दिन रहेगा ड्राइ डे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** होली और रमजान को जिले में शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाए जाने को लेकर प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है। विधि व्यवस्था को लेकर 13 सुपर जोन बनाए गए है। सूचनाओं के आदान-प्रदान को लेकर साकची थाना परिसर में जिला कंट्रोल रूम कार्यरत रहेगा।

सभी बीडीओ और सीओ अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों में एंबुलेंस, आवश्यक जीवन रक्षक दवा इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे। जिले के सभी थानों को जोनवार बांटते हुए सुपर जोनल, जोनल दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। तैयारियों को लेकर सिदगोड़ा टाउन हाल में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने केन्द्रीय शांति समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर प्रशासन की अपेक्षाओं से अवगत कराया। इसके साथ ही शांति समिति सदस्यों से उनके सुझावों को सुना।उपायुक्त ने सदस्यों को आश्वस्त किया कि नागरिक सुविधाओं से संबंधित जितनी भी शिकायत और सुझाव प्राप्त हुए हैं, उन सभी का समाधान समयबद्ध रूप से किया जाएगा। उपायुक्त ने विशेष तौर पर युवा वर्ग को सचेत करने हुए कहा कि किसी भी तरह का भ्रामक खबर इंटरनेट मीडिया पर शेयर नहीं करें। अफवाहों पर ध्यान नहीं दें।

मिठाई व रंग में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए फूड अधिकारी व अवैध शराब बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग को निर्देशित किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति रहेगी।

सभी संवेदनशील धार्मिक स्थलों, चौक-चौराहों को चिन्हित किया गया है जहां दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। स्टेटिक जांच व भ्रमणशील दल भी सक्रिय रहेंगे।

एडीएम ला एंड आर्डर ने बताया कि होली के दिन ड्राइ डे रहेगा। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक में एडीएम ला एंड आर्डर अनिकेत सचान, एसडीएम धालभूम शताब्दी मजूमदार, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, नगर पुलिस अधीक्षक कुमार शिवाशीष, अपर उपायुक्त भगीरथ प्रसाद, विशेष पदाधिकारी जेएनएसी कृष्ण कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी तथा अन्य मौजूद रहे।

# कोयला कारोबारी पर गोलीबारी, दहशत

- व्यवसायी सहित चालक भी घायल
- सीसीटीवी में कैद हुए तीन अपराधी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र स्थित सेंट्रल एकेडमी स्कूल के सामने अपराधियों ने कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली माकर जख्मी कर दिया गया। कोयला कारोबारी के साथ साथ चालक को भी हाथ में गोली लगी है। विपिन को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, चालक को गोली छूते हुए निकल गई इस वजह से उसे भर्ती नहीं किया गया है।

विपिन मिश्रा बरियातू थाना क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क अपार्टमेंट में बी ब्लॉक के फ्लैट नंबर 102 में रहते हैं। विपिन मिश्रा के गार्ड अशोक कुमार ने बताया कि अपार्टमेंट से गाड़ी निकलने के बाद बूटी मोड़ की ओर जाना था।

कट नहीं होने की वजह से गाड़ी अपार्टमेंट से निकली और करमटोली की ओर गई। रास्ते में कट आते ही चालक ने गाड़ी को यू टर्न के लिए मोड़ा तो एक बाइक सामने आ गई।

इस वजह से कार रुक गई। कार के चालक ने शीशा खोला और दूसरे वाहन के चालक को आगे बढ़ने के लिए कहा। तभी स्कूटी से दो युवक उतरे और फायरिंग करने लगे।

फायरिंग की घटना के बाद आरोपित गौतम बुद्ध मार्ग की ओर से डीआइजी मैदान की ओर भाग निकले। अपराधियों के द्वारा तीन गोली कार में मारी गई।

इसके बाद एक गोली विपिन को और दूसरी गोली चालक को लगी। भागने के क्रम में अपराधियों के द्वारा दो राउंड फायरिंग की गई। पुलिस को घटना स्थल से पांच खोखा मिला है।

कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली मारने के बाद सोशल साइट पर अमन साहु गैंग के मंयक सिंह ने एक पोस्ट कर घटना के जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि इस बार विपिन बच गया, लेकिन अगली बार नहीं बचेगा। विपिन के साथ जो भी काम कर रहा है वह दूर हो जाए नहीं तो अंजाम ठीक नहीं होगा।

अमन साहु के द्वारा विपिन मिश्रा से लगातार रंगदारी की मांग की जा रही थी। पुलिस का कहना है कि रंगदारी नहीं देने और अमन की बात नहीं मानने से इस घटना को अंजाम दिया गया है।

पुलिस जल्द ही इस मामले में अमन साहू से पूछताछ करेगी। अमन फिलहाल जेल में ही बंद है। गोलीकांड की घटना के बाद पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग अभियान लगाया गया, लेकिन पुलिस को अपराधियों के बारे में कुछ पता नहीं चला।

कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली लगने के बाद आइजी अखिलेश झा, डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता घटना स्थल पर पहुंचे।

अधिकारियों ने कई लोगों से बयान लिया। इसके बाद सभी अधिकारी मेडिका अस्पताल में विपिन मिश्रा को देखने गए। आइजी और एसएसपी ने कहा कि अपराधियों की पहचान हो गई है। पुलिस जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजेगी।

पुलिस का कहना है कि विपिन मिश्रा का मुख्य रुप से हजारीबाग और चतरा में कोयला का काम चल रहा है। इस वजह से विपिन आए दिन हजारीबाग और चतरा आना-जाना करते थे। हजारीबाग पुलिस के द्वारा विपिन मिश्रा को गार्ड भी दिया गया है। दोनों जिलों में विपिन को धमकी देने का मामला भी दर्ज है।

घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और गौतम बुद्ध मार्ग में लगे सीसीटीवी को खंगाला तो बाइक से भागते हुए अपराधियों को देखा गया। ब्लू रंग की बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी डीआइजी मैदान की ओर भागे थे। बाइक चलाने वाला अपराधी हेलमेट पहने हुए था वहीं दो अन्य अपराधियों का चेहरा खुला हुआ था।

# विधायक ने उठाया रिम्स के चिकित्सकों की प्रोन्नति का मामला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** रिम्स के कई डॉक्टरों की प्रोन्नति का मामला लटका हुआ है। रिम्स के डॉक्टरों की प्रोन्नति का मामला इस बार दूसरे विशेषज्ञ डॉक्टरों की बनी कमेटी की रिपोर्ट पर टिकी है।

जिन डॉक्टरों ने प्रोन्नति के लिए जो अपने रिसर्च पब्लिकेशन जमा किए हैं, उसकी समीक्षा की जाएगी और जिस वर्ष (30 जून से पहले तक) के पब्लिकेशन से निर्धारित मापदंड और गुणवत्ता पूरी होती है तो उसी वर्ष की निर्धारित तिथि (एक जुलाई) के प्रभाव से असेसमेंट प्रमोशन स्कीम (एपीएस) के तहत प्रोन्नति देते हुए वित्तीय लाभ दिया जाएगा। इस निर्णय के बाद रिम्स निदेशक द्वारा बाहरी डॉक्टरों की एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। इसकी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में निदेशक को भेज दी गई है।

इस रिपोर्ट को आगामी शासी परिषद की बैठक में शामिल कर उस पर निर्णय लिया जाना है। मालूम हो कि दैनिक जागरण ने प्रमुखता के साथ रिम्स के डॉक्टरों की प्रोन्नति का मामला उठाया था। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने प्रोन्नति से जुड़े मामले को प्रकाश में लाया।

खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने रिम्स के डॉक्टरों की प्रोन्नति का मामला विधानसभा में उठाया है। जिसमें पूछा गया था कि रिम्स के डॉक्टरों के एसीपी के तहत 2019-20-21 से ही प्रोन्नति क्यों लंबित है। डॉक्टरों की प्रोन्नति के लिए अब तक छह कमेटी बन चुकी है, लेकिन परिणाम नहीं निकल पाया है।

जो एक गंभीर मामला है और इससे डॉक्टरों का मनोबल गिरता है, जिसका असर मरीजों के इलाज पर पड़ता है। इस सवाल पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा जवाब दिया गया है कि 2019 से 21 के लिए प्रोन्नति की पूरी प्रक्रिया मई 2023 में संपन्न कर ली गई थी।

जिसमें कुछ डॉक्टरों को प्रोन्नति का लाभ मिला, जबकि कुछ डॉक्टरों द्वारा नियमानुसार शोध पत्र जमा नहीं किया गया, जिस वजह से उन्हें प्रोन्नति का लाभ नहीं मिल पाया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सरकार ने आधी आबादी को दिया तोहफा

## प्रदेश के सभी पर्यटन स्थलों पर महिलाओं को होगा निःशुल्क प्रवेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड पर्यटन विभाग राज्य की महिलाओं के सम्मान में एक विशेष पहल की है। इसके तहत इस वर्ष, आठ मार्च को राज्य के सभी पर्यटन स्थलों, पार्कों, झरनों और विशेष रूप से पतरातू लेक 'पार्क' में महिलाओं के लिए प्रवेश पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री के विजन को लेकर पहल करते हुए झारखंड पर्यटन विभाग की यह पहल महिलाओं को प्रोत्साहित करती है कि वे अपने व्यस्त जीवन में से कुछ समय निकालकर राज्य के मनोरम पर्यटन स्थलों का भ्रमण करें और प्रकृति की गोद में शांति और ताजगी का अनुभव करें।

पर्यटन विभाग राज्य के सभी पर्यटन स्थलों पर महिलाओं का स्वागत करता है और उन्हें एक सुखद और यादगार अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री से आज विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कक्ष में झारखंड विधानसभा की महिला सदस्यगणों (विधायक) ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी महिला मंत्री एवं विधायकगणों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड विधानसभा में आपकी उपस्थिति मात्र से ही नारी शक्ति को बल मिलता है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, आप सभी सदन में महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की आवाज हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधी आबादी की भागीदारी से ही देश, राज्य और समाज के सर्वांगीण विकास का रास्ता खुलता है। हमारी सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना जैसी कई योजनाओं के माध्यम से आधी आबादी को सशक्त बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का गर्व है कि झारखंड की महिलाओं ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के बल पर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और खेल समेत अनेकों क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियां हासिल कर राज्य का नाम रोशन किया है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल कर रही हैं। महिलाएं अपने मंजिल और मुकाम को हासिल करने में कामयाब हों, इसके लिए सरकार पूरा सहयोग करने को तैयार है। एक बार फिर आप सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बहुत-बहुत बधाई।

इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडेय, मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक डॉ. नीरा यादव, विधायक लुइस मरांडी, विधायक सविता महतो, विधायक रागिनी सिंह, विधायक ममता देवी, विधायक पूर्णिमा दास साहू, विधायक श्वेता सिंह और विधायक मंजू कुमारी मौजूद थीं।

# सड़क पर उतरा आदिवासी समाज, जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के कई इलाकों में फ्लाईओवर का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन सिरमटोली फ्लाईओवर विवादों में आ गया है। सिरमटोली में आदिवासी समाज का धार्मिक स्थल है, जिसके समीप सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप का निर्माण हो रहा है, जिसके विरोध में समस्त आदिवासी समाज सड़क में उतरकर राज्य सरकार का विरोध कर रहा है।

राजधानी रांची के सिरमटोली में फ्लाईओवर का निर्माण कार्य चल रहा है। यह निर्माण आदिवासी समाज का विरोध का कारण भी बन चुका है। सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप का निर्माण हो रहा जो कि सरना समाज के पवित्र स्थल के समीप है, जिस कारण आदिवासी समाज में जबरदस्त आक्रोश बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार विवाद का मुख्य कारण ये है कि जहां सिरमटोली फ्लाईओवर के रैंप का निर्माण हो रहा है। उसके सामने ही सरना समाज के पवित्र धर्म स्थान सरना स्थल मौजूद है। इस बात को लेकर आदिवासी समाज में जोरदार आक्रोश है। इसी के चलते शुक्रवार को रांची के श्व्द्ध रोड हरमु और अरगोड़ा चौक को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया गया। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई।

## कुएं में मिली लाश

**जामताड़ा।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के पतरोडीह गांव के एक कुएं में एक व्यक्ति की लाश बरामद हुई है। शुक्रवार को कुएं में एक व्यक्ति की तैरती लाश लोगों ने देखी। इसकी सूचना नारायणपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद नारायणपुर पुलिस पतरोडीह पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जामताड़ा भेज दिया गया है।

अभी तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। नारायणपुर पुलिस शव के शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

# लापरवाही के आरोप में राजस्व निरीक्षक निलंबित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** उपायुक्त शशि रंजन ने दाखिल खारिज के मामले को 90 से अधिक दिनों से लंबित रखने, कार्यालय नहीं आने व सरकारी कार्य में लगातार लापरवाही बरतने को नीलांबर-पिताम्बरपुर अंचल के राजस्व निरीक्षक महेंद्र राम को निलंबित कर दिया है।

निलंबन अवधि में महेंद्र राम का जीवन निर्वाहन भत्ता का भुगतान अंचल कार्यालय मनातू द्वारा किया जायेगा। साथ ही इनका मुख्यालय भी मनातू में निर्धारित किया गया है।

निलंबित राजस्व उप निरीक्षक के विरुद्ध संचालन पदाधिकारी के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर उपस्थापन पदाधिकारी के रूप में सीओ नीलांबर-पिताम्बरपुर को नियुक्त किया गया है।

मेदिनीनगर में उपायुक्त शशि रंजन ने जिले के सभी पदाधिकारियों व कर्मियों को झारखंड राज्य सेवा देने की गारंटी अधिनियम 2011 के तहत तय मानकों के अनुरूप सभी प्रकार के कार्यों का ससमय निष्पादित करने की बात कही है। कहा कि ऐसा नहीं करने पर संबंधित पदाधिकारी व कर्मियों से वेतन की कटौती की जाएगी।

## हेमंत सरकार का बड़ा फैसला

ओरमांझी थाना क्षेत्र के बजरमारा कुच्चू के रैयत अंचल कार्यालय धरना देने पहुंचे। सीओ उज्जवल सोरेने को बताया कि खाता-189, प्लाट-715 की 3.03 एकड़ जमीन खरीदने के बाद 1988 में उनके पूर्वजों के नाम से दाखिल खारिज भी हुआ है।

जमीन उन लोगों के कब्जे में भी है। अब जमीन पर दलालों की नजर है, और खरीद-बिक्री करने के लिए अपने नाम से जमीन कराने का प्रयास किया जा रह है। वहीं, सीओ ने रैयतों से कहा कि जल्द ही दोनों पक्ष को नोटिस भेजा जाएगा। दोनों की कागजात की सत्यता की जांच की जाएगी। रैयतों से कहा कि धरना प्रदर्शन करने से को काई फायदा नहीं है। जिसके कागजात सही होंगे उसी की जमीन होगी।

धरना देने पहुंचे रैयतों में शामिल राजू महतो, मोगो महतो, रातीलाल महतो, तेजनाथ महतो, जलेश्वर महतो, भुष्ण महतो, अनमोल भंडारी, नागेष्वर महतो, बालेश्वर महतो, हरेंद्र कुमार, विजय कुमार व उगन महतो ने बताया कि मामला न्यायलय में भी है।

दसरे पक्ष के लोग न्यायलय में कागजात प्रस्तुत करने के लिए अंचल से अपने पक्ष में कागजात बनवाने का प्रयास कर रहे हैं।

## एक साथ मिलेगी तीन महीने की राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए अच्छी खबर है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार से उनके खाते में एक साथ तीन माह की राशि जानी शुरू हो जाएगी। उन्हें जनवरी, फरवरी तथा मार्च माह की राशि एक साथ दी जाएगी।

इस तरह, प्रत्येक महिला लाभुकों के खाते में साढ़े सात हजार रुपये एकमुश्त जाएंगे। महिला एवं बाल विकास तथा सामाजिक सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को तीन माह की राशि के भुगतान के लिए बिल ट्रेजरी को भेज दिया। हालांकि विभाग ने पहले ही मार्च तक की राशि सभी जिलों को भेज दी थी।

विभागीय सूत्रों के अनुसार, फिलहाल 38 लाख उन महिलाओं के खाते में राशि जाएगी, जिनकी आधार सीडिंग बैंक खाते से हो चुकी है तथा जिनका सत्यापन हो चुका है। जिनका आधार अभी तक बैंक खाते से नहीं जुड़ा है, उन्हें होल्ड पर रखा गया है। सत्यापन के बाद उनके खाते में राशि हस्तांतरित की जाएगी।

# शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से खुली फर्जीवाड़े की पोल

## कोरोना काल से चल रही धांधली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग। जिला परिवहन कार्यालय में पुराने लाइसेंस को ऑनलाइन करने के नाम पर बड़ा फजीर्वाड़ा हुआ है। यहां 1990 से लेकर 2000 के बीच मैन्युअल रूप से जारी किए 600 से अधिक लाइसेंस के मालिक बदल कर किसी और के नाम से लाइसेंस जारी कर दिया गया है। मामला हैवी लाइसेंस से जुड़ा हुआ है।

इस बात का खुलासा परिवहन कार्यालय में आए आवेदनों से हुआ है। करीब 250 से अधिक आवेदन कार्यालय को प्राप्त हुए और सभी में एक ही प्रकार के आरोप है।

पत्र में शिकायत की गई है कि उनके नाम से जारी लाइसेंस में ऑनलाइन जांच करने के बाद किसी और का नाम और फोटो दिखाई दे रहा है। उनके नाम के लाइसेंस को किसी और के नाम से जारी कर दिया गया है।

इस बात की जानकारी सामने आने के बाद से कार्यालय में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार कोविड काल से लेकर 2024 तक इस तरह का खेल परिवहन कार्यालय में हुआ है। पुराने लाइसेंस का उपयोग भारी वाहनों के लिए जारी करने वाले हैवी लाइसेंस में किया गया है।




दलाल के माध्यम से कार्यालय कर्मियों ने मिलीभगत कर प्रति लाइसेंस 20-30 हजार रुपये लेकर यह खेल किया गया है। जांच होने पर विभाग के कई लोगों का नाम इसमें सामने आ सकता है।

नियम के अनुसार भारी वाहनों के लिए लाइसेंस जारी करने के लिए एक लाइसेंस की उम्र एक वर्ष होनी चाहिए। परंतु हजारीबाग में बिना नियम तोड़े दलालों ने मालिक का नाम बदलकर 600 से अधिक लाइसेंस कार्यालय की ओर से जारी कर दिए।

सूत्रों की माने तो परिवहन कार्यालय हजारीबाग में इस तरह के खेल लंबे समय से चल रहा है। 1500 से अधिक लाइसेंस इस तरह के बनाए गए है। अगर जांच की जाए तो कई परिवहन कर्मी और पदाधिकारी जेल के सलाखों के पीछे होंगे।

## पुलिस के हाथ अब तक खाली, लोगों में रोष

**जमशेदपुर।** गत दिनों बमार्माइंस थाना से महज 50 मीटर की दूरी पर कैरेज कालोनी मुस्लिम बस्ती में अफजल और उसके साथियों ने शाहरुख और उसके सहयोगियों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी जब शाहरुख और अन्य भागने लगे तो अफजल और उसके स्वजनों ने चाकू और चापड़ से शाहरुख, गुलाम, साजिद समेत छह लोगों पर हमला कर दिया था। जिसमें धक्का-मुक्की में एक गर्भवती महिला कुसुम बीबी और उसकी मां बेबी समेत तीन महिलाएं घायल हो गई। इस घटना से बस्ती में अफरा-तफरी मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए। इस बीच बमार्माइंस थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। फायरिंग करने वाले वहां से भाग निकले थे। मौके से पुलिस ने जगह-जगह जमीन पर गिरे सात गोली बरामद किया। अफजल की गतिविधि आपराधिक रही है और हत्या के मामले में जेल भी जा चुका है। घटना उसे भी गोली लगने की सूचना है और उसे टीएमएच में दाखिल कराया गया था। इस मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली है। वहीं चाकू और चापड़ के हमले में घायल शाहरुख और गुलाम को एमजीएम अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इसकी जानकारी शाहरुख की बहन मुस्कान ने दी।

# रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा आईसीसी फाइनल खेलेगा भारत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में 9 मार्च को भारत का सामना दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली।

टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### रोहित की कप्तानी में भारत का प्रदर्शन...

रोहित शर्मा ने 2 टी-20 वर्ल्ड कप, 1 वनडे वर्ल्ड कप, 1 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और 1 चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की कप्तानी की। इन 5 आईसीसी टूर्नामेंट में भारत ने 30 मैच खेले, 26 जीते और महज 4 में टीम को हार मिली। हालांकि, रोहित ने जो 4 मैच गंवाए, उनमें से 3 मुकाबले नॉकआउट स्टेज में रहे। इनमें भी 2 हार फाइनल में मिलीं। केवल 1 बार उन्हें एक ही टूर्नामेंट में 2 हार मिली, यह टूर्नामेंट 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप था। तब टीम को ग्रुप स्टेज में साउथ अफ्रीका और सेमीफाइनल में इंग्लैंड ने हरा दिया था।

आईसीसी के 4 टूर्नामेंट होते हैं, वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप, वनडे वर्ल्ड कप, टी-20 वर्ल्ड कप और चैंपियंस ट्रॉफी। इनमें भारत के सबसे सफल कप्तान एमएस धोनी हैं। जिन्होंने टीम को 69त्न मैच जिताए। उनके नाम आईसीसी के 3 टाइटल भी रहे। रोहित मैच जीतने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं। हालांकि, उनकी कप्तानी में टीम 1 ही टाइटल जीत सकी है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ खिताबी मुकाबले में खुद को अधिक समय देने के लिए तैयार शुभमन गिल



**दुबई, एजेंसी।** भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस मौके का पूरा फायदा उठाने के लिए कमर कस रहे हैं क्योंकि वह रविवार को अपना दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट फाइनल खेलने के लिए तैयार हैं, जब रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड से भिड़ेगी। अहमदाबाद में आईसीसी 2023 वनडे विश्व कप फाइनल में गिल बड़ा स्कोर बनाने में विफल रहे और चार रन पर सस्ते में आउट हो गए, जिसमें भारत छह विकेट से हार गया और तीसरा टूर्नामेंट खिताब जीतने से चूक गया।हालांकि, गिल इस दिल टूटने से आगे बढ़ चुके हैं और अब अधिक परिपक्व हैं। वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में नंबर 1 पर काबिज उप-कप्तान मानसिक रूप से दबाव को बेहतर ढंग से संभालने और क्रीज पर अधिक समय बिताने के लिए तैयार हैं। रविवार को न्यूजीलैंड के साथ भारत के निर्णायक मैच से पहले आईसीसी ने गिल के हवाले से कहा, जाहिर है कि उस मैच में कुछ घबराहट थी। गिल ने कहा, (मैंने) बहुत सी चीजें सीखीं। यह मेरा पहला आईसीसी फाइनल था... मैं बहुत उत्साहित था (ऐसा लगा) कि मैं उस मैच में हावी होने के लिए समय खो रहा था। मुझे लगता है कि बड़े आईसीसी नॉकआउट मैचों में, आप जितना सोचते हैं, उससे थोड़ा ज्यादा समय खुद को दे सकते हैं।

## पाकिस्तानी गेंदबाज ने खुलेआम मांगी माफी



**कराची, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को मुकाबला खेला गया था. इस मैच में भारतीय टीम ने एकतरफा अंदाज में बाजी मारी थी. लेकिन इस मुकाबले के दौरान पाकिस्तान के एक खिलाड़ी ने काफी अजीबोगरीब तरीके से विकेट के जश्न मनाया था. इस घटना के बाद इस खिलाड़ी को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रॉल किया गया था. ऐसे में इस खिलाड़ी ने अब अपने विकेट सेलिब्रेशन पर माफी मांग ली है.दरअसल, भारत-पाकिस्तान मैच में स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल 52 गेंदों पर 46 रन की पारी खेलकर आउट हो गए थे. उन्हें पाकिस्तान स्पिनर अबरार अहमद ने बोल्ड आउट किया था. इसके बाद अबरार अहमद ने विकेट का जश्न मनाते हुए अपनी गर्दन घुमाते हुए बार-बार गिल को बाहर जाने का इशारा किया था और जोश में उनको आंखें भी दिखाईं थीं. लेकिन अबरार अहमद का मानना है कि वह उनके सेलिब्रेशन का स्टाइल है. अबरार अहमद ने बातचीत में शुभमन गिल के विकेट सेलिब्रेशन पर कहा, 'वो मेरा स्टाइल है और इसमें कुछ भी गलत नहीं किया. किसी मैच अधिकारी ने भी मुझे नहीं बताया कि मैंने कुछ गलत किया है. इसके बावजूद अगर किसी को ठेस पहुंची है तो मुझे इसके लिए खेद है और मैं माफी मांगता हूं. मेरा इरादा किसी को ठेस पहुंचाने का नहीं था.'

## गैंडमास्टर वैशाली ने संभाला पीएम का एक्स हैंडल; कहा- सपना पूरा हो... लड़कियों को प्रोत्साहित करें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने अपने वादे को ध्यान में रखते हुए घोषणा की थी कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट उन महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। शतरंज ग्रैंडमास्टर आर वैशाली ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सोशल मीडिया अकाउंट के जरिये लोगों को खास संदेश दिया। उन्होंने महिलाओं को उनके सपनों को पूरा करने के लिए समर्थन और प्रोत्साहन देने का एक सशक्त संदेश दिया। वैशाली छह साल की उम्र से शतरंज खेल रही हैं और शतरंज की महान खिलाड़ी और ग्रैंडमास्टर प्रज्ञानंद की बहन हैं। उन्होंने पीएम मोदी के एक्स अकाउंट पर पोस्ट कर अपनी यात्रा साझा की और युवा लड़कियों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया।


उन्होंने लिखा, वणक्कम! मैं वैशाली हूं और मैं हमारे प्रधानमंत्री थिरु नरेंद्र मोदी जी के सोशल मीडिया अकाउंट को संभालने को लेकर रोमांचित हूं और वह भी महिला दिवस के अवसर पर। जैसा कि आप में से बहुत से लोग जानते होंगे, मैं शतरंज खेलती हूं और मुझे कई टूर्नामेंटों में अपने प्यारे देश का प्रतिनिधित्व करने पर बहुत गर्व है।

## टीम इंडिया का एक ही उसूल, अगर अच्छा नहीं खेलें तो शिकायत न करें: बल्लेबाजी कोच

**दुबई, एजेंसी।** बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने शुक्रवार को कहा कि यहां लंबे समय तक रहने से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ और इस तरह की आलोचनाएं तभी शुरू हुई जब टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी के मैच जीतने शुरू किए। भारत रविवार को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। कोटक ने भारत के नेट सत्र के दौरान यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि हमें इस (पिच) से क्या फायदा मिलता है। जब हमने मैच जीत लिए तो लोगों को लगा कि भारत को फायदा मिला। मुझे नहीं पता कि इसके बारे में क्या कहूं। हम सिर्फ ड्रॉ के अनुसार खेले। कोटक ने कहा कि पिच की प्रकृति चाहे जो भी हो, टीम को मैच जीतने के लिए अच्छा क्रिकेट खेलना होगा।

उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि एक मैच में, आपको हर दिन अच्छा क्रिकेट खेलना होता है। अगर आप अच्छा नहीं खेलते हैं तो आप शिकायत नहीं कर सकते। और अगर आप अच्छा खेलते हैं तो यह कहने का कोई मतलब नहीं है कि आपको फायदा हुआ या नहीं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि हमें सिर्फ इसलिए फायदा मिल रहा है क्योंकि हम यहां अभ्यास कर रहे हैं और हम यहां मैच खेल रहे हैं।

कोटक ने मुख्य कोच गौतम गंभीर के विचार से सहमत होते ही दोहराया कि ट्रेनिंग की सुविधा और डीआईसीएस में पिचों की प्रकृति काफी अलग थी। उन्होंने कहा कि हम निश्चित रूप से अलग-अलग विकेट पर अभ्यास करते हैं। हम थोड़ी अलग पिच पर मैच खेल रहे हैं। हम सभी यह जानते हैं। सिर्फ यही चीज है कि हम यहां खेला। लेकिन ड्रॉ ऐसा ही होता है। इसलिए इसमें और कुछ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं है कि यहां आने के बाद उन्होंने कुछ बदल दिया और फायदा उठा लिया। कोटक ने इस बात को भी खारिज कर दिया कि भारत ने कुछ दिन पहले ग्रुप मैच में न्यूजीलैंड को हराने के बाद फाइनल में मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की है। सौराष्ट्र के इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मुझे



लगता है कि हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए। हमें बस कोशिश करनी चाहिए और अच्छा क्रिकेट खेलना चाहिए। पिछले मैच के बारे में सोचने का कोई मतलब नहीं है। हमें सोचना होगा कि नौ मार्च को क्या करना है।

## न्यूजीलैंड भारत को हरा सकता है!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने रविवार (9 मार्च) को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले से पहले भारत को फेवरेट बताया है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मेन इन ब्लू के पास मामूली बढ़त होगी, क्योंकि कीवी टीम मजबूत है। वह एकमात्र टीम है, को भारत को हरा सकती है। भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची। उसने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया। भारत से हारन के बाद न्यूजीलैंड ग्रुप ए में दूसरे स्थान पर रहा। उसने लाहौर में दूसरे सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका को हराकर के साथ फाइनल में जगह बनाई। आईसीसी रिव्यू में रवि शास्त्री ने कहा, अगर कोई एक टीम भारत को हरा सकती है तो वह न्यूजीलैंड है। इसलिए भारत फेवरेट पसंदीदा होगा, लेकिन मामूली अंतर से। शास्त्री ने न्यूजीलैंड के चार खिलाड़ियों को चुना, जो फाइनल में अंतर पैदा कर सकते हैं। उन्होंने रचिन रविंद्र को बेहद प्रतिभाशाली बताया। केन विलियमसन को संत की तरह स्थिर और शांत रहने के चुना। कप्तान मिचेल सैंटनर को बुद्धिमान कप्तान बताया। इसके अलावा कहा कि ग्लेन फिलिप्स एक्स-फैक्टर हो सकते हैं। शास्त्री ने विराट कोहली के मौजूदा फॉर्म को गेम चेंजर बताया। साथ ही विलियम्सन की महत्वपूर्ण मौकों को भुनाने की क्षमता की भी सराहना की।

### कोहली-विलियमसन को लेकर क्या बोले शास्त्री

शास्त्री ने कहा, अब मौजूदा फॉर्म की बात करें तो कोहली। जब विलियमसन हों या कोहली जैसे खिलाड़ी शानदार फॉर्म में होते हैं और आप उन्हें अपने पहले 10 रन बनाने देते हैं तो वे दिक्कत बन जाते हैं। न्यूजीलैंड से मैं विलियमसन का नाम लूंगा। रविंद्र शानदार युवा खिलाड़ी हैं। लेकिन जब ये खिलाड़ी परिस्थितियों का अंदाजा लगा लेते हैं और आप उन्हें फाइनल में 10-15 रन बनाने देते हैं तो वे दोगुने खतरनाक हो जाते हैं।

### रचिन रविंद्र को लेकर क्या बोले रवि शास्त्री

रचिन रविंद्र को लेकर शास्त्री ने कहा, 25 साल की उम्र में रविंद्र ने पहले ही 50 ओवर के आईसीसी टूर्नामेंट में पांच शतक लगा दिए हैं। यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। मुझे क्रीज में उनक मूवमेंट पसंद है। वह कट और स्वीप करेंगे। तेज गति से खेलेंगे और उनका टेम्परामेंट बहुत अच्छा है। आप यूं ही बड़े टूर्नामेंट में शतक नहीं बना सकते। आपके पास कुछ न कुछ होना चाहिएऔर मुझे लगता है कि वह बेहद प्रतिभाशाली है।

## भारत की बी-सी टीम भी पाकिस्तान को रौंद देगी: गावस्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैम्पियंस ट्रॉफी की मेजबान देश पाकिस्तान का सफर टूर्नामेंट में चंद दिनों के अंदर खत्म हो गया. इसके बाद से पाकिस्तान टीम को अपने ही दिगजों से आलोचना सहनी पड़ रही है. आईसीसी टूर्नामेंटों में सभी फॉर्मेट में पाकिस्तान का प्रदर्शन दोयम दर्जे का रहा है. इसके बावजूद पाकिस्तानी टीम के पूर्व हेड कोच जेसन गिलेस्पी का मानना है कि अगर सही खिलाड़ियों को चुना जाए और उनका सपोर्ट किया जाए तो वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं.

वहीं जेसन गिलेस्पी ने भारत 1द्य पाकिस्तान मैचों में कंपटीशन की कमी पर महान भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर के कमेंट्स पर निराशा व्यक्त की है. गावस्कर ने हाल ही में दावा किया था कि दुबई में आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के मुकाबले में मोहम्मद रिजवान की अगुवाई वाली टीम की हार के बाद दूसरी या तीसरी श्रेणी की भारतीय टीम पाकिस्तान की मौजूदा वन-डे टीम के लिए खतरा बन सकती है.

गिलेस्पी ने पाकिस्तान पत्रकार साज सादिक द्वारा शेयर वीडियो में कहा- मैं इस बयानबाजी से



सहमत नहीं हूं. मैंने सुनील गावस्कर के कुछ कमेंट्स देखे, इसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय की बी टीम या भारतीय की सी टीम पाकिस्तान की टीम टीम को हराएगी. यह बकवास है, पूरी तरह से बकवास है. अगर पाकिस्तान सही खिलाड़ियों को चुनता है और उन्हें चमकने, सीखने और अपने खेल को डेवलप करने का समय देता है, तो वे किसी को भी हरा सकते हैं. मुझे इस बारे में कोई संदेह नहीं है.

गिलेस्पी ने कहा- पाकिस्तानी खिलाड़ी प्रतिभावान हैं. आपको बस सही तरह की प्रतिभा चुननी है. आपको उनका समर्थन करना होगा और उनके साथ धैर्य रखना होगा. मेरी राय में पाकिस्तान क्रिकेट में धैर्यता की कमी है.

## पाकिस्तानी खिलाड़ी की आईपीएल 2026 में खेलने पर निगाहें

**कराची, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर खेलना चाहते हैं। आमिर ने कहा कि वह 2026 में आईपीएल में खेलने के लिए पात्र होंगे और अगर अवसर आएगा तो वह इसे आजमाना चाहेंगे। आमिर की पत्नी नरजिस, ब्रिटेन की नागरिक हैं और बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ब्रिटेन का पासपोर्ट मिलने की उम्मीद है। इससे उनके लिए आईपीएल में खेलने के दरवाजे खुल जाएंगे। पाकिस्तान के शो हारना मना है में आईपीएल में खेलने को लेकर सवाल पर कहा, नेक्स्ट ईयर तक मेरी अपॉर्चुनिटी बन रही अगर हुआ तो क्यों नहीं। आमिर ने यह भी खुलासा किया कि वह आरसीबी के लिए खेलना पसंद करेंगे। जब शो के होस्ट ताबिश हाशमी ने आमिर से पूछा, जब आईपीएल में खेलने के लिए पाकिस्तान में उनकी आलोचना की जाएगी तो उनकी क्या प्रतिक्रिया होगी?

### वसीम अकरम और रमीज राजा का दिया उदाहरण

आमिर ने नाम लिए बिना कहा, आईपीएल में पाकिस्तानी क्रिकेटर्स पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन हमारे पूर्व क्रिकेटर कमेंट्री कर रहे थे और फ्रेंचाइजी के कोच भी थे। वह पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम के बारे में बात कर रहे थे जो कोलकाता नाइट राइडर्स टीम के कोच थे और रमीज राजा कमेंट्री करते थे।

### विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं

आमिर ने कहा कि वह विराट कोहली का बहुत सम्मान करते हैं और वह बल्ला संजोकर रखे हुए हैं, जो भारत के इस महान खिलाड़ी ने उन्हें 2016 में कोलकाता में टी20 विश्व कप मैच से पहले दिया था। आमिर ने कहा, विराट महान हैं और प्रतिभा की प्रशंसा करते हैं। विराट ने मुझे अपना बल्ला उपहार में दिया और मैं उनके व्यवहार से अभिभूत हो गया। मैं हमेशा से उनकी बल्लेबाजी का बड़ा प्रशंसक रहा हूं और वह मेरी गेंदबाजी के। मैंने उनके बल्ले से कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।

### आरसीबी की किस्मत बदल सकते हैं आमिर

शो के आमिर के साथ अन्य एक्सपर्ट अहमद शहजाद ने कहा कि तेज गेंदबाज आरसीबी की किस्मत बदल सकता है और टीम को पहला आईपीएल खिताब दिला सकता है। आरसीबी को अपनी गेंदबाजी की समस्या को ठीक करने के लिए आमिर जैसे गेंदबाज की जरूरत है। उनके पास अच्छी बल्लेबाजी इकाई है, लेकिन हमेशा से ही एक समस्या रही है। अगर आमिर, आरसीबी के लिए खेलते हैं तो वह खिताब जीतेंगे। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से होनी है। इससे पहले जसप्रीत बुमराह को लेकर अपडेट सामने आई है। मुंबई इंडियंस के लिए झटके वाली खबर है।



संक्षिप्त समाचार

## मोदी जी को टोकने के लिए मैंने हिंदी सीखी, इसे थोपा न जाए- तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने भाषा विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा कटाक्ष किया है। रेड्डी ने कहा कि उन्होंने हिंदी इसलिए सीखी ताकि वह राजनीतिक तौर पर पीएम मोदी को चुनौती दे सकें। यह बयान ऐसे समय में आया है जब केंद्र सरकार पर हिंदी को बढ़ावा देने और क्षेत्रीय भाषाओं की उपेक्षा करने का आरोप लग रहा है। रेड्डी ने कहा, हिंदी में बोल रहा हूं ना? मुझे फायदा दिखा राजनीति में हिंदी सीखने से। मैं मोदी जी को टोक सकता हूं। उन्होंने बीजेपी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल उठाया कि अगर हिंदी को इतना जोर-शोर से बढ़ावा दिया जा रहा है, तो तेलुगु और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के लिए क्या सुविधाएं दी गई हैं। उन्होंने कहा, हिंदी हमारी राष्ट्रीय भाषा नहीं है। अगर यह वैकल्पिक हो तो किसी को आपत्ति नहीं, लेकिन इसे हम पर थोपने की कोशिश क्यों की जा रही है?

मुख्यमंत्री ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने सिविल सेवा परीक्षाओं से तेलुगु भाषा को हटा दिया है, जो क्षेत्रीय भाषाओं के प्रति उनकी उदासीनता को दर्शाता है। रेड्डी ने स्पष्ट किया कि वह हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि इसके थोपे जाने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, मैंने हिंदी सीखी और आज बोल भी रहा हूं, लेकिन तेलुगु दूसरी सबसे बड़ी बोली जाने वाली भाषा है। इसके लिए भी प्रयास होने चाहिए।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब बीजेपी पर दक्षिण भारत में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए दबाव डालने के आरोप लगे। रेड्डी ने कहा कि भाषाई विविधता का सम्मान किया जाना चाहिए और क्षेत्रीय भाषाओं को भी समान अवसर मिलना चाहिए। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर भी चर्चा छेड़ दी है, जहाँ लोग उनके तंज और भाषा नीति पर उनके रुख की सराहना और आलोचना दोनों कर रहे हैं।

## भगोड़े ललित मोदी की भारत वापसी मुश्किल! सबसे सुरक्षित देश की नागरिकता ली



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व उद्योगपति और इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के संस्थापक ललित मोदी ने वनातु की नागरिकता हासिल कर ली है। इसका मतलब है कि ललित मोदी को स्वदेश लाना अब और मुश्किल हो गया है। इसको लेकर विदेश मंत्रालय का भी रिएक्शन सामने आया है। 15 वर्ष पहले भारतीय जांच एजेंसियों की आंखों में धूल झोंककर विदेश भाग चुके ललित मोदी ने न सिर्फ भारतीय नागरिकता छोड़ने का आवदेन भारत सरकार को भेजा है बल्कि प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटे से द्वीपीय देश वनातु की नागरिकता भी ले ली है। यह बात शुक्रवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने स्वीकार की है। भारत में आर्थिक अपराध करके विदेश जाने वाले अन्य उद्योगपतियों जैसे विजय माल्या, मेहुल चोकसी और नीरव मोदी को भी स्वदेश लाने की कोशिशों का अभी तक कोई नतीजा नहीं निकल पाया है। अब विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग के पास अपनी नागरिकता छोड़ने को लेकर आवेदन भेजा है। सरकार के कानून व नियमों के हिसाब से इस पर फैसला किया जाएगा। हमें यह भी पता चला है कि उसने वनातु की नागरिकता ले ली है, लेकिन हम भारतीय कानून के मुताबिक उसे स्वदेश लाने की कोशिश जारी रखेंगे। वनातु आस्ट्रेलिया के पूर्व में स्थित एक द्वीपीय देश है। यहां सिर्फ 1.30 लाख डालर निवेश करने पर नागरिकता ली जा सकती है। अगर पति व पत्नी दोनों नागरिकता लेते हैं तो संयुक्त निवेश राशि में काफी बड़ी छूट मिलती है।

# लापरवाही की हद! एयर इंडिया ने बुजुर्ग महिला को नहीं दी व्हीलचेयर, एयरपोर्ट पर गिरी नीचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली एयरपोर्ट पर पहले से बुक करने के बावजूद एक बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर नहीं मिली। जिसके बाद उन्होंने एक रिश्तेदार की मदद से चलने की कोशिश की लेकिन वे नीचे गिर गईं और इस समय आईसीयू में भर्ती हैं। उनके दिमाग में खून बहने की संभावना है जिसकी वजह से उनकी निगरानी की जा रही है। महिला के परिवार ने बताया कि उन्होंने पहले से व्हीलचेयर सर्विस बुक की थी। बुजुर्ग एक सम्मानित लेफ्टिनेंट जनरल की विधवा हैं, उन्हें व्हीलचेयर के लिए एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा। कोई सहायता न मिलने पर, उन्होंने एक रिश्तेदार की मदद से चलने की कोशिश की, लेकिन एयरलाइन काउंटर के पास गिर गईं।

### गिरने पर फर्स्ट ऐड नहीं दी

बुजुर्ग महिला की पोती पारुल कंवर ने आरोप लगाया कि उनकी दादी को एयरपोर्ट पर कोई प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया। काफी देर बाद व्हीलचेयर मुहैया कराई गई जब उनके होंठ से खून बह रहा था और सिर में चोट लगी थी। इसके बावजूद उन्हें उपचार दिए बिना विमान में चढ़ा दिया गया। परिवार का कहना है कि वह दो दिनों से आईसीयू में





हैं और उनके शरीर के बाएं हिस्से में कमजोरी के लक्षण दिख रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कंवर ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा, आपने मेरी दादी के साथ इतना बुरा व्यवहार किया और सम्मान नहीं दिया। आपको शर्म आनी चाहिए।

### बुक करने के बावजूद नहीं मिली व्हीलचेयर

पारुल ने घटना के बारे में बताया कि कैसे परिवार ने 4 मार्च को दिल्ली से बैंगलोर की फ्लाइट के लिए व्हीलचेयर को काफी पहले से बुक कर लिया था। हालांकि, एयरपोर्ट पहुंचने पर, एयर इंडिया के कर्मचारियों, एयरपोर्ट हेल्प डेस्क और यहां तक ??कि दूसरी एयरलाइन स्टाफ से बार-बार अनुरोध करने के बावजूद, कोई व्हीलचेयर आवंटित नहीं दी गई। उन्होंने लिखा, कोई दूसरा विकल्प न होने पर, वृद्ध महिला परिवार के एक सदस्य की सहायता से धीरे-धीरे टी 3 नई दिल्ली की तीन पार्किंग लेन को पार करके पैदल चली गई। वह पैदल ही एयरपोर्ट में प्रवेश करने में सफल रही, फिर भी कोई व्हीलचेयर या सहायता नहीं की गई। आखिरकार, उनके पैरों ने जवाब दे दिया और वह एयर इंडिया के प्रीमियम इकोनॉमी काउंटर के सामने गिर गईं। किसी भी व्यक्ति ने मदद के लिए कदम नहीं बढ़ाया।

### बैंगलोर में मिली चिकित्सा सहायता

पोती ने यह भी आरोप लगाया कि गिरने के बाद भी बुजुर्ग महिला को कोई प्राथमिक उपचार नहीं दिया गया और परिवार से खुद ही चिकित्सा मदद लेने की कोशिश की। घटना के बाद व्हीलचेयर आई और बाद में बुजुर्ग महिला को विमान में चढ़ाया गया। क्रू ने आइस पैक दिए और बैंगलोर में उतरने पर चिकित्सा सहायता की व्यवस्था की, जहां उन्हें दो टांके लगे। उन्होंने लिखा, आज, मैं यहां ह्वष्ट से बैठकर यह लिख रही हूं। संभावित दिमाग में ब्लीडिंग के लिए उन्हें दो दिनों तक निगरानी में रखा गया है।

### एयर इंडिया ने दिया जवाब

परिवार ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज कराई है और आगे की कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। पारुल की पोस्ट का जवाब देते हुए एयर इंडिया ने लिखा, प्रिय सुश्री कंवर, हम इसे देखकर परेशान हैं और सुश्री पसरीचा के जल्दी स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हम इस मामले को लेकर कॉल पर कनेक्ट होना चाहते हैं और आपसे अनुरोध करते हैं कि आप अपना कॉन्टैक्ट नंबर और सुविधाजनक समय डीएम के जरिए शेयर करें।

## दिल्ली में सांड के हमले में एक व्यक्ति की मौत, दूसरा घायल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके में शुक्रवार को एक सांड के हमले में 67 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उसे सुबह करीब साढ़े छह बजे पीसीआर कॉल पर घटना के बारे में सूचना मिली। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नेहरू एन्क्लेव में एक गोदाम में सुरक्षा गार्ड अशोक कुमार रात में काम खत्म होने के बाद घर जा रहे थे तभी अलीपुर-बुधपुर रोड पर साईं बाबा मंदिर के पीछे उस पर सांड ने हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि राम लखन (60) नामक एक अन्य व्यक्ति पर भी सांड ने हमला किया। अधिकारी ने बताया, उसे मामूली चोटें आईं। राम लखन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि सांड ने पहले कुमार पर हमला किया और उसके बाद उस पर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया और सांड को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि अलीपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और शव को जांच के लिए बीजेआरएम अस्पताल भेज दिया गया है।

## जल्द होगा आम्रपाली केस का निपटारा? सुको ने कहा- अनिश्चितकाल तक नहीं चल सकता मुकदमा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि रियल एस्टेट कंपनी आम्रपाली समूह के मामले अनिश्चिकाल तक नहीं चल सकते हैं। इसके साथ ही अदालत ने इस मामले पर अपने दिए गए निर्देशों के अनुपालन की रिपोर्ट मांगी। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि अदालत 2017 से लंबित कार्यवाही पूरी करने की उम्मीद कर रही है और इसकी वजह अब तक हुआ पर्याप्त अनुपालन है। पीठ ने कोर्ट रिसीवर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी द्वारा दाखिल की गई स्टेटस रिपोर्ट पर फ्लैट खरीदारों और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का रुख भी पूछा। रिपोर्ट में बताया गया था कि एनबीसीसी ने आम्रपाली की रुकी हुई परियोजनाओं में लगभग 25 हजार फ्लैट का निर्माण पूरा कर दिया है। अदालत समय-समय पर समूह की विभिन्न परियोजनाओं में 45 हजार से ज्यादा फ्लैट



खरीदारों की परेशानियां दूर करने के लिए कई निर्देश- आदेश पारित करती रही है।

**अदालत ने फ्लैट खरीदारों से जवाब दाखिल करने को कहा:** पीठ ने फ्लैट खरीदारों के वकील एमएल लाहोटी से स्टेट रिपोर्ट पर एक सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा है। अदालत ने वेंकटरमणी और एनबीसीसी के वकील सिद्धार्थ दवे से फ्लैट खरीदारों और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जवाबों पर भी अपना जवाब दाखिल करने को कहा।

लाहोटी ने कहा कि 2019 में कोर्ट द्वारा फ्लैट खरीदारों के 3,000 से 4,000 करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में आम्रपाली समूह के सीएमडी अनिल शर्मा और अन्य अधिकारियों के खिलाफ स्वतः संज्ञान कार्यवाही शुरू की गई और पैसे लौटाने के निर्देश का पालन नहीं किया गया। स्टेटस रिपोर्ट में पैसे वापसी के आदेश पर कुछ भी नहीं है। इस पर वेंकटरमणी ने कहा, 2019 का आदेश फ्लैट खरीदारों को राहत देने के लिए रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने केंद्रित था, जिसका काफी पालन किया गया।

**क्या है स्टेटस रिपोर्ट में?:** बीते 27 फरवरी को कोर्ट रिसीवर वेंकटरमणी ने स्टेटस रिपोर्ट में कहा था कि एनबीसीसी 25 हजार फ्लैटों का निर्माण पूरा कर लिया है और डिफाल्टर खरीदों के 6,686 फ्लैट बेचकर अब तक 3,177 करोड़ रुपये जुटाए हैं।

## गैंगस्टर हाशिम बाबा की पत्नी पर कसेगा शिकंजा, जोया खान पर मकोका लगाने की तैयारी में दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाशिम अहमद उर्फ हाशिम बाबा की तीसरी बेगम जोया खान पर पुलिस का शिंकजा और कसने वाला है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल जेल में बंद गैंगस्टर की 33 वर्षीय पत्नी के खिलाफ महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में है। वरिष्ठ अधिकारियों ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। खान को 19 फरवरी को 225 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। पिछले साल हुई दो हत्याओं के मामले में भी उसकी भूमिका सामने आई है। जिसमें सितंबर में ग्रेटर कैलाश में 35 वर्षीय जिम मालिक नादिर शाह की गोली मारकर हत्या और दिसंबर में फर्श बाजार में व्यवसायी सुनील जैन की हत्या शामिल है। स्पेशल सेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अदालतों से संपर्क किया है और जल्द ही खान पर मकोका के तहत मामला दर्ज किया जाएगा। एक अधिकारी ने बताया, न केवल जोया खान बल्कि हाशिम बाबा गिरोह के सभी अन्य सदस्य भी। वे सभी जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और भगोड़े गैंगस्टर राशिद केबलवाला के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। खान और केबलवाला फर्श बाजार मामले में शामिल हमलावरों के संपर्क में थे। हमें खान के घर से एक हथियार भी मिला है और हम मामले की जांच कर रहे हैं। पुलिस मुख्यालय में तैनात एक दूसरे अधिकारी ने बताया कि मकोका का इस्तेमाल आम तौर पर संगठित अपराध, जबरन वसूली, हत्या और सशस्त्र डकैती के कई मामलों में शामिल गैंगस्टरों के लिए किया जाता है।

## भरी हुई बंदूक के साथ विमान में चढ़ा किशोर

**मेलबर्न एजेंसी।**
ऑस्ट्रेलिया में एक 17 वर्षीय किशोर भरी हुई बंदूक के साथ विमान में चढ़ गया लेकिन पायलट और दो यात्रियों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह घटना विक्टोरिया राज्य के एवलॉन हवाई अड्डे पर हुई जहां लड़के को निहत्था कर हिरासत में ले लिया गया। संदिग्ध को पकड़ने वाले यात्री बैरी क्लार्क ने बताया कि लड़के ने खुद को रखरखाव कर्मचारी बताया था और विमान के प्रवेश द्वार पर जब फ्लाइट अटेंडेंट ने उससे पूछताछ की तो वह भड़क गया। ''मैंने उस ओर देखा और एक सेकेंड के भीतर मुझे बंदूक का बैरल नजर आ गया।

पूर्व पेशेवर बॉक्सर क्लार्क ने बताया कि उन्होंने लड़के को पीछे से दबोचा और उसकी बंदूक तथा फ्लाइट अटेंडेंट को अलग-अलग दिशा में फेंक दिया ताकि गोली चलने पर कोई हताहत न हो। विक्टोरिया पुलिस अधीक्षक माइकल रीड ने मीडिया को बताया कि विक्टोरिया के बैलाराट का रहने वाला यह लड़का हवाई अड्डे की सुरक्षा बाड़ में एक छेद करके विमान की सीढ़ियों तक पहुंच गया था। रीड ने लड़के को पकड़ने का श्रेय क्लार्क, विमान के पायलट और एक अन्य यात्री को दिया।

रीड ने कहा, यह उस विमान के यात्रियों के लिए बहुत भयावह घटना रही होगी और विक्टोरिया पुलिस उन यात्रियों की बहादुरी की सराहना करती है जो उस किशोर को काबू करने में सफल रहे। सिडनी जाने वाली जेटस्टार एयरवेज फ्लाइट 610 में करीब 150 यात्री थे। घटना के बाद उड़ान रद्द कर दी गयी। जांच अपराध दस्ते द्वारा की जा रही है। पुलिस के बयान में कहा गया है कि लड़के पर कई आरोप लगाए गए हैं जिसमें विमान पर अवैध रूप से नियंत्रण करना, बम विस्फोट की अफवाह फैलाना और बंदूक रखना शामिल है। किशोर को अदालत में पेश करने के लिए हिरासत में भेज दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने कहा कि देश में हवाई अड्डों की सुरक्षा मजबूत है, लेकिन यह घटना चिंताजनक है।

## पाकिस्तान का अफगान शरणार्थियों को सख्त अल्टीमटम- 31 मार्च तक छोड़ें देश वर्ना...

**इस्लामाबाद , एजेंसी।**
पाकिस्तान सरकार ने अफगान नागरिकता कार्ड (एसीसी) धारकों से 31 मार्च तक पाकिस्तान छोड़ने का आग्रह किया है। यह कदम पाकिस्तान की योजना का हिस्सा है, जिसके तहत अवैध विदेशी नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है। एक आधिकारिक दस्तावेज में यह जानकारी दी गई है। इस दस्तावेज में यह भी संकेत दिया गया है कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में रह रहे एसीसी धारकों को अफगानिस्तान वापस भेजने का आदेश दिया गया है। यह अफगान नागरिकों के लिए बहु-चरणीय पुनर्वास योजना का हिस्सा है, जो पाकिस्तान में लंबे समय से रह रहे अफगान नागरिकों की स्थिति को सुधारने के उद्देश्य से बनाई गई है।

पाकिस्तान सरकार का यह कदम पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बिगड़ते संबंधों के संदर्भ में सामने आया है। विशेष रूप से आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के मुद्दों पर दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है, जिससे यह कदम उठाया गया। पाकिस्तान में लगभग आठ लाख से अधिक अफगान शरणार्थी हैं जिनके पास एसीसी है और वे शरणार्थी दस्तावेज़ों के तहत पाकिस्तान में रह



रहे हैं। इसके अलावा, सैकड़ों और हजारों अफगान नागरिक बिना किसी दस्तावेज़ के भी पाकिस्तान में शरण लिए हुए हैं, जिन पर इस फैसले का प्रभाव पड़ सकता है। इस योजना के तहत पाकिस्तान ने 1 नवंबर 2023 से अवैध विदेशी प्रत्यावर्तन कार्यक्रम (आईएफआरपी) लागू किया है। यह कार्यक्रम पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को वापस उनके देशों में भेजने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। इस कदम के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में अफगान नागरिक पाकिस्तान छोड़ सकते हैं। इस योजना के लागू होने के बाद पाकिस्तान सरकार को बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि अफगान नागरिकों की वापसी अफगानिस्तान में पुनर्वास के लिए नए संसाधनों और सहायता की आवश्यकता उत्पन्न करेगी।

## लेबनान के पुनर्निर्माण के लिए 11 बिलियन डॉलर की जरूरत, विश्व बैंक ने जताया अनुमान

**बेरूत, एजेंसी।** इस्राइल-हिजबुल्लाह युद्ध के बाद लेबनान के पुनर्निमाण को लेकर विश्व बैंक ने शुक्रवार को एक रिपोर्ट जारी किया। इसके तहत दावा किया जा रहा है कि 14 महीने तक चले इस्राइल-हिजबुल्लाह युद्ध के बाद लेबनान के पुनर्निर्माण और पुनर्प्राप्ति की लागत 11 बिलियन डॉलर के आसपास होने का अनुमान है। इस रिपोर्ट में 8 अक्तूबर 2023 से लेकर 20 दिसंबर 2024 तक देश भर के 10 क्षेत्रों में हुए नुकसान का आकलन किया गया है।

लेबनान को लगभग 11 बिलियन डॉलर की जरूरत

रिपोर्ट के अनुसार, लेबनान के पुनर्निर्माण के लिए 11 बिलियन डॉलर की जरूरत होगी, जिसमें से 3 से 5 बिलियन डॉलर को सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित करने की आवश्यकता होगी, जिसमें बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों को शामिल किया गया है। जबकि 6 से 8 बिलियन डॉलर के लिए निजी वित्तपोषण की आवश्यकता होगी, जो मुख्य रूप से आवास, वाणिज्य, उद्योग और पर्यटन क्षेत्रों में लगेगा।

विश्व बैंक की रिपोर्ट में नुकसान का आकलन

संघर्ष के आर्थिक प्रभावों का आकलन करते हुए, विश्व बैंक ने बताया कि लेबनान की भौतिक संरचनाओं को 6.8




बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ, जबकि उत्पादकता में कमी, राजस्व में गिरावट और परिचालन लागत के कारण 7.2 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि इस युद्ध के परिणामस्वरूप, 2024 में लेबनान का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 7.1 प्रतिशत घट जाएगा, जबकि बिना युद्ध के यह 0.9 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद थी। इससे 2019 के बाद से लेबनान की जीडीपी में 40 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है।

बता दें कि यह संघर्ष 8 अक्टूबर 2023 को हिजबुल्लाह द्वारा रॉकेट दागे जाने के बाद शुरू हुआ था, जो दक्षिणी इस्राइल में हमास के नेतृत्व में एक घातक हमले के एक दिन बाद हुआ। इसके बाद इस्राइल ने लेबनान पर गोलाबारी और हवाई हमलों के साथ प्रतिक्रिया दी, जिससे संघर्ष बढ़ता गया और अंततः यह सितंबर के अंत में पूर्ण युद्ध में बदल गया। नवंबर के अंत में अमेरिकी मध्यस्थता के साथ युद्ध विराम लागू हुआ।

**लेबनानी सेना ने इस्राइली सेना पर लगाया आरोप:** इस बीच, लेबनानी सेना ने इस्राइली सेना पर युद्ध विराम समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। लेबनानी सेना की ओर से जारी बयान में बताया गया कि इस्राइली सेना ने बिना लेबनानी अधिकारियों की अनुमति के हौला गांव में यहूदी नागरिकों को ले जाने की कोशिश की, जिसे लेबनानी राष्ट्रीय संप्रभुता का उल्लंघन माना गया।

## इजराइल ने वेस्ट बैंक से 10 भारतीय मजदूरों को छुड़ाया

**तेल अवीव, एजेंसी।**
इजराइली अधिकारियों ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों की कैद से 10 भारतीय मजदूरों को छुड़ा लिया। सभी को इजराइल लाया गया है। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, फिलिस्तीनियों ने इन भारतीयों को मजदूरी के काम का झांसा देकर इजराइल से वेस्ट बैंक के अल-जायम गांव में बुलाया था।

इसके बाद उन्हें बंधक बनाकर सभी के पासपोर्ट जब्त कर लिए थे। फिलिस्तीनी इन पासपोर्ट का इस्तेमाल कर अवैध रूप से इजराइल में घुसने की कोशिश कर कर रहे थे। इजराइली अधिकारियों ने 6 मार्च की रात वेस्ट बैंक में एक ऑपरेशन चलाकर इन सभी बंधकों को छुड़ाया। इजराइल में भारत के दूतावास ने इसकी जानकारी दी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। भारतीय दूतावास इजराइली अधिकारियों के संपर्क में हैं। टाइम्स ऑफ इजराइल के



मुताबिक, पिछले साल से अब तक करीब 16 हजार भारतीय मजदूर इजराइल पहुंचे हैं। मई 2023 में इजराइल और भारत के बीच एक श्रम समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे। इस समझौते के तहत 42,000 भारतीय मजदूरों को इजराइल में रोजगार दिया जाना था। दिसंबर 2023 में, जंग पर चर्चा के दौरान, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की थी।

